

अब हर रोज दर्पण
3


जबलपुर रविवार 20 सितंबर 2026 > शक संवत 1948, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, नवमी

वर्ष 32 अंक 83 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


**मौसम**
अधिकतम तापमान 33.8°C
न्यूनतम तापमान 23.0 °C
सूर्योदय - 5.59 | सूर्यास्त - 6.09


स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।





जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नि:शुल्क मेडिकल... 4



सामंथा की माँ इंति बंगारम का सोनी मैक्स पर... 7



किरनापुर थाना कांड और कई सवाल?... 8


## विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन जरूरी



**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि भारतीय अदालतों के सामने अब सवाल संरक्षण बनाम विकास का नहीं है, बल्कि यह है कि दोनों में सामंजस्य कैसे बिठाया जाए और उन्हें एक साथ कैसे बनाए रखा जाए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को पर्यावरणीय न्याय का बरगद का पेड़ बताया। सीजेआई ने कहा कि पर्यावरण की अनदेखी करके विकास की अनुमति देना उचित नहीं है। वे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

## बस से टकराई कार चार लोगों की मौत

**सागर।** जिले के बहेरिया थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। गढ़ाकोटा रोड स्थित चनाटोरिया के पास तेज रफ्तार बस और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला और अंदरूनी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद अनियंत्रित बस सड़क से उतरकर पास की खंती में जा गिरी। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

## केरल नौसेना अकादमी से बांग्लादेशी गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की एझिमाला नौसेना अकादमी में फर्जी कागजात से भारतीय नागरिक बनकर काम कर रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 32 साल के बिप्लब सोरेन के रूप में हुई है। वह अकादमी के लॉन्ड्री सेक्शन में कॉन्ट्रैक्ट वर्कर था। नौसेना अधिकारियों ने शुक्रवार रात उससे पूछताछ की। उसके कागजात की जांच के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, वह बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा था।

### इंदौर में 'छात्रों की गूंज' में गरजे राहुल गांधी

# छात्र नहीं अंधभक्त चाहता है सिस्टम

इंदौर

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार दोपहर इंदौर पहुंच गए। वे रीजनल पार्क के सामने मैदान में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में युवाओं, खासकर जेन-जी से रूबरू हुए। उन्हें कार्यक्रम में साढ़े पांच बजे पहुंचना था, लेकिन करीब सवा घंटे की देरी से पहुंचे। मंच पर पहुंचकर राहुल गांधी ने कहा कि स्टूडेंट को सिस्टम कैसे बनाना, कैसे सिस्टम को चैलेंज करेंगे, यही इंदौर के छात्रो के गूंज का मुद्दा है। छात्र में जिज्ञासा होती है, सवाल पूछते हैं, छात्र नफ़रत नहीं करते प्यार से बर्ताव करते हैं। छात्र निडर, दूसरी सोच को समझने की कोशिश करते हैं डराते नहीं है। ईमानदारी से देश बनता हैं और ये क्वालिटी भारत के हर युवा में है। इन्ही क्वालिटीज को सुरक्षित रखना है। स्थल पर बड़ी संख्या में युवा पहुंचे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सिस्टम छात्र नहीं




अंधभक्त चाहता है। अंधभक्त नफरत फैलाता हैं, अहंकार से भरा होता, डरपोक होता, महिलाओं का अपमान करता है झूठा होता है। सिस्टम अंधभक्त को प्यार करता हैं और प्रमोट करता है। अंधभक्त सवाल नहीं पूछता, मोदी को भगवान कहता है। नर्सिंग छात्रा यशिका डांगी ने मंच पर राहुल गांधी के साथ संवाद करते हुए कहा कि रिजल्ट में देरी से डिग्री का समय बढ़ा, भोपाल में आन्दोलन किया, सरकार को कोई मतलब नहीं। अभी भी हम 12वी पास ही कहला रहे। अस्पताल में 5 से 6 हजार की नौकरी मिल रही। राहुल गांधी बोले कि देश के सिस्टम पर कब्जा है। छह लोग टॉप पोजिशन पर बैठे हैं। लाठी, पैलेट गन चलाने का काम अमित शाह करते हैं। इनफॉर्मल मीटिंग में अजीत डोभाल कहते है 500 लोगों को कंट्रोल करने की जरूरत है, फोन टैप करवाते हैं। संघ को हजारों करोड़ रुपये कॉलेज और स्कूल चलाने के लिए देते हैं। अदानी-अंबानी सरकार की मार्केटिंग कर रहे है न्याय, शिक्षा हर जगह सिस्टम ने अपना एक आदमी बैठा रखा है। सचिन के होते हुए अमित शाह के बेटे को क्रिकेट की कुर्सी पर बैठा रखा है।

### शिक्षा लग्जरी नहीं, हक है

राहुल गांधी बोले- छात्र देश का फाउंडेशन है, शिक्षा लग्जरी नहीं हक है। सरकार की जिम्मेदारी है इफेक्टिव सिस्टम बने पहले आईआईटी आईआईएम नवोदय विद्यालय बने अब कुछ नहीं हो रहा। राहुल गांधी ने ग्राफ के जरिए समझाया कि किस तरह बजट कम हुआ। उन्होंने कहा कि सात लाख करोड़ रुपये शिक्षा में जाने थे, वो अरबपतियों के हाथ में गए, डेढ़ करोड़ स्कॉलरशिप छीनी गई है। उज्जैन की राधा मालवीय बोली पीएचडी में लाखों रुपये खर्च हो रहे, आवास भत्ता कम है बढ़ोतरी नहीं हुई ब्याज से पैसे लेकर किराया भर रहे, मकान का किराया के लिए रजिस्ट्री देना पड़ती है।

### चार राज्यों के शहरों में हो चुके कार्यक्रम

'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत इससे पहले राजस्थान के कोटा, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, उत्तराखंड के देहरादून और महाराष्ट्र के पुणे में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इसके बाद मध्यप्रदेश के इंदौर में यह छात्रों की गूंज का पांचवां आयोजन है। इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की एक खास बात इसका गैर राजनीतिक स्वरूप रखा जाना है। कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस के झंडे और चुनाव चिह्न का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंच पर राहुल गांधी अकेले रहे और सीधे युवाओं से संवाद करते रहे। कांग्रेस के अन्य नेताओं को मंच साझा नहीं कराया गया।

### धार-देवास के छात्रों ने सुनाई व्यथा

राहुल गांधी ने अपने संवाद के दौरान शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और पेपर लीक जैसे युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। धार का छात्र बोला दिल्ली से जंतर मंतर से लौट रहा था हमें कुछ लोगों ने ट्रेन से उतार दिया। बालाघाट में मिजल जैसी बीमारी हो रही लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही, सरकार पद नहीं भर रही आश्वासन दे रही। इंदौर के नेहरू हॉस्टल में रजाई गद्दे और लाइब्रेरी नहीं है। देवास का युवक बोला- दो भर्ती बोर्ड हैं। परीक्षाएं समय पर नहीं हो रहीं। अफसर ज्ञापन नहीं लेते। सीएम ने आश्वासन दिया। इंदौर आए तो पता चला हम पर एफआईआर हो गई। हम चार दिन जेल में रहे।



## उफनते नाले में बही कार, आठ की मौत

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान

आगर मालवा। मध्यप्रदेश के आगर-मालवा के नलखेड़ा में मां बगलामुखी मंदिर के पास बरसाती नाले में कार बहने से 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 बच्चे, 2 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। 7 मृतक ओडिशा के रहने वाले थे, जबकि कार ड्राइवर अरुण गोयल आगर-मालवा के बड़ौद का निवासी था। सभी श्रद्धालु उज्जैन से कार किराए पर लेकर मां बगलामुखी मंदिर दर्शन के लिए आए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। एसपी दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि हादसा रात करीब 1.30 से 3 बजे के बीच तेज बारिश के दौरान हुआ। नलखेड़ा में पिछले 24 घंटे में 3.7 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई थी। मंदिर के मुख्य द्वार से करीब 50-60 फीट दूर पुलिया के पास पानी का तेज बहाव था। कार बहने के बाद करीब 100 मीटर दूर तक चली गई, इसलिए रात में हादसे का तत्काल पता नहीं चल सका। सुबह पानी कम होने पर कार की छत दिखाई दी, जिसके बाद स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस और तहसीलदार को सूचना दी। एसडीआरएफ की मदद से कार बाहर निकाली गई और सभी शव बरामद किए गए।

### पुलिया पर था करीब चार फीट पानी

हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। अंबेडकर चौराहे पर चक्काजाम किया गया और कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से दुकानें बंद कर दीं। बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात रहे। लोगों ने पुलिया पर बैरिकेडिंग और पुलिस व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय पुलिया पर करीब 3-4 फीट पानी था और बैरिकेड्स नहीं लगे थे।

# शराबबंदी करके क्या मिला: सुप्रीम कोर्ट

### महाराष्ट्र पॉइजन्स रूल्स 1972 के नियम 18ए और 18बी रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शराबबंदी से शराब की लत और जहरीली शराब से होने वाली मौतें खत्म नहीं होतीं। कोर्ट ने कहा कि जबरन शराबबंदी, शराब की समस्या का समाधान नहीं है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि गुजरात में दशकों से शराबबंदी लागू है, लेकिन जहरीली शराब से हो रही मौतें नहीं रुकीं। मेथनॉल मिली शराब से 10 बड़े हादसों में 600 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र पॉइजन्स रूल्स, 1972 के नियम 18ए और 18बी रद्द करने का फैसला सुनाते हुए यह टिप्पणी की। इन नियमों के तहत मेथनॉल खरीदने और रखने को नियंत्रित किया गया था। गैर-दवा निर्माताओं को बिक्री से पहले मेथनॉल में रंग और कड़वा पदार्थ मिलाना जरूरी था। कोर्ट ने भावनगर, गुजरात और सागर, मध्यप्रदेश की हालिया घटनाओं का भी जिक्र किया। इनमें करीब 13 और 15 लोगों की मौत हुई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट



ने कहा कि शराब पर पूरी तरह रोक लगाने से शराब का कारोबार अंडरग्राउंड हो जाता है। इससे जहरीली शराब का चलन बढ़ता है। फैसले में कहा गया कि भावनगर, गुजरात और सागर, मध्यप्रदेश में हाल में हुई जहरीली शराब की घटनाएं अधिकारियों को फिर से जागने और कार्रवाई करने की याद दिलाती हैं।

### अवैध शराब की सप्लाई रोकने के निर्देश

बेंच ने सरकारों को कई निर्देश जारी किए। इनमें शराब की सप्लाई और मांग की कड़ी तोड़ने की जरूरत बताई गई। कोर्ट ने अवैध तरीके से शराब ले जाने पर रोक के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर निगरानी बढ़ाने को भी कहा। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम के कई स्कूल परिसर खुले मैदान होते हैं। इनका इस्तेमाल अक्सर अवैध शराब रखने के लिए किया जाता है। कोर्ट ने सरकारों को केमिकल सॉल्वेंट बनाने वाली औद्योगिक इकाइयों की निगरानी की सलाह दी। ऐसी इकाइयां इन सॉल्वेंट को अवैध रूप से शराब बनाने वालों को बेचती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मेथनॉल की ढुलाई अलग टैंकरों या कंटेनरों में की जानी चाहिए। इससे मेथनॉल की चोरी या उसकी जगह दूसरा पदार्थ भरने की संभावना खत्म होगी।

## चार हाईकोर्ट में 14 जजों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने 14 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की है। इन्हें चार हाईकोर्ट में जज और अतिरिक्त जज बनाया गया है। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान से मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। इन नियुक्तियों में निवेदिता अनिल शर्मा और निशा सहाय सक्सेना को दिल्ली हाईकोर्ट का जज बनाया गया है। वहीं, संजय शर्मा, भारत पराशर, डॉ. अदिति चौधरी, दिनेश भट्ट और अरुण भारद्वाज को दिल्ली हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया है। यश पाल बोर्नी को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट में मनोज प्रसाद, अखिल कुमार और राम शर्मा को जज नियुक्त किया गया है। वहीं, उषा रानी, केएस भरत कुमार और नेराले वी भवानी को कर्नाटक हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 20वें रोजगार मेले में 51 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। मोदी ने नए चुने कर्मचारियों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ऐसे समय में भारत सरकार से जुड़े हैं, जब देश बहुत बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। ये लक्ष्य है 2047 तक विकसित भारत बनाने का। इसमें आप जैसे युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। सरकार में रहते हुए आपको हर वो निर्णय लेना है, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के अभियान को निरंतर सशक्त करे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- देश में त्योहारों का समय शुरू हो चुका है। इन खुशियों के बीच आज



का दिन हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशी लेकर आया है। आज देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं। आज आप जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके पीछे आपकी मेहनत तो है ही। साथ ही आपके माता-पिता और आपके परिजन की भी तपस्या है। मैं आप सभी युवा साथियों को और आपके परिवारजनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। युवा होने के नाते विशेष तौर पर अन्य युवाओं के प्रति आपकी विशेष जिम्मेदारी है। भारत के युवाओं के सामर्थ्य की एक और तस्वीर हमारे स्टार्टअप इको सिस्टम में दिखाई देती है।

## 1 अक्टूबर से एलपीजी बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण जरूरी

**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी सिलिंडर लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक अक्टूबर 2026 से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सब्सिडी के साथ तय खुदरा कीमत पर घरेलू एलपीजी रिफिल बुक करने के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। सरकार के मुताबिक, 27.43 करोड़ सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ता पहले ही यह प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं। यह कुल सक्रिय उपभोक्ताओं का 89.9 प्रतिशत है। जिन लोगों ने प्रमाणीकरण करा लिया है, उन्हें अब कोई अतिरिक्त कार्रवाई नहीं करनी होगी और उन्हें पहले की तरह एलपीजी रिफिल मिलता रहेगा। एक अक्टूबर 2026 से सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी रिफिल की बुकिंग के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण जरूरी होगा।

# बोत्सवाना की मादा चीता गांधीसागर में भरेगी फर्राटे

### मध्यप्रदेश में तेजी से फल-फूल रहा प्रधानमंत्री मोदी का प्रोजेक्ट चीता

भोपाल (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'प्रोजेक्ट चीता' मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लगातार फल-फूल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बोत्सवाना से भारत लाई गई चीता सीसीबी2 को गांधीसागर अभयारण्य के जंगलों में विमुक्त करेंगे। नई मादा चीता के गांधीसागर पहुंचने के साथ अभयारण्य में 2 नर और 2 मादा सहित कुल 4 चीते हो जाएंगे। इससे गांधीसागर में चीता संरक्षण एवं पुनर्स्थापना के प्रयासों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सीसीबी2 की यह यात्रा प्रोजेक्ट चीता के निरंतर विस्तार और भारत में चीतों की विरासत को आगे बढ़ाने की कहानी है। बोत्सवाना से भारत और फिर कूनो से गांधीसागर तक उसका



सफर एक नई वन्य पारिस्थितिकी में चीता संरक्षण के अगले अध्याय की शुरुआत करेगा। गांधी सागर अभयारण्य में चीते प्रभाष, पावक और धीरा बोत्सवाना के घांजी से 28 फरवरी 2026 को भारत में श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाई गई नई मादा चीता सीसीबी2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो भारत में चीतों की नई पीढ़ी की उम्मीद बनकर आई है। क्वारंटीन पीरियड पूरा करने के बाद सीसीबी2 को मई 2026 में कूनो के जंगल में फर्राटे भरने के लिये विमुक्त किया गया। अब उसे कूनो राष्ट्रीय उद्यान से गांधीसागर अभयारण्य स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां वह तीन अन्य चीतों के साथ रहेगी।

# 'नेपाल त्रासदी से भी बड़ी तबाही का डर'

### वैज्ञानिकों ने चेताया : पूरे हिमालय पर मंडरा रहा आपदा का खतरा

नई दिल्ली

तिब्बत में ग्लेशियर ढहने और उसके बाद नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ ने पूरे हिमालय क्षेत्र के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। विज्ञानियों का कहना है कि यह किसी एक देश तक सीमित समस्या नहीं है। हिंदुकुश हिमालय में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और लंबे समय से जमी जमीन यानी पर्माफ्रोस्ट भी अस्थिर हो रही है। इससे भूस्खलन, ग्लेशियल झीलों के फटने और अचानक आने वाली विनाशकारी बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। इस पूरे क्षेत्र में करीब 200 करोड़ लोग रहते हैं। 26 अगस्त की नेपाल और तिब्बत की आपदा के तीन सप्ताह बाद तक करीब 8,000 लोगों के मारे जाने या लापता होने की बात सामने आई है। विशेषज्ञों ने हिमालयी देशों से साझा पहाड़ों और नदियों की निगरानी बढ़ाने, डाटा साझा करने तथा समय रहते चेतावनी और सुरक्षित स्थानों पर लोगों को पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत करने की अपील की है। नार्वे सरकार की शोध विज्ञानी मिरियम जैक्सन के अनुसार,



क्रायोस्फीयर यानी धरती के जमे हुए हिस्से में बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सीमाओं से परे आंकड़ों और सूचनाओं का आदान-प्रदान बढ़ाना जरूरी है, क्योंकि आने वाले समय में ऐसी आपदाएं और देखने को मिल सकती हैं। 'सिस्टेमिक' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 200 ग्लेशियल झीलों के किनारों के टूटने का खतरा अधिक है। इनमें 56 झीलें बेहद संवेदनशील श्रेणी में हैं। उत्तराखंड में 2021 में और सिक्किम में 2023 में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। विज्ञानियों का कहना है कि हर ग्लेशियर की निगरानी करना संभव नहीं है। इसलिए उन क्षेत्रों को प्राथमिकता देनी होगी, जहां ग्लेशियरों के नीचे बड़े बांध, कस्बे या गांव हैं। उपग्रहों, जमीन पर लगाए गए सेंसर और रडार इंटरफेरोमेट्री जैसी तकनीकों से पहाड़ों की हलचल, हिमस्खलन और ग्लेशियल झीलों के फटने के संकेत पहले ही मिल सकते हैं।

### 40 हजार ग्लेशियर, निगरानी सिर्फ 21 की

पर्यावरण सलाहकार संस्था 'सिस्टेमिक' की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक हिंदुकुश हिमालय क्षेत्र में करीब 40,000 ग्लेशियर हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 21 की ही पर्याप्त निगरानी हो रही है। यह विशाल पर्वतीय क्षेत्र अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान तक फैला है। विज्ञानियों के अनुसार जलवायु परिवर्तन इस पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। 2023 की एक रिपोर्ट में पाया गया था कि 2010-19 के दौरान हिंदुकुश हिमालय के ग्लेशियर पिछले दशक की तुलना में 65 प्रतिशत ज्यादा तेजी से पिघले। इससे भी चिंताजनक बात यह है कि अगर वैश्विक तापमान वृद्धि को औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित भी रखा जाए, तब भी इस सदी के अंत तक हिंदुकुश हिमालय के करीब एक-तिहाई ग्लेशियर खत्म हो सकते हैं।

# सतना में दिशा सूचक बोर्ड बने अवैध कमाई का अड्डा





### विज्ञापन कंपनी और नेताओं के प्रचार में लगा है प्रशासन

### जिम्मेदार बने अनजान शहर में जगह-जगह नियमों की खुलेआम धज्जियां

**सतना (स्वतंत्र मत)।** सतना शहर की सड़कों पर लगे दिशा सूचक बोर्ड अब लोगों को रास्ता दिखाने के बजाय विज्ञापन कंपनी और नेताओं का प्रचार करने का जरिया बन गए हैं। शहर के हर प्रमुख चौराहे, तिराहे और मुख्य मार्गों पर लगे सरकारी दिशा सूचक बोर्डों पर बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स और नेताओं के पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं जिसे देखने वाला नगर निगम में कोई जिम्मेदार नहीं है। यह पूरी तरह से अवैध है, लेकिन निगम की मिलीभगत से यह गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है। नगर पालिक निगम सतना द्वारा लाखों रुपए खर्च कर शहर में लोगों की सुविधा के लिए दिशा सूचक साइन बोर्ड लगाए गए थे ताकि बाहर से आने वाले लोगों को अस्पताल रेलवे स्टेशन बस स्टैंड कलेक्ट्रेट का रास्ता आसानी से मिल सके। लेकिन वर्तमान में इन बोर्डों पर दिशा तो कहीं दिखाई ही नहीं देती सिर्फ निजी कोचिंग अस्पताल रियल एस्टेट कंपनियों और राजनीतिक दलों के नेताओं के मुस्कुराते हुए चेहरे दिखाई देते हैं।

### नियमों की उड़ रही धज्जियां

नियमानुसार किसी भी शासकीय दिशा सूचक बोर्ड, बिजली के खंभे और शासकीय संपत्ति पर निजी विज्ञापन लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी शहर में अवैध होर्डिंग्स की बाढ़ आ गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्डों के कारण दिशा सूचक पर लिखा नाम पूरी तरह ढक जाता है। रात के समय तेज रोशनी वाले इन बोर्डों से वाहन चालकों की आंखें चौंधिया जाती हैं, जिससे सड़क हादसे का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब नगर निगम के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और विज्ञापन एजेंसियों की मिलीभगत से हो रहा है। विज्ञापन कंपनियां बिना किसी अनुमति के सरकारी बोर्डों पर कब्जा कर लाखों रुपए की अवैध वसूली कर रही हैं, और नगर निगम का राजस्व विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

### नेताओं का संरक्षण कार्रवाई से बच रही कंपनियां

चर्चा है कि इन अवैध विज्ञापन बोर्डों को कई रसूखदार नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। इसीलिए नगर निगम का अमला इन बोर्डों को हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों जैसे रीवा रोड नागौद रोड, बिरला रोड, सेमरिया चौक कोलगवां चौक में यह नजारा आम है। 1 साल पूर्व हुई थी करवाई लेकिन फिर उसी तरह दिशा सूचक बोर्ड पर होडिंग पोस्ट लगा दिए गए हैं। शहर के जागरूक नागरिकों ने इस मामले में आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा से हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों की मांग है कि तत्काल सभी दिशा सूचक बोर्डों से अवैध विज्ञापन हटाए जाएं दोषी विज्ञापन कंपनियों पर भारी जुर्माना लगाया जाए और इसमें संलिप्त निगम के कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी।



## मानसी का सुयश

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** गांव की होनहार एवं अपने लक्ष्य के प्रति तल्लीनता से समर्पित बेटी मानसी सोनी पिता गिरीश चंद सोनी निवासी केशवाही शहडोल ने सहायक प्राध्यापक बनने हेतु जूनियर रिसर्च फेलोशिप (छ्वक्रन्न) की परीक्षा 99.98 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर पूरे परिवार व अपने ईष्ट मित्रों सहित क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि भरी खबर सुनते ही लोगों में खुशी की लहर है। ज्ञातव्य हो कि सुश्री मानसी सोनी रसमोहनी निवासी डॉ. सूरज सोनी की भतीजी हैं। अभी हाल ही में डॉ. सूरज सोनी की सुपुत्री ने सहायक प्राध्यापक की परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे ग्राम व जिले को गौरवान्वित किया है। उक्त दोनों बेटियों की उपलब्धि भरी खबर से समूचे क्षेत्र के लोग अति प्रसन्न हैं। तथा सभी लोगों ने उन्हें व उनके माता-पिता को फोन कर बधाई प्रेषित कर रहे हैं। बेटी मानसी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और अपने गुरुजनों को दिया है।



## गणपति महोत्सव, महाआरती विसर्जन एवं भंडारे का भव्य आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, नवलपुर, शाहडोल के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों, एग्रीगणों द्वारा भगवान श्री गणेश की आराधना एवं मंगलकामना के उद्देश्य से आयोजित गणपति महोत्सव का श्रद्धा, उत्साह एवं उमंग के साथ भव्य समापन हुआ। गणपति स्थापना से लेकर महाआरती, विसर्जन एवं भंडारे तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गणपति महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित महाआरती एवं भंडारे में विश्वविद्यालय परिवार के बड़ी संख्या में शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने भगवान श्री गणेश की महाआरती में सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, डॉ. ममता प्रजापति की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पूरे आयोजन को अनुशासन, समन्वय, सेवा-भाव एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया।

## ग्रीष्मावकाश में जनगणना ड्यूटी, अब अर्जित अवकाश के आदेश का इंतजार

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण का कार्य जिले में 1 मई से 30 मई 2026 तक कराया गया था। इस दौरान ग्रीष्मावकाश की अवधि में बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई थी। शिक्षकों ने अवकाश के दौरान अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए निर्धारित अवधि में मकान सूचीकरण सहित जनगणना से संबंधित कार्य संपादित किया, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद अब वे नियमानुसार मिलने वाले अर्जित अवकाश के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

**अवकाश अवधि में कराई गई थी ड्यूटी**-शिक्षकों का कहना है कि जनगणना कार्य के लिए उनकी ड्यूटी ऐसे समय में लगाई गई थी, जब विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश चल रहा था। इसके बावजूद शिक्षकों ने शासन द्वारा सौंपे गए महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया। अब शिक्षकों को उम्मीद है कि अवकाश अवधि में किए गए इस अतिरिक्त कार्य के एवज में उन्हें नियमानुसार अर्जित अवकाश का लाभ प्रदान किया जाएगा।

**आदेश जारी नहीं होने से अटका लाभ**-शिक्षकों के अनुसार जनगणना कार्य पूर्ण हुए कई माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक जिला प्रशासन की ओर से अर्जित अवकाश की पात्रता को लेकर स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है। इसके चलते संबंधित शिक्षक अर्जित अवकाश का लाभ लेने से वंचित हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब तक जिला स्तर से पात्रता एवं अवकाश प्रदान करने संबंधी आदेश जारी नहीं होता, तब तक विभागीय स्तर पर भी आगे की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

**शिक्षकों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार**-जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में ग्रीष्मावकाश के दौरान ड्यूटी करने वाले शिक्षकों ने जिला प्रशासन से इस मामले में शीघ्र पहल करने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अवकाश के दौरान अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभाई है। ऐसे में उन्हें नियमानुसार मिलने वाले अर्जित अवकाश के लाभ के लिए अनावश्यक रूप से इंतजार नहीं करना पड़े। शिक्षकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य के दौरान ग्रीष्मावकाश में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों की पात्रता के संबंध में जल्द आदेश जारी करे तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं।

## बीटीआई मैदान में गूंजा सेवा का संकल्प: 354 दिव्यांगों को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

### सांसद गणेश सिंह के 11 वर्षों के अनवरत प्रयास से अब तक 22,319 दिव्यांगों को 11 करोड़ के उपकरण वितरित

### ओएनजीसी के सहयोग से 590 ट्राईसाइकिल का होगा वितरण





**सतना (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से सेवा ही संगठन के मंत्र को साकार करते हुए आज बी.टी.आई. मैदान सतना में सेवा संकल्प अभियान के तहत नि:शुल्क दिव्यांग सेवा एवं श्रमिक सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन उत्थान सेवा फाउंडेशन ह्हत्रष्ट अनुपमा एजुकेशन सोसायटी सतना तथा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम एवं रोजगार विभाग के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जी रहे। अध्यक्षता सतना सांसद गणेश सिंह जी ने की।

**22,319 उपकरण वितरित कीमत 11 करोड़ से अधिक**-इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा पर वर्ष 2016 से लगातार अब तक 22,319 उपकरण मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के साथ दिव्यांगों को नि:शुल्क वितरित किए जा चुके हैं जिनकी कुल कीमत लगभग 11 करोड़ रुपये से अधिक है। सांसद सिंह लगातार 11 वर्षों से अनवरत दिव्यांग सेवा का यह पुनीत कार्य कर रहे हैं, जो पूरे प्रदेश में एक मिसाल है। उन्होंने इस नेक कार्य में सहयोग के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं उत्थान सेवा फाउंडेशन ह्हत्रष्ट अनुपमा सोसायटी एवं महावीर विकलांग सहायता समिति के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

**590 ट्राईसाइकिल का लक्ष्य, प्रथम चरण में 354 का वितरण**-आज सेवा संकल्प अभियान के तहत ह्हत्रष्ट की ष्टस्क्र मद से कुल 590 ट्राईसाइकिल तथा अन्य सहायक उपकरण दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। जिसमें प्रथम चरण में आज 354 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं अन्य उपकरण वितरित किए गए। जैसे ही शेष ट्राईसाइकिलें प्राप्त होंगी, उन्हें भी शीघ्र ही हितग्राहियों को वितरित किया जाएगा। ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। हितग्राहियों ने कहा कि इस ट्राईसाइकिल से उनका जीवन आसान होगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी , चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार जी, भाजपा जिलाध्यक्ष सतना भगवती प्रसाद पाण्डेय भाजपा जिलाध्यक्ष मैहर श्री कमलेश सुहाने महापौर योगेश ताम्रकार पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह महाप्रबंधक नीरज कुमार बंसल श्रीमती शैला अग्रवाल तिवारी जी भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सुभाष गुर्जर जी एवं उत्थान सेवा फाउंडेशन के उमेश प्रताप सिंह जी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 126 मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कूटी, डिंडौरी में 1.18 करोड़ से अधिक का वितरण

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से स्कूटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेशभर में 74 हजार से अधिक विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिया गया। डिंडौरी जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 126 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई। विद्यार्थियों को लगभग 1 करोड़ 18 लाख 20 हजार रुपये की राशि से स्कूटी का लाभ मिला। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसके बाद मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पात्र मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की। स्कूटी मिलने के बाद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में उत्साह नजर आया। स्कूटी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि इससे विद्यालय आने-जाने में सुविधा



होगी। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों के लिए आवागमन आसान होने के साथ पढ़ाई के लिए भी अधिक समय मिल सकेगा। विद्यार्थियों ने शासन की इस पहल को अपनी मेहनत के लिए प्रोत्साहन बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते ने कहा कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। विद्यालयों में फर्नीचर के साथ कंप्यूटर लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी का वितरण उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने वाली पहल है।शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि डिंडौरी जिले में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। जिले में 79 हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं, जहां विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में कंप्यूटर, लैब सहित आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन की ओर से पहले लैपटॉप के लिए राशि उपलब्ध कराई गई और अब मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी दी जा रही है।

## राशि बचाने के चक्कर में घटिया निर्माण नहीं चलेगा! कलेक्टर के सख्त निर्देश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित निर्माण एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राशि की बचत के नाम पर निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाए और भवनों का निर्माण इस तरह हो कि वे लंबे समय तक टिकाऊ एवं उपयोगी बने रहें। उन्होंने नवीन भवनों में पानी की टंकी एवं स्टैंड, छत की नियमित साफ-सफाई, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण और उसके उचित प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में कलेक्टर ने सभी नवीन भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## एक घंटे की खुदाई, पूरे दिन की हाजिरी! कंचनपुर में रोजगार गारंटी योजना (जी राम जी) पर गंभीर सवाल

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर में रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कंटूर गड्ढा खुदाई कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कार्यस्थल पर मजदूरों से सुबह करीब 10 से 11 बजे तक ही काम कराया जा रहा है। इसके बाद मजदूरों को वापस भेज दिया जाता है, जबकि उनकी पूरे दिन की हाजिरी दर्ज किए जाने का आरोप है।दरअसल ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रोजगार गारंटी के कार्य में रोजगार सहायक, सरपंच, सचिव और मेट की कथित मिलीभगत से मस्टर रोल में फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज की जा रही है। उनका कहना है कि यदि कार्यस्थल की वास्तविक स्थिति, मजदूरों की उपस्थिति, मस्टर रोल और मजदूरी भुगतान के रिकॉर्ड की जांच की जाए तो स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम कंचनपुर में रोजगार गारंटी योजना से जुड़े कार्यों को लेकर पहले भी अनियमितताओं के आरोप सामने आते रहे हैं।

## रिलायंस सीबीएम परियोजना द्वारा जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बुढार (स्वतंत्र मत)।** केन्द्र सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत रिलायंस की कोल बेड मीथेन (सी.बी.एम.) परियोजना क्षेत्र के समस्त ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियां पूरे उल्लास के साथ आयोजित की जा रही हैं, और कार्यक्रम की श्रंखला में हाई स्कूल सेमरा तथा कटकोना कन्या शिक्षा परिसर में स्वच्छता संवाद और चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयीन छात्रों ने पूरे उल्लास के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता निभायें। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य यह है कि - ग्रामीण जनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को और अधिक प्रभावी बनाया जाये। स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को



किया गया और यह अभियान 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक विविध कार्यक्रमों के मध्य अनवत चलेगा, इस अभियान के दौरान स्वच्छता अभियान, स्वच्छता संवाद, जागरूकता सत्र, स्वच्छता शपथ तथा विद्यार्थियों के लिये चित्र कला प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिसमें पंचायत क्षेत्र के नागरिकों, ग्राम पंचायतों के सरपंच, तथा जनपद क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षार्थीयो तथा रिलायंस के अधिकारी व कर्मचारी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

**हाई स्कूल सेमरा में स्वच्छता संवाद और कला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन** -०स्वच्छता अभियान के तहत हाई स्कूल सेमरा में स्वच्छता संवाद एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिलायंस कोल बेड मीथेन परियोजना के साइट हेड राजेश वर्मा ने विद्यार्थियों, विद्यालय स्टाफ एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में संबोधित किया।उन्होंने कहाकि - स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में देशव्यापी स्वच्छता अभियानों की महत्वपूर्ण भूमिंका रही है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता विषय पर बनाई गई चित्रकृतियों की सराहना करते हुये कहाकि - बच्चों की रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश परिवार और समाज तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है।ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक सज्जन पांडे ने भी संबोधित किया और स्वच्छता की दिशा में रिलायंस की सार्थक पहल को ग्राम विकास एवं सामुदायिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के उद्देश्य एवं गतिविधियों की रूपरेखा डॉ. समीम ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वच्छता अभियान के तहत सेमरा एवं कन्या शिक्षा परिसर, कटकोना में स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ एवं चित्र कला प्रतियोगिताओं में 5 सौ से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश परिवार एवं जन समुदाय तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।स्वच्छता अभियान के तहत सामुदायिक सहभागिता से अभी तक 18 सार्वजनिक शौचालयों एवं पेयजल इकाइयों की साफ-सफाई की गई और इन गतिविधियों में ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहयोग प्रदत्त किये। अभियान में रिलायंस के कर्मचारी भी स्वयंसेवकों के रूप में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं, वहीं कर्मचारी ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता गतिविधियों में योगदान देने के साथ दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी व्यवहार अपनाने के लिये जन समुदाय को प्रेरित कर रहे हैं। स्वयं स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेकर वे 'स्वच्छता पहले स्वयं से' का संदेश भी दे रहे हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में रिलायंस की ओर से स्वाति शर्मा, रावेद्र गुप्ता तथा रिलायंस सामाजिक उत्तरदायित्व टीम के अश्वनी शर्मा, अपूर्वा टप्पो एवं अभिलाष तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिंका रही।

# कॉमर्स से 12वीं के बाद सीए ही नहीं, करियर के कई रास्ते

12वीं कॉमर्स के बाद विद्यार्थियों के सामने करियर के कई विकल्प होते हैं। सीए लोकप्रिय विकल्प जरूर है, लेकिन यह एकमात्र रास्ता नहीं है। विद्यार्थी अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार अकाउंटिंग, फाइनेंस, मैनेजमेंट, बैंकिंग, कानून, अर्थशास्त्र, हॉस्पिटैलिटी और डिजिटल बिजनेस जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं।

## बीकॉमः कॉमर्स की मजबूत नींव

**योग्यता** – मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण। कई कॉलेजों में कॉमर्स विषय को प्राथमिकता दी जाती है।

**प्रवेश प्रक्रिया** – विश्वविद्यालय या कॉलेज की मेरिट सूची अथवा प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश।

**करियर** – अकाउंटिंग, बैंकिंग, फाइनेंस और टैक्सेशन। आगे सीए, सीएस, सीएमए, एमबीए आदि के विकल्प भी खुले रहते हैं।

## बीबीएः बिजनेस और मैनेजमेंट

**योग्यता** – 12वीं उत्तीर्ण; कुछ संस्थानों में न्यूनतम प्रतिशत निर्धारित होता है।

**प्रवेश प्रक्रिया** – मेरिट या संस्थान/विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश।

**करियर** – मार्केटिंग, मानव संसाधन, फाइनेंस, सेल्स और बिजनेस मैनेजमेंट। आगे एमबीए भी किया जा सकता है।

## सीएसः कंपनी सचिव

**योग्यता** – 12वीं के बाद विद्यार्थी सीएस के निर्धारित स्तर से शुरुआत कर सकते हैं।

**प्रवेश प्रक्रिया** – संबंधित प्रोफेशनल संस्थान की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर निर्धारित परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होती हैं।

**करियर** – कंपनी कानून, कॉरपोरेट अनुपालन और कंपनी प्रशासन।




## सीएमएः लागत एवं प्रबंधन लेखांकन

योग्यता – 12वीं के बाद सीएमए के निर्धारित प्रवेश स्तर में पंजीकरण किया जा सकता है।

प्रवेश प्रक्रिया – संबंधित संस्थान में पंजीकरण और निर्धारित परीक्षाओं को पास करना होता है।

करियर – लागत प्रबंधन, वित्तीय योजना, बजट और कॉरपोरेट फाइनेंस।

## इकोनॉमिक्स और फाइनेंस

**योग्यता** – 12वीं उत्तीर्ण; कुछ विश्वविद्यालयों में गणित या न्यूनतम प्रतिशत की शर्त हो सकती है।

**प्रवेश प्रक्रिया** – मेरिट या विश्वविद्यालय/कॉमन प्रवेश परीक्षा के जरिए प्रवेश।

**करियर** – बैंकिंग, वित्त, रिसर्च, नीति और आर्थिक विश्लेषण।

## बैंकिंग और इंश्योरेंस

**योग्यता** – 12वीं के बाद संबंधित स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश।

**प्रवेश प्रक्रिया** – कॉलेज की मेरिट या प्रवेश परीक्षा के आधार पर।

**करियर** – बैंक, बीमा कंपनियां, वित्तीय संस्थान और ग्राहक सेवा क्षेत्र।

## 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एलएलबी

**योग्यता** – 12वीं उत्तीर्ण। न्यूनतम प्रतिशत और अन्य शर्तें संस्थान के अनुसार अलग हो सकती हैं।

**प्रवेश प्रक्रिया** – विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय स्तर की कानून प्रवेश परीक्षा या संस्थान की निर्धारित प्रक्रिया।

**करियर** – कॉरपोरेट लॉ, लीगल कंसल्टिंग, न्यायिक सेवाओं की तैयारी और वकालत।

## होटल मैनेजमेंट

**योग्यता** – 12वीं उत्तीर्ण। कुछ संस्थानों में न्यूनतम प्रतिशत की शर्त होती है।

**प्रवेश प्रक्रिया** – संस्थान की प्रवेश परीक्षा, मेरिट या निर्धारित चयन प्रक्रिया।

**करियर** – होटल, रिसॉर्ट, पर्यटन, एयरलाइन और इवेंट मैनेजमेंट।

## डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स

**योग्यता** – 12वीं के बाद डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स किए जा सकते हैं।

**प्रवेश प्रक्रिया** – संस्थान के अनुसार मेरिट, प्रवेश परीक्षा या सीधे प्रवेश का विकल्प हो सकता है।

**करियर** – डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया, ई–कॉमर्स, कंटेंट और ऑनलाइन बिजनेस।

# यूपीएससी आईएफएस मेंसः 22 नवंबर से शुरू होगी मुख्य परीक्षा

**यूपीएससी आईएफएस मेंस : टाइम-टेबल**

| तारीख | दिन | पहली पाली | दूसरी पाली |
|---|---|---|---|
| 22 नवंबर 2026 | रविवार | सामान्य अंग्रेजी | सामान्य ज्ञान |
| 23 नवंबर 2026 | सोमवार | गणित पेपर-1, प्राणि विज्ञान पेपर-1 | गणित पेपर-2, प्राणि विज्ञान पेपर-2 |
| 25 नवंबर 2026 | बुधवार | सिविल इंजीनियरिंग, रासायनिक इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग | सिविल इंजीनियरिंग, रासायनिक इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग |
| 26 नवंबर 2026 | गुरुवार | कृषि इंजीनियरिंग, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान, वनस्पति रसायन विज्ञान | कृषि इंजीनियरिंग, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान, वनस्पति रसायन विज्ञान |
| 27 नवंबर 2026 | शुक्रवार | कृषि पेपर 1, वानिकी पेपर 1 | कृषि पेपर 2, वानिकी पेपर 2 |
| 28 नवंबर 2026 | शनिवार | भौतिकी पेपर-1 | भौतिकी पेपर-2 |
| 29 नवंबर 2026 | रविवार | भूविज्ञान पेपर 1, सांख्यिकी पेपर 1 | भूविज्ञान पेपर 2, सांख्यिकी पेपर 2 |

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की भारतीय वन सेवा मुख्य परीक्षा 2026 का कार्यक्रम जारी हो गया है। परीक्षा 22 नवंबर से 29 नवंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। आईएफएस मुख्य परीक्षा 2026 कुल आठ दिनों की अवधि में आयोजित होगी। परीक्षा हर दिन दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगी। 24 नवंबर को कोई परीक्षा नहीं होगी। इस दिन राजपत्रित अवकाश है।

**सामान्य अंग्रेजी से होगी शुरुआत**– मुख्य परीक्षा की शुरुआत 22 नवंबर को सामान्य अंग्रेजी के पेपर से होगी। यह पेपर सुबह की पाली में होगा। इसी दिन दोपहर की पाली में सामान्य ज्ञान का प्रश्नपत्र आयोजित किया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 23 नवंबर को गणित और प्राणि विज्ञान के अभ्यर्थियों के लिए दोनों पेपर होंगे।

**29 नवंबर को अंतिम प्रश्नपत्र**– 28 नवंबर को भौतिकी के दोनों पेपर होंगे। भौतिकी पेपर–1 सुबह और पेपर–2 दोपहर की पाली में आयोजित किया जाएगा। 29 नवंबर को परीक्षा का अंतिम दिन होगा। सुबह की पाली में भूविज्ञान पेपर–1 और सांख्यिकी पेपर–1 तथा दोपहर की पाली में दोनों विषयों के पेपर–2 होंगे।

# असफलता ही सफलता की असली सीढ़ी है

प्रिय बच्चों,

जब भी हम किसी कार्य में असफल होते हैं, तो हमारा मन उदास हो जाता है। हमें ऐसा महसूस होने लगता है कि हमारी मेहनत बेकार हो गई और हम किसी योग्य नहीं हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि क्या महान वैज्ञानिक, खिलाड़ी या उद्यमी पहली बार में ही सफल हो गए थे? बिल्कुल नहीं! इतिहास गवाह है कि दुनिया के हर महान व्यक्ति ने सफलता के शिखर पर पहुँचने से पहले असफलता के कड़वे घूंट पिए हैं। इसलिए यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है कि असफलता ही सफलता की असली सीढ़ी है।




## सफलता का अर्थ हार नहीं है

अक्सर हम असफलता और हार को एक ही मान लेते हैं, जबकि दोनों में जमीन–आसमान का अंतर है। हार तब होती है जब आप मैदान छोड़कर भाग जाते हैं और दोबारा प्रयास करना छोड़ देते हैं। इसके विपरीत, असफलता केवल यह बताती है कि आपके प्रयास में कहीं कोई कमी रह गई थी या आपकी रणनीति में सुधार की आवश्यकता थी। असफलता आपको वह सीख देती है जो कोई किताब या शिक्षक नहीं सिखा सकता। यह आपको बताती है कि भविष्य में उस गलती को दोबारा कैसे नहीं दोहराना है। जब आप गिरकर दोबारा खड़े होते हैं, तो आपका आत्मविश्वास और मानसिक बल पहले से कहीं अधिक मजबूत हो जाता है।

## इतिहास के प्रेरणादायक उदाहरण

यदि थॉमस अल्वा एडिसन ने बिजली का बल्ब बनाने से पहले हज़ारों बार असफलता का सामना न किया होता, तो शायद आज हमारी दुनिया अंधेरे में डूबी होती। जब उनसे पूछा गया कि बार–बार असफल होने के बाद भी उन्होंने हार क्यों नहीं मानी, तो उनका जवाब था, मैंने हजारों ऐसे तरीके खोजे हैं जिनसे बल्ब नहीं बनाया जा सकता। ठीक इसी प्रकार, महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी अपने शुरुआती मैचों में कई बार जल्दी आउट हुए और असफल रहे, लेकिन उन्होंने अपनी कमियों को पहचाना, उन पर कड़ी मेहनत की और क्रिकेट के भगवान बने।

## बच्चों के लिए सफलता के चार मूल मंत्र

**1 सकारात्मक सोच रखें** – असफलता को अपने ऊपर हावी न होने दें, बल्कि इसे एक नई चुनौती के रूप में स्वीकार करें।

**2 कमियों की समीक्षा करें** – बैठकर सोचें कि गलती कहां हुई और उसे सुधारने के लिए अपने शिक्षकों या माता–पिता की सलाह लें।

**3 निरंतर प्रयास करें** – कोशिश करना कभी न छोड़ें। लगातार अभ्यास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

**4 धैर्य बनाए रखें** – किसी भी बड़े लक्ष्य को पाने में समय लगता है। रातों–रात कोई महान नहीं बनता।

अंत में, मैं यही कहूँगी कि असफलता से डरना बंद कीजिए। यह मत सोचिए कि लोग क्या कहेंगे, बल्कि यह सोचिए कि आप अपनी गलतियों से क्या सीख रहे हैं। जो बच्चा या इंसान गिरना और संभलना सीख जाता है, उसे मंजिल पाने से कोई नहीं रोक सकता। आपकी हर असफलता आपको सफलता के एक कदम और करीब ले जाती है।



अनुपमा पटेल

**शिक्षक**
**बाबू मनमोहनदास हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, दीक्षितपुरा जबलपुर।**

# आरआरबी पैरामेडिकल भर्ती, 590 पदों पर मौका

## 12वीं पास से बीएससी तक के लिए आवेदन

रेलवे भर्ती बोर्ड ने पैरामेडिकल स्टाफ के 590 पदों पर भर्ती निकाली है। इनमें नर्सिंग अधीक्षक, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर, ईसीजी टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट, लैब असिस्टेंट सहित 9 पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर से 14 अक्टूबर 2026 तक किए जा सकते हैं।

**योग्यता**– पद के अनुसार 12वीं, डिप्लोमा, बीएससी या संबंधित तकनीकी योग्यता मांगी गई है। नर्सिंग अधीक्षक के लिए बीएससी नर्सिंग/जीएनएम, फार्मासिस्ट के लिए फार्मेसी डिग्री या डिप्लोमा व पंजीकरण तथा रेडियोग्राफर के लिए संबंधित डिप्लोमा जरूरी है। अन्य पदों के लिए संबंधित विषय में डिग्री/डिप्लोमा या प्रमाणपत्र आवश्यक है।

**आयु सीमा**– 1 जनवरी 2027 को पद के अनुसार न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 33 से 40 वर्ष तक निर्धारित है। आयु की गणना मैट्रिक/एसएसएलसी प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर होगी।

**आवेदन शुल्क**– सामान्य वर्ग के लिए 500 रुपये और एससी, एसटी, पूर्व सैनिक, दिव्यांग, महिला, ट्रांसजेंडर, अल्पसंख्यक व ईबीसी वर्ग के लिए 250 रुपये शुल्क है। सीबीटी में शामिल होने पर नियमानुसार शुल्क का एक हिस्सा वापस किया जाएगा।

**चयन प्रक्रिया**– चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा के आधार पर होगा इसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और समय 90 मिनट रहेगा। स्क्राइब पात्र अभ्यर्थियों को 120 मिनट मिलेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर पर 1/3 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी।

# संगीत : कला से करियर तक की राह

बचपन सीखने और नई प्रतिभाओं को पहचानने का सबसे अच्छा समय है। संगीत बच्चों की रचनात्मकता को विकसित करने वाली महत्वपूर्ण कला है। यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले तो वे संगीत को केवल शौक या विषय के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य के करियर के रूप में भी अपना सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि माता–पिता और शिक्षक बच्चों पर दबाव डालने के बजाय उनकी रुचि को पहचानें और उन्हें सीखने के पर्याप्त अवसर दें।

## पहले संगीत का आनंद महसूस कराएं

बच्चों में संगीत के प्रति रुचि पैदा करने के लिए शुरुआत आसान और मनोरंजक तरीके से करें। सरल गीत, सरगम, ताल और लय से अभ्यास शुरू कराया जा सकता है। बच्चे को अपनी पसंद का गीत गाने या वाद्य यंत्र सीखने का अवसर दें। सीखने की प्रक्रिया जितनी आनंददायक होगी, रुचि उतनी ही बढ़ेगी।

## तुलना नहीं, प्रोत्साहन जरूरी

हर बच्चे की आवाज, सीखने की गति और प्रतिभा अलग होती है। किसी बच्चे को सुर समझने में समय लग सकता है तो किसी को ताल या वाद्य यंत्र सीखने में। इसलिए बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से करने के बजाय उनकी छोटी–छोटी उपलब्धियों की प्रशंसा करें। सकारात्मक माहौल उन्हें लगातार अभ्यास के लिए प्रेरित करता है।

## मंच से बढ़ता है आत्मविश्वास

समूह में गाने, स्कूल के कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने और संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। मंच पर प्रस्तुति देने से झिझक कम होती है और बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता तथा टीमवर्क की भावना विकसित होती है।

## संगीत में बन सकते हैं कई करियर

संगीत में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए आगे कई विकल्प हो सकते हैं। वे गायक, संगीत शिक्षक, वाद्य यंत्र प्रशिक्षक, संगीत निर्देशक, संगीत निर्माता, कंपोजर, साउंड इंजीनियर, म्यूजिक प्रोड्यूसर, परफॉर्मिंग आर्टिस्ट या कंटेंट क्रिएटर के रूप में आगे बढ़ सकते हैं। संगीत में औपचारिक शिक्षा के लिए स्नातक, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रम भी उपलब्ध होते हैं।

## माता-पिता की भूमिका

माता–पिता बच्चों को अभ्यास के लिए समय और उपयुक्त वातावरण दें। उनकी प्रतिभा को केवल परीक्षा या प्रतियोगिता के परिणाम से न आंकें। यदि बच्चा संगीत में लगातार रुचि दिखाता है, तो उसे प्रशिक्षित गुरु से सीखने और अपनी प्रतिभा विकसित करने का अवसर दिया जा सकता है।



आलोक वर्मा

संगीत गुरु एवं व्याख्याता (गायन), भातखंडे महाविद्यालय, जबलपुर

## शब्द पहेली - 8980



**बाएँ से दाएँ**

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. श्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

**शब्द पहेली -8979 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore




# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नि :शुल्क मेडिकल शिविर आयोजित

## कैंसर जागरूकता के साथ अस्थि, दंत रोग एवं रक्त जांच की दी गई नि :शुल्क सुविधा

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया में शनिवार, 19 सितंबर 2026 को रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में नि:शुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जबलपुर के शैलवी हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर का प्रमुख उद्देश्य आमजन एवं उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।




शिविर के दौरान विशेष रूप से कैंसर जागरूकता, अस्थि रोग, दंत रोग तथा रक्त जांच से संबंधित सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति समय रहते सचेत रहने की सलाह दी।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति अखिलेश त्रिपाठी ने स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं शैलवी हॉस्पिटल जबलपुर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा कैंसर के शुरुआती लक्षणों, उसकी पहचान, समय पर जांच एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता और समय पर चिकित्सकीय जांच बीमारी की पहचान एवं उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोगों को शरीर में होने वाले असामान्य बदलावों को नजरअंदाज न करते हुए आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श लिया तथा नि:शुल्क जांच एवं चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। आयोजन को स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश मोहन डाबर, बार एसोसिएशन उमरिया के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण.पैरालीगल वालंटियर के.के. शुक्ला, सोनम सोनी. ऋषव त्रिपाठी सहित विधिक सेवा के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आदर्श महाविद्यालय में शुरू हुआ सेवा संकल्प अभियान प्राध्यापकों ने जलाए प्रधानमंत्री के लिए आशीर्वाद के दिए

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर 2026 तक राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक् त तत् वाधान में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) नियाज अहमद अन्सारी ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निशी कर्ण, सहप्रभारी सुश्री अपूर्वा दहायत, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की उपस्थिती में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती जी के चित्र पर पुश्पांजलि करके किया। इस अभियान के तहत माहवर प्राध् यापको एवं विद्यार्थियों के सहयोग से महाविद्यालय परिसर विभिन्न प्रतियागितएं एवं स्थानीय ग्राम पंचायत में फलदार वृक्षों का रोपण, साफ-सफाई, रोजगार मार्गदर्शन, परोपकार, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार आदि अनेक सेवा कार्य किए जाएंगे।समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थीयों ने इस अवसर पर शासन की इस लोक कल्याणकारी पहल को सफल बनाने में यथासंभव पूर्ण सहयोग प्रदान करने का सेवा संकल्प भी लिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निशी कर्ण ने सभी गतिविधि प्रभारी प्राध्यापकों के कार्य विभाजन की सारणी प्रस्तुत की। इसके साथ ही प्रभारी प्राध् यापकों में डॉ. अरुणेन्द्र बहादुर सिंह, डा. विजय डाबर, प्रो. शिवकुमार हल्दकार, डॉ. मोनिका पटेल, डॉ. राजीव तिवारी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, क्रीडाधिकारी महेन्द्र कनौजिया आदि ने अपनी भावी कार्ययोजना का उल् लेख किया। शाम 7 बजे उपस्थित प्राध्यापकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 76 वें जन् मदिवस पर महाविद्यालय परिसर में आशीर्वाद का दियाश् कार्यक्रम के तहत दीपक जलाए। सुश्री सोनल सिंह, डॉ. हरेन्द्र कुमार, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. रिचा तिवारी, डॉ. सरिता विश् वकर्मा, डॉ. सतेन्द्र महोविया, डॉ. जुगुल किशोर, उवैश अली आदि ने तकनीकी एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

# सिंगल टोला रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों से मांगा सहयोग



उमरिया (स्वतंत्रमत)

सिंगल टोला रेलवे ओवरब्रिज (बीके -90) के निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर सामूहिक प्रयास तेज करने की पहल की जा रही है। क्षेत्रवासियों की ओर से जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने ग्राम अथवा वार्ड की ओर से ओवरब्रिज निर्माण की मांग से संबंधित मांग पत्र तैयार कर 20 सितंबर 2026 को आयोजित बैठक में लेकर पहुंचें,ताकि सभी मांगों को एकजुट कर सामूहिक रूप से संबंधित स्तर पर मजबूती से रखा जा सके।जारी अपील के अनुसार सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने ग्राम अथवा वार्ड की ओर से सिंगल टोला रेलवे ओवरब्रिज (बीके-90) के निर्माण की मांग को लेकर पत्र अपने लेटर पैड पर तैयार कराएं। इसके साथ ही आसपास के गांवों के उन सभी जनप्रतिनिधियों से भी बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है, जो रविवार, 20 सितंबर 2026 को आयोजित बैठक में पहुंच सकते हैं। अपील में कहा गया है कि अलग-अलग ग्रामों और वार्डों की ओर से प्राप्त मांग पत्रों को एकत्रित कर सामूहिक ज्ञापन तैयार किया जाएगा। क्षेत्रवासियों का मानना है कि सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मांग एक साथ सामने आने से सिंगल टोला रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की मांग को संबंधित मंच पर मजबूती से रखा जा सकेगा। अपील में यह भी कहा गया है कि यह क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग है, जिसे उचित मंच पर मजबूती से उठाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

# मानपुर में 5100 दीपों से जगमगाया काली माता मंदिर

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** ।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर गत दिवस मानपुर के पुरानी बाजार स्थित काली माता मंदिर में विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह के नेतृत्व में 5100 दीप प्रज्जवलित किए गए। दीपोत्सव से संपूर्ण काली माता मंदिर परिसर जगमगा उठा। इस अवसर पर विधायक सुश्री मीना सिंह ने माँ काली के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने एवं देश सेवा में निरंतर आगे बढ़ने की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लिया है, हम सब मानपुर वासियों की कामना है कि माँ काली उन्हें शतायु प्रदान करें। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर परिषद मानपुर भारती सोनी, पार्षद डॉ. सुप्रिया गुप्ता, एसडीएम हरनीत कौर कलसी, सीएमओ रचयिता अवस्थी, रामगरीब गुप्ता, हरीश विश्वकर्मा, ब्रजवासी गुप्ता, राममोल केवट,जगत गुप्ता, सतीश सोनी,रसिक खंडेलवाल, ओम गुप्ता,डॉ.प्रदीप गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, अनेकलाल ,राजेश सोनी,राजा दिवाकर सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# ज्ञान गंगा विद्यापीठ में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुई चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता

**नरसिंहपुर।** स्वतंत्रमत। ज्ञान गंगा विद्यापीठ हाईस्कूल (पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, नरसिंहपुर) में शनिवार को च्सेवा संकल्प अभियानज् के तहत च्मेरे सपनों का भारत विषय पर एक भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्साह और उमंग से भरपूर इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता से भारत के विकास और गौरवशाली इतिहास को ड्राइंग कॉपी पर उतारा। प्रतियोगिता के मुख्य विषयों में स्टेचू ऑफ़ यूनिटी, अयोध्या का राम मंदिर, चंद्रयान मिशन, डिजिटल भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांदीपनि विद्यालय, चिनाब ब्रिज, नया संसद भवन, सौर ऊर्जा, उज्ज्वला गैस, वंदे भारत ट्रेन, एनटीपीसी, और प्रधानमंत्री जन धन योजना शामिल रहे। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई इन आकर्षक और मनमोहक पेंटिंग्स ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही, भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं अंजलि ठाकुर और दामनी रजक ने अपने ओजस्वी व प्रभावशाली विचारों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्या, भावना, कृष्णा सोनी, हर्ष धानक और हेमंत सहित अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और अतिथियों की उपस्थिति में हुआ।



# शाहे-जीशान का 81वां सालाना उर्स 23 से 25 सितंबर तक

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** गौसाबाद करबला शरीफ, नरसिंहपुर में हजरत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जिलानी बगदादी (रह.) की याद में शाहे-जीशान का 81वां सालाना उर्स मुबारक 23, 24 एवं 25 सितंबर 2026 को अकीदत और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाएगा। उर्स को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उर्स के प्रथम दिन बुधवार, 23 सितंबर को सुबह कुरआन ख्वानी एवं परचम कुशाई का आयोजन होगा। इसके बाद शाम 7 बजे नया बाजार, नरसिंहपुर से शाही संदल एवं चादर शरीफ निकाली जाएगी, जो गौसाबाद करबला शरीफ पहुंचकर पेश की जाएगी।गुरुवार, 24 सितंबर को रात 10 बजे से गौसाबाद करबला शरीफ में कव्वालियों का आयोजन होगा। इस अवसर पर लंगर की फातहा भी होगी। उर्स में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले जायरीन एवं अकीदतमंद शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी कमेटी अध्यक्ष सगीर उस्मानी ने देते हुए बताया कि उर्स के अंतिम दिन शुक्रवार, 25 सितंबर को सुबह 8 बजे से कुल शरीफ, महफिल-ए-रंग एवं दुआ-ए-खैर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देवा शरीफ (उत्तर प्रदेश) से शावेज एवं शाफेज वारसी तथा कलियर शरीफ (उत्तराखंड) से शब्बू शादाब साबरी कव्वाली पेश करेंगे।

# सेवा संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में भाजयुमो की बैठक हुई आयोजित

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत



भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा वाराणसी से वड़नगर तक निकाली जा रही। सेवा संकल्प यात्रा के नरसिंहपुर जिले में होने वाले भव्य स्वागत और सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक, जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम जिला संयोजक रजत चौहान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा,सीमांत राजपूत, यात्रा के सह संयोजक नरेंद्र राय,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आकाश सेन, युवा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश गुर्जर,अभिषेक रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुई।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक ने कहा कि यह यात्रा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा और सुशासन से भरे सार्वजनिक जीवन के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाली जा रही है। नरसिंहपुर की पावन धरा हमेशा से राष्ट्रवाद में अग्रणी रही है। युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता की यह जिम्मेदारी है कि वे जिले की सीमा में यात्रा के प्रवेश करते ही इसका ऐसा अभूर्व और ऐतिहासिक स्वागत करें जो पूरे मध्य प्रदेश के लिए मिसाल बने। हमें इस यात्रा को जन-जन का उत्सव बनाना है।भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा ने कहा है कि प्रधानमंत्री जी का पूरा जीवन पर्यावरण और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा है। इसी प्रेरणा से इस यात्रा के दौरान हमें जिले भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण करना है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता केवल पौधे लगाएं ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प भी लें।भाजपा जिला महामंत्री राहुल कौरव ने कहा है सेवा संकल्प यात्रा का मूल उद्देश्य राजनीति से परे समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की सेवा करना है। यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले सेवा कार्यक्रम जैसे स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर सीधे जनता के सरोकार से जुड़े हैं। युवा मोर्चा की टोली पूरे अनुशासन और समयबद्धता के साथ हर मंडल में इन कार्यक्रमों को क्रियान्वित करे।अभियान के जिला प्रभारी जिला मंत्री रजत चौहान ने इस भव्य यात्रा को सफल बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हमारा रूट प्रबंधन है।

# हिंदी लेखनी प्रतियोगिता आयोजित

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** राजभाषा हिंदी पखवाड़े में ऑल इंडिया लीनेस क्लब नरसिंहपुर संस्कार ने हिंदी भाषा जागरूकता के उद्देश्य से चाणक्य विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी बाल लेखनी के माध्यम से प्रतियोगिता करवा कर मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेकानंद कॉलेज की हिंदी प्रो. नमिता साहू को साहित्य गौरव सम्मान स्मृति चिन्ह शाल के द्वारा सम्मानित किया। आपने विस्तार से छात्र-छात्राओं को हिंदी भाषा का महत्व समझाया और दैनिक जीवन में अधिक से अधिक उपयोग करने पर बल दिया।स्कूल संचालक राजेंद्र राजपूत और विकास नेमा का शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में माध्यमिक कक्षा से प्रथम अक्षिता साहू , द्वितीय वैभवी लोधी, तृतीय तनिष्का विश्वकर्मा रही। उच्चतर कक्षा से प्रथम रिचा राजपूत, द्वितीय सोमवती लोधी, तृतीय पल्लवी यादव ने स्थान प्राप्त किया। क्लब द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। क्लब की बी ओ डी मेंबर ली नेस संध्या कोठारी ली. ज्योति तिवारी ने बच्चों के बीच लगातार साहित्यिक आयोजन करने पर जोर दिया। क्लब अध्यक्ष ली. रचना त्रिवेदी ने हिंदी भाषा को भावना और आत्मीयता से जोड़ने का माध्यम बताया। कार्यक्रम में संरक्षक मालती त्रिवेदी, सचिव ज्योति पचौरी, कोषाध्यक्ष वत्सला त्रिवेदी ,सुषमा मिश्रा , मनीषा टंडन और समस्त स्कूल स्टाफ छात्र छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।



# सेवा संकल्प अभियान के तहत मनाया दीपोत्सव




**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिले के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य, मेजर डॉ. पराग नेमा की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य डॉ. गर्ग ने उद्बोधन देते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। मेजर डॉ. नेमा ने सेवा संकल्प अभियान की उपयोगिता पर बल देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान स्टॉफ मेम्बर्स तथा छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में दीप जलाकर सेवा संकल्प अभियान 2026 का शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में दीप प्रज्जवलित किए गए। उक्त अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी द्वय नीलेश सोनी, श्रीमती कल्पना यादव, रीतेष मालवीय, सहा. प्राध्यापक उमाकांत द्विवेदी, महेष पाठक, नीरू जोशी, दिनेश पटेल, राजेष कौरव सहित बड़ी संख्या में एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. केडिट्स व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# रोशनी से जगमगाया शक्कर नदी का छिड़ाव घाट

## मंत्री उदय प्रताप सिंह ने प्रज्वलित किए आशीर्वाद के दीये

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

शक्कर नदी का ऐतिहासिक छिड़ाव घाट बीते दिवस उस समय रोशनी से जगमगा उठा जब हजारों दीयों की रोशनी से पूरा घाट प्रकाशमान हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन नदी मोहल्ले में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने शक्कर नदी के छिड़ाव घाट पर दीप प्रज्ज्वलित कर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के संकल्प को साकार करने वाले, नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक अभियान को गति देने वाले तथा देश के गरीब, किसान, महिला और वंचित वर्ग के जीवन में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से व्यापक बदलाव लाने वाले प्रधानमंत्री ने देश को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब परिवारों को पक्की छत, उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से राहत, स्वच्छ भारत मिशन से स्वच्छता और सम्मान, जल जीवन मिशन से घर-घर नल का जल, आयुष्मान भारत से जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे अनेक प्रयासों ने आमजन के जीवन को सुविधाजनक और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी इसी प्रकार राष्ट्रसेवा के पथ पर आगे बढ़ते रहें, यही कामना है। राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना स्थापक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। राष्ट्र के विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। भाजपा नेता घनश्याम राजपूत ने कहा कि सेवा संकल्प के साथ हम सभी मोदी जी



दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करे । कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने कहा कि इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश सेवा ही संकल्प बन गया है और हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश सेवा ही संकल्प बन गया है और हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने किया । इस अवसर पर अनूप जैन, अनिल लूनावत, मुकेश मरैया, राव संदीप सिंह, रीतेश राय, कमल खटीक, शुभम राजपूत, श्रीमती पूजा तिवारी, अशोक सराठे, हर्ष पाठक सहित एसडीएम श्रीमती प्रगति वर्मा, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा, डीपीसी प्रदीप कुमार द्विवेदी, तहसीलदार प्रियंका नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलित कर उनके प्रति आभार एवं सम्मान व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दर्शाती है।समाचार राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना स्थापक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। राष्ट्र के विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को मंत्री श्री सिंह एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा चेक वितरित किए गए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया ।

# साहब! मामला बहुत गंभीर है, एफआईआर से कुछ नहीं होने वाला

# विद्युत डिपो के साथ अब तक जमा माल की होनी चाहिए जांच

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

पूरे जिले भर में सड़को के नवनिर्माण हो रहे हैं। इन सड़कों के निर्माण का टेंडर विद्युतीकरण सहित निकाला जा रहा है। सड़क के साथ विद्युत लाइन का विस्तार भी किया जा रहा है। जिसके चलते पुराने खंबे तार निकाले जाते हैं यह सामग्री बिजली विभाग के डिपो में जमा होनी चाहिए लेकिन लंबे समय से शिकायत मिल रही है कि इसमें लंबा घोटाला चल रहा है जानकारी के अनुसार अभी तक दर्जन भर बड़ी सड़को का निर्माण जिले भर में हुआ है। यहां लगी विद्युत विभाग की सामग्री कहां पर स्टोर की गई है और इस सामग्री का क्या उपयोग निलामी की गई है यह आज भी प्रश्न चिन्ह है। इसी कड़ी में विद्युत सामग्री चोरी किए जाने का मामला उजागर होना इस बात को बल देता है कि कहीं न कहीं कुछ तो गड़बड़ी है। मंडला-डिंडोरी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के निर्माण के साथ चल रहे विद्युत लाइन स्थानांतरण कार्य के बीच रसैयादोना गांव के पास बिजली विभाग के 23 नग विद्युत पोल चोरी कर ले जाने का मामला सामने आया है। विभागीय अधिकारियों की शिकायत पर





मंडला कोतवाली पुलिस ने ट्राला चालक सहित चार लोगों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से ट्राला वाहन और उसमें लदे 23 विद्युत पोल जब्त किए हैं।

विभाग ने जब्त किए गए पोलों की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई है। घटना 18 सितंबर की शाम की है। सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि मंडला-डिंडोरी मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 543 के निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य की वजह से मार्ग के आसपास मौजूद विद्युत लाइन को शिफ्ट किया जा रहा है। इस दौरान विद्युत लाइन के पुराने खंभों को हटाकर विभागीय प्रक्रिया के तहत संबंधित भंडार में जमा कराया जाना है। इसी प्रक्रिया के बीच रसैयादोना के पास से विद्युत पोलों को एक ट्राला में भरकर ले जाने की सूचना विभागीय कर्मचारियों को मिली। सहायक अभियंता चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार 18 सितंबर की शाम करीब 7:30 बजे क्षेत्रीय लाइन कर्मचारी नरेश उलारी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान उन्हें दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि रसैयादोना स्थित वन विभाग के डिपो के पास से कुछ विद्युत खंभे ट्राला वाहन क्रमांक एनएल01एजे9106 में लोड कर ले जाए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वहां एक ट्राला में बड़ी संख्या में विद्युत पोल लदे हुए पाए गए। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से पोलों के संबंध में पूछताछ की। जांच के दौरान ट्राला में कुल 23 नग एच-बीम विद्युत पोल लदे पाए गए। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौके पर ट्राला चालक मो. रियाज खान पिता जफर ईमाम उम्र 46 वर्ष निवासी दक्षिण पट्टी बैजा रामपुर थाना सराय ख्वाजा जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश तथा कर्मचारी लवकुश धाकड़ पिता उम्मेद धाकड़ उम्र 27 वर्ष निवासी देदखुर्द थाना पोहरी जिला शिवपुरी मौजूद थे। पूछताछ के दौरान दोनों ने कथित तौर पर बताया कि वे इन विद्युत पोलों को अमित बंसल और उनके मैनेजर उमेश करार के कहने पर ट्राला में लोड कर ले जा रहे थे। विभाग ने इसे अपनी संपत्ति बताते हुए आरोप लगाया कि हटाए गए विद्युत पोलों को विभागीय प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित भंडार में जमा किया जाना था लेकिन उन्हें ट्राला में भरकर ले जाया जा रहा था। विभागीय नियमों के अनुसार इन्हें क्षेत्रीय भंडार के माध्यम से एरिया स्टोर जबलपुर में जमा कराया जाना था। शिकायत के मुताबिक 23 नग एच बीम पोल को विभागीय प्रक्रिया के विपरीत ट्राला में भरकर ले जाया जा रहा था। विभाग ने इन विद्युत पोलों की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये बताई है। विभागीय अधिकारी ने संबंधित लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस थाने में लिखित शिकायत दी। कोतवाली पुलिस ने विभागीय शिकायत और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर में ट्राला चालक मो. रियाज खान, लवकुश धाकड़, अमित बंसल तथा उनके मैनेजर बताए गए उमेश करार के नाम शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता चंद्र प्रकाश सिंह की ओर से 19 सितंबर को प्रस्तुत आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। मामले में पुलिस ने मौके से ट्राला वाहन क्रमांक एनएल01एजे9106 को जब्त किया है। इसी ट्राला में लदे 23 एच-बीम विद्युत पोल भी पुलिस के कब्जे में लिए गए हैं। मौके पर चालक सहित एक अन्य व्यक्ति के मिलने की बात पुलिस द्वारा बताई गई है। अब पुलिस इस पूरे मामले में यह जांच कर रही है कि विद्युत पोलों को किस उद्देश्य से ले जाया जा रहा था और उन्हें कहां ले जाने की योजना थी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि पोलों को ट्राला में लोड करने के लिए किस स्तर पर निर्देश दिए गए थे और इस प्रक्रिया में अन्य कोई व्यक्ति शामिल था या नहीं। मामले में संबंधित ठेकेदार और मैनेजर की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। मंडला-डिंडोरी मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के साथ विद्युत लाइनों को स्थानांतरित करने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में मार्ग निर्माण के दौरान हटाए जाने वाले विद्युत पोल और अन्य सामग्री विभागीय संपत्ति होती है।



## बम्हनी के राजा की संगीतमय आरती

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्र मत)।** नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले बस स्टैंड में लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर गणपति प्रतिमा की भव्य स्थापना की गई है। सनातन सेवा मंडल के तत्वावधान में बम्हनी के महाराजा की आकर्षक प्रतिमा विराजमान की गई है। गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद से ही बस स्टैंड सहित आसपास के क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। गणपति प्रतिमा की विशेष साज-सज्जा श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है।



नगरपालिका कार्यालय में विराजमान श्री गणेश जी



सब्जी मंडी में विराजमान श्री गणेश जी



वार्ड क्रमांक 3 में विराजमान श्री गणेश जी



पंजाब बैंक परिसर में विराजमान श्री गणेश जी

## नैनपुर में सार्वजनिक पूजा पंडालों एवं घर-घर विराजमान हुए गणेश जी

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। नैनपुर के विभिन्न सार्वजनिक पूजा पंडालों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नगर के प्रमुख स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए हैं, जहां प्रतिदिन सुबह-शाम गणेश जी की आरती एवं पूजा की जा रही है। वहीं घरों में भी परिवारों द्वारा भगवान गणेश की आराधना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की जा रही है।गणेश उत्सव को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। पूजा पंडालों में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियां भी की जा रही हैं। पूरे नगर में च्गणपति बप्पा मोरयाज्ज के जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

## दिव्यांग बच्चों का परीक्षण मिले सहायक उपकरण



**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।** जिला शिक्षा केंद्र के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत घुघरी में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में घुघरी विकासखंड सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। जांच के बाद बच्चों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। शिविर में कुल 74 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान पात्र पाए गए 9 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तैयार किए गए जबकि 38 बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण वितरित किए गए। उपकरण मिलने से बच्चों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनकी शैक्षणिक एवं शारीरिक आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना रहा। समावेशी शिक्षा के तहत ऐसे शिविरों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की पहचान स्वास्थ्य परीक्षण प्रमाण-पत्र निर्माण और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी आईईडी कृष्ण कुमार उपाध्याय मुख्य समन्वयक के रूप में उपस्थित रहे।

# एसडीएम घुघरी पर दुर्व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना के आरोप

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।

जिले पटवारी और जिला प्रशासन के बीच अब पहले जैसा तालमेल दिखाई नही दे रहा है। रोजाना कहीं न कहीं तहसील या एसडीएम कार्यालय में किसी न किसी दिशा निर्देश या आदेश पर वाद विवाद दिखाई देने लगता है। बीते दिनों मंडला एसडीएम के विरोध में पटवारी ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे तो शनिवार को फिर पटवारी एसडीएम घुघरी के खिलाफ मैदान में नजर आए। जिला पटवारी संघ अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी के साथ घुघरी के दर्जनों पटवारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर एसडीएम घुघरी पर पटवारियों के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार दबाव बनाने सार्वजनिक रूप से अपमानित करने और मानसिक प्रताड़ना देने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में तहसील अध्यक्ष समकुमार मार्को और प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल के हस्ताक्षर से



जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संबंधित कार्रवाई को तत्काल निरस्त करने तथा एसडीएम के आचरण की समीक्षा किए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रांतीय आह्वान पर पटवारी स्वामित्व योजना से संबंधित कार्यो से पूर्णतः पृथक हैं और इसकी सूचना जिला कार्यालय मंडला तथा तहसील स्तर पर अलग-अलग ज्ञापनों के माध्यम से पहले ही दी जा चुकी है। इसके बावजूद ज्ञापन के अनुसार एसडीएम घुघरी संस्कार बावेरिया द्वारा पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

पटवारी संघ ने आरोप लगाया कि 18 सितंबर 2026 को ग्राम पंचायत मुंगवानी में पटवारी अनिल नंदा के सामने गुंडाजाड़ी का नमूना पेश कर दबाव बनाया गया और जबरदस्ती कार्य कराने का प्रयास किया गया। पटवारी द्वारा विरोध किए जाने के बाद उन्हें नायब तहसीलदार मोहगांव के समक्ष निलंबित कराने की धमकी देने और अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल का आरोप भी ज्ञापन में लगाया गया है। ज्ञापन में 17 सितंबर 2026 की घटना का भी उल्लेख किया गया है। संघ के अनुसार शाम करीब 7 बजे ग्राम देवगांव पटवारी हल्का नंबर 27 राजस्व निरीक्षक मंडल मोहगांव के पटवारी धनश्याम आर्मो पर कार्य का दबाव बनाया गया। पटवारी द्वारा ज्ञापन के अनुसार कार्य करने से मना किए जाने पर एसडीएम घुघरी द्वारा नायब तहसीलदार मोहगांव के फोन से पटवारी को देखने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। इसके बाद पटवारी को स्वामित्व योजना का हवाला देकर निलंबित किए जाने की बात ज्ञापन में कही गई है। फार्मर आईडी, सीएम हेल्पलाइन और स्वामित्व योजना से जुड़े मामलों को लेकर की गई कार्रवाई में भी विसंगतियां हैं। सीएम हेल्पलाइन की तीन शिकायतों का उल्लेख निलंबन आदेश में किया गया है जबकि पटवारी संघ का दावा है कि ये शिकायतें एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा की गई हैं और वर्तमान में शिकायतकर्ता बिछिया तहसील क्षेत्र में निवासरत हैं। पटवारी संघ ने निलंबन आदेश को लेकर यह भी सवाल उठाया है कि संबंधित पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र दिए बिना सीधे निलंबित किया गया। इसे प्रक्रिया के विपरीत बताते हुए पूर्व में जारी शासन के पत्र का भी हवाला दिया है। ज्ञापन में कहा गया है कि घुघरी तहसील के पटवारियों में कथित कार्रवाई को लेकर आक्रोश है।

# चित्रकला-भाषण प्रतियोगिता आयोजित

मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्र मत)।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय एकीकृत हाई स्कूल मानेगांव में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेरे सपनों का भारत विषय पर राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ शिक्षित विकसित आत्मनिर्भर एवं संस्कारवान भारत की कल्पना को चित्रों और भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया।



प्रतियोगिता के बाद निर्णायक मंडल की टीम द्वारा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया गया। इसमें प्रथम स्थान प्रतिभा झारिया द्वितीय जेनब मंसूरी एवं तृतीय स्थान भागवती मसराम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन लाल तेकाम, विशिष्ट अतिथि सुनीता मसराम (सरपंच), राजो बाई, सेवकली बाई एवं भारत पट्टा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनमें देशप्रेम जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सोच विकसित होती है।

कार्यक्रम में प्राचार्य अंग्रेज सिंह उइके सहित शिक्षक नरेश सैयाम, उत्तम कोरी, तीरथ मसराम, मनोज झारिया, लखन तेकाम, सतीश तेकाम, दयाराम मसराम, मुन्नी मिलथरे, आयशा बानो, सारिका पटेल एवं रीना धुर्वे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।



## एसपी ने युवकों का किया सम्मान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नर्मदा नदी में डूब रही युवती की जान बचाने में साहस एवं तत्परता का परिचय देने वाले तीन युवकों को पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने सराहना करते हुए सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 सितंबर की शाम लगभग 5 बजे रपटा बड़े पुल से एक युवती ने नर्मदा नदी में छलांग लगा दी थी। घटना के समय मौके पर मौजूद सोनू उइके पिता छोटेलाल उइके निवासी रमपुरा कुनाल करोसिया पिता मनोज करोसिया निवासी लालीपुर एवं सुनील ठाकुर पिता राकेश ठाकुर ने तत्काल साहस एवं तत्परता दिखाते हुए नदी में पहुंचकर युवती को डूबने से बचाया। पश्चात एसडीआरएफ एवं पुलिस द्वारा युवती को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका उपचार कराया गया। एसपी राजेश रघुवंशी ने तीनों युवकों से मुलाकात कर उनके साहसिक कार्य की सराहना की तथा उन्हें सम्मानित किया।

## गोताखोर राज्जू की संदिग्ध मौत

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के त्रिवेणी संगम घाट में संदिग्ध हत्या की वारदात सामने आई है। नारियल की दुकान चलाने वाले 55 वर्षीय राजकुमार उर्फ राज्जू नंदा का शव उनकी दुकान के अंदर लहूलुहान हालत में मिला। मृतक के सिर और कान के पास गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध मौत का माना जा रहा है और पुलिस हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार राज्जू नंदा संगम घाट स्थित अपनी नारियल की दुकान में ही रोजाना सोते थे। शनिवार सुबह उनका भतीजा अंकित नंदा दुकान पर पहुंचा तो राज्जू नंदा को खून से लथपथ हालत में देखा। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना प्रभारी डॉ. जय सिंह यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

### कल्याणकारी योजना पर जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठजनों के अधिकारों के संरक्षण तथा समाज में वरिष्ठजनों के प्रति सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वृद्धाश्रम माहिष्मती घाट प्रांगण में किया गया।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने खाया जहर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** स्वामी सीताराम वार्ड निवासी युवक आशीष यादव की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों के मुताबिक आशीष ने कीटनाशक दवा का सेवन किया था गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है परिजनों के अनुसार घटना से पहले आशीष ने अपने मोबाइल में एक वीडियो बनाया था जो उसकी मौत के बाद मोबाइल में मिला। वीडियो में उसने एक युवती और उसके कथित दूसरे प्रेम संबंध को लेकर खुद को धोखा दिए जाने की बात कही है हालांकि वीडियो में लगाए गए मामले की वास्तविक स्थिति पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी आशीष की बहन आशा यादव ने बताया कि मोबाइल फोन की जांच के दौरान वीडियो के अलावा युवती और उसके कथित साथी के बीच हुई बातचीत के कुछ स्क्रीनशॉट भी मिले हैं।

## पॉक्सो पीड़ित को मिली मदद

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में बालिका गृह उपलब्ध नहीं होने के बावजूद पॉक्सो पीड़ित नाबालिग बालिका और उसके नवजात शिशु को उसी दिन सुरक्षित संस्थागत संरक्षण उपलब्ध कराया गया। पुलिस विभाग बाल कल्याण समिति महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से यह कार्यवाही पूरी की गई पुलिस ने बालिका को चिकित्सकीय परीक्षण के बाद बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया समिति ने काउंसिलिंग के माध्यम से बालिका को संस्थागत संरक्षण की आवश्यकता और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। प्रारंभ में बालिका संरक्षण गृह जाने के लिए सहमत नहीं थी लेकिन समझाइश के बाद वह सहमत हो गई समिति की आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंडला में बालिका गृह उपलब्ध नहीं होने के कारण बालिका और नवजात को अन्य जिले के बालिका गृह में प्रवेश कराया गया सुरक्षित परिवहन के साथ आवश्यक देखभाल के लिए केयरटेकर की व्यवस्था भी की गई।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की मदद

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** स्वामी सीताराम वार्ड में एक दुखद घटना हो गई। एक युवक कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर जिंदगी की जंग से हार गया। मृतक युवक नाम आशीष यादव बताया गया है। आशीष अपने परिवार का इकलौता बेटा था। परिवार में उसकी दो बहनें हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर बताई जा रही है।घटना की जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा को मिली तो उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा के साथ स्वामी सीता राम वार्ड स्थित मृतक के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।

## नगर में बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप, फॉग मशीन चलाने की मांग

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** नगर में इन दिनों मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ने से नागरिक परेशान हैं। शाम होते ही विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इससे लोगों को घरों के अंदर भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि नालियों, जलभराव वाले स्थानों एवं आसपास जमा गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों में बीमारियों को लेकर भी चिंता बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से नगर के सभी वार्डों में नियमित रूप से फॉग मशीन चलाने तथा मच्छररोधी दवा का छिड़काव कराने की मांग की है। साथ ही नालियों की नियमित सफाई एवं जलभराव वाले स्थानों पर विशेष ध्यान देने की मांग की गई है। नागरिकों ने नगर पालिका से मांग की है कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए शीघ्र विशेष अभियान चलाकर फॉगिंग कराई जाए, ताकि लोगों को मच्छरों से राहत मिल सके।

# मूलांक 1 से 9 तक का जानें पूरा भविष्यफल

दिव्यांशी भदौरिया

आज का दिन आत्मविश्वास, धैर्य और मिलजुलकर काम करने का संदेश देता है। अंक ज्योतिष के अनुसार सभी मूलांक वालों के लिए यह समय आपसी बातचीत, सूझबूझ से फैसले लेने और रिश्तों में तालमेल बनाए रखने के लिए उत्तम है। कार्यक्षेत्र में संतुलन बनाए रखें और सेहत का ध्यान रखते हुए तनाव से बचें। आज का दिन मेल-मिलाप, चर्चाओं और सूझबूझ से भरे फैसले लेने के लिए बहुत उत्तम है। पहल करें, पर दूसरों की बात को भी पूरा मान दें।

**मलूांक 1**- आज का दिन आप अपने काम को खुद संभाले और आगे बढ़ने की इच्छा जागृत रहेगी। अपनी अकेले चलाने के बजाय दूसरों के साथ मिलकर मिलकर चलें। सेहत अच्छी रहेगी और छोटी-छोटी बातें मानसिक थकान दे सकती हैं। अपनी रफ्तार को धीरे रखें। किसी भी रिश्ते में थोड़ा समय जरुर दें।

**मूलांक 2** - आपको इस समय विवादों से दूर रहना है। आपकी कूटनीति और समझ को पूरी तरह से सपोर्ट मिलेगा। हालांकि अपनी टीम के साथ मिलकर कार्य करें, आपसी बातचीत और मिलजुलकर किए जाने वाले कार्य पूरे होंगे। हेल्थ को लेकर मन परेशान रह सकता है। सबको खुश करने की कोई जरुरत नहीं है। अपनी जरुरतों को बिल्कुल न दबाएं।

**मूलांक 3** - आज का दिन बातचीत करने का आपका हुनर आपकी बड़ी ताकत बनेगा। किसी जरुरी चर्चा या



बैठक से आपके लिए आगे बढ़ने के नए रास्ते खुल सकते हैं। दूसरों की बातें ध्यान सुनें। रिश्तों में हंसी-खुशी का स्वभाव माहौल को खुशनुमा बनाएगा, किसी अपने के साथ दिल की बातें साझा करें।

**मूलांक 4** - हर बार किसी बात पर अड़े रहना ठीक नहीं है। आपको बेहतर परिणाम आज मिल सकते हैं। स्वस्थ के मामले में डेली रुटीन बनाना जरुरी है। रिश्तों में किसी बड़े की सलाह जरुर लें और उनकी बातें सुनें। किसी बात की जिद न पकड़ें।

**मूलांक 5**- आज का दिन आपका मन तुरंत बदलाव चाहेगा, धैर्य बनाए रखें। सेहत के मामले में आपका तेज दिमाग और बेचैन ऊर्जा को शांत करने के लिए एक समय पर ही काम करें और बीच-बीच में आराम जरुर करें। रिश्तों में आजादी सही है, लेकिन दूरी बनाने के स्थान पर बात प्यार से समझें। अगर प्रगति धीमी दिखाई दे रही हैं, तो उस काम को बोर न समझें।

**मूलांक 6**- इस समय मिलजुलकर कार्य करने का समय है। आपको किसी मुश्किल परिस्थिति में बीच बचाव करने या भावनात्मक शांति को सबसे पहले रखें। दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में अपनी ऊर्जा खत्म न करें। रिश्तों में प्यार और समझ के लिए बेहतरीन दिन है।

**मूलांक 7** - अपने मन में चलने वाली बातों को सिर्फ सीमित न रखें, बल्कि जरुरत पड़ने पर अपनों के साथ जरुर शेयर करें। मानसिनक थकान हो सकती है, आपको आराम करने की काफी जरुरी है। किसी भी बात या बातचीत के बारे में बहुत ज्यादा गहराई से न सोचें और खुद को परेशान न करें। रिश्तों में एकांत जैसा लग सकता है, बिना बताए अचानक खामोश होने से बचें, अपनी बातों को शेयर करें।

**मूलांक 8** - आज के दिन आपकी बड़ी इच्छाएं और काम के लक्ष्य मजबूत रहेंगे। कड़े नियमों के बजाय थोड़े नरम रुख और समझदारी से काम लेने को कहता है। सबकी बातें जरुर सुनें। सेहत के मामले में काम को अपने ऊपर हावी न होने दें, थोड़ा मानसिक आराम आपको बेहतर फैसले लेने में मदद करेगा। रिश्ते में किसी भी चीज को नियंत्रण न करें, बल्कि अपनी भावनाओं को खुलकर बोलें। प्यार-मिलाप से काम बनें, तो वहां पर सख्ती दिखाना ठीक नहीं।

**मूलांक 9** - आज का दिन आपकी सोच समाज के लिए कुछ अच्छा करने के लिए हो सकती है। सेहत के मामले में दूसरों की समस्याओं से अधिक भावनात्मक रुप से न जुड़ें, वरना आपकी ऊर्जा जा सकती है। रिश्तों में करुणा और आपसी समझ का माहौल रहने वाला है। किसी पुरानी गलतफहमी को किसी कड़वाहट के आसानी से सुलझाया जा सकता है। किसी भी तरह की उन जिम्मेदारियों को मत लें, जो आपकी नहीं है।

# रात में कपड़े धोने से बढ़ता है वास्तु दोष

अनन्या मिश्रा

आजकल तेजी से बदलती और भागदौड़ भी जिंदगी में खुद के लिए समय निकालना मुश्किल है। ऐसे में बहुत सारे लोग कुछ कामों को रात में करना पसंद करते हैं। जिनमें से एक रात में कपड़े धोना शामिल है। लेकिन क्या रात में कपड़े धोना वास्तु के हिसाब से सही है। माना जाता है कि घर में किए जाने वाले सभी कामों का एक शुभ समय और दिशा होती है। जिसका असर हमारे पैसे, एनर्जी, सुख और समृद्धि पर गहराई से दिखता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कपड़े धोने का शुभ समय सुबह, दोपहर या रात कब माना जाता है।



## क्या रात में कपड़े धोना सही

वास्तु शास्त्र के अनुसार, आमतौर पर रात में कपड़े धोना सही नहीं माना जाता है। इसकी असली वजह यह है कि रात के समय निगेटिव एनर्जी का प्रभाव ज्यादा रहता है। सिर्फ कपड़े धोना साफ-सफाई का काम नहीं है, बल्कि इसमें दिन भर की एनर्जी का इस्तेमाल होता है। इसलिए रात को कपड़े धोने से निगेटिव एनर्जी बनी रहती है। जिसके बाद में उन कपड़ों को पहनने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक संतुलन में समस्या हो सकती है।

## कपड़े धोने का सही समय

कपड़े धोने के लिए सबसे सही समय सुबह का होता है। अगर आपकी डे टू डे लाइफ व्यस्त है, तो कपड़े धोने को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए थोड़ा सा बदलाव करना जरूरी है। क्योंकि सूर्योदय के बाद का वातावरण काफी सकारात्मक रहता है, जो कपड़ों को प्रभावी तरीके से साफ करने में मदद करता है। पुराने समय में लोग सुबह जल्दी उठकर कपड़े आदि धोते थे, जिससे धूप और हवा से पकड़े जल्दी सूखते थे। वहीं अगर आपकी दिनचर्या काफी ज्यादा व्यस्त है और आपको सुबह कपड़े धोने का समय नहीं मिलता है, तो आप दोपहर के समय भी कपड़े धो सकते हैं। इस दौरान सूर्य की किरणें काफी तेज होती हैं, जोकि कपड़ों से बैक्टीरिया खत्म करने में प्रभावी मानी जाती हैं। लेकिन शाम को सूर्यास्त के बाद कपड़े धोने से बचना चाहिए।

## रात को कपड़े धोने से पैदा होता है वास्तु दोष

यह याद रखें कि रात में कपड़े धोने और सुखाने से वास्तु दोष की समस्या हो सकती है। वहीं रात में धोए गए कपड़े अक्सर सही तरीके से सूख भी नहीं पाते हैं। अगर कपड़ों से नमी या दुर्गंध आ रही है, तो यह सेहत के लिए भी हानिकारक होता है। वास्तु में गंदगी और नमी को निगेटिव एनर्जी से जोड़कर देखा जाता है। धीरे-धीरे यह आदत व्यक्ति को नुकसान पहुंचा सकती है।

# नींबू की भाप से चमकेगा गंदा माइक्रोवेव

किचन में इस्तेमाल होने वाले होम अप्लायंसेज में माइक्रोवेव हमारे रोजाना के काम को काफी ज्यादा आसान बनाता है। सुबह का नाश्ता गर्म करना हो, कोई टेस्टी स्नैक्स बनाना हो, बची हुई रोटियां गर्म करना या फिर सुबह का नाश्ता गर्म करना हो, तो इसमें माइक्रोवेव मिनटों में हमारा काम कर देता है। रोजाना इस्तेमाल होने की वजह से इसके अंदर खाने के छोटे-छोटे कण, तेल की चिकनाई और मसालों के छींटे जमने लगते हैं। धीरे-धीरे यह गंदगी जिद्दी दाग में बदल जाते हैं। जिसके बाद में साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है।

हम जिद्दी दागों को बिना मेहनत हटाने के लिए हम मार्केट से महंगे क्लीनर्स खरीदकर लाते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप 1 नींबू से इसकी पुरानी चमक को वापस ला सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माइक्रोवेव में जमी गंदगी को कैसे साफ करें।



## नींबू, माइक्रोवेव पर जमी गंदगी को ऐसे करें साफ

नींबू में प्राकृतिक रूप से सिट्रिक एसिड और खट्टापन होता है। जो तेल के दाग और जिद्दी चिकनाई को आसानी से हटा देता है। जब नींबू को पानी में उबालकर माइक्रोवेव के अंदर रखा जाता है, तो इसकी भाप पूरे ओवन में फैल जाती है। यह भाप जमी हुई चिकनाई और जिद्दी दाग को अंदर से ढीला करके आसानी से निकाल देती है। वहीं नींबू की भीनी खुशबू माइक्रोवेव के अंदर से आने वाले खाने की सड़ी या अजीब सी बदबू को चुटकियों में गायब कर देती है।


सामग्री- नींबू-1, पानी-1 कटोरी, सूखा कपड़ा-1, माइक्रोफाइबर कपड़ा-1, स्क्रब-1, सिरका- 1 ढक्कन, साफ करने का आसान तरीका, सबसे पहले माइक्रोवेव-सेफ बाउल में एक या डेढ़ कप सादा पानी भरें।

अब एक नींबू को का रस निचोड़कर इसमें निकालें। कटे हुए नींबू के टुकड़ों को भी पानी के कटोरी में डाल दें। फिर बाउल को माइक्रोवेव के अंदर रखें और दरवाजा बंद कर दें। करीब 3 से 5 मिनट के लिए माइक्रोवेव को चला दें। समय पूरा होने के बाद स्विच बंद कर दें। 5 से 10 मिनट के बाद माइक्रोवेव खोलें। इस तरह से भाप की वजह से चिकनाई और जिद्दी पपड़ी ढीली पड़ जाएगी। अब माइक्रोवेव को सूती या माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछकर साफ करें।

## इन बातों का रखें ध्यान

उबला हुआ नींबू का पानी जब भी माइक्रोवेव से बाहर निकालें, तो हाथ को बचाने के लिए किसी कपड़े या फिर दस्ताने का इस्तेमाल करें। अगर लंबे समय के बाद माइक्रोवेव साफ कर रही हैं, तो मुलायम स्पंज पर हल्का सा सिरका लगाकर पोछें। फिर दोबारा से अप्लायंस को साफ करें। इस ट्रिक को महीने में कम से कम दो बार जरूर करें। इससे माइक्रोवेव में कभी बदबू और जिद्दी दाग की समस्या नहीं आएगी। वहीं आपका एप्लायंस भी नए जैसा बना रहेगा।

# इन टिप्स की मदद से मेकअप को बना सकती हैं परफेक्ट



मेकअप करने का शौक हर महिला को होता है, लेकिन उसे कैसे परफेक्ट बनाना है, इस पर शायद ही कोई ध्यान देता होगा। आप चाहती हैं मेकअप परफेक्ट दिखे तो इसके लिए इन तरीकों को जरूर ट्राई करें।

## पहला स्टेप

आपको सबसे पहले अपनी स्किन को अच्छा रखना होगा। इसके लिए आप घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं, क्योंकि स्किन जितनी अच्छी होगी, मेकअप आपके फेस पर उतना ही अच्छे लगेगा। आपको मेकअप करने से पहले क्लींजिंग, टोनर और मॉइश्चराइजर अपने फेस पर जरूर अप्लाई करना होगा, तभी आपका मेकअप सही से सेट हो पाएगा।

## दूसरा स्टेप

जब आप अपने फेस पर मॉइश्चराइजर लगा लें तो इसके बाद स्किन को स्मूद बनाने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करें। प्राइमर स्किन को अच्छे से प्रेप करेगा, साथ ही चेहरे पर चमक बनाए रखेगा। इसे करीब 5 मिनट तक चेहरे पर लगे रहने दें, फिर आगे मेकअप का बेस बनाएं।

## तीसरा स्टेप

अक्सर हम प्राइमर लगाने के बाद कंसीलर का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन इससे पहले आपको फाउंडेशन का इस्तेमाल करना है। इस बात का ध्यान रखें कि वो आपकी स्किन से मैच हो और एसपीएफ युक्त हो। इसके बाद अगर आपको आंखों नीचे या फिर होंठ के पास वाली स्किन काली नजर आ रही है तो कंसीलर की मदद से उसे छुपाएं और लूज पाउडर की मदद लें।

# बच्चों में भी फैशन का टशन...



बच्चों का फैशन अब बेहद ध्यान देने योग्य क्षेत्र बन गया है। बच्चों को स्टाइलिश बनाने के लिए आरामदायक, फैशनेबल और मौसमी कपड़ों का चयन करें। बच्चों की पसंद और उनके पर्सनल स्टाइल का ध्यान रखते हुए एसेसरीज और फुटवियर का भी सही चयन करें। इस प्रकार, आप अपने बच्चों को न केवल स्टाइलिश बना सकती हैं, बल्कि उनकी खुशी और आराम का भी ध्यान रख सकती हैं।


## कपड़ों का चयन

बच्चों के लिए आरामदायक कपड़े चुनें, जिससें वे आसानी से खेल सकें और मूव कर सकें। कॉटन और सॉफ्ट फैब्रिक्स का चयन करें, जो उनकी त्वचा के लिए भी अच्छे होते हैं। बच्चों की उम्र के अनुसार कपड़ों का चयन करें। छोटे बच्चों के लिए क्यूट और कलरफुल कपड़े, जबकि बड़े बच्चों के लिए ट्रेंडी और स्टाइलिश कपड़े चुनें। मौसम के अनुसार कपड़े चुनें। गर्मियों में हल्के और सांस लेने वाले कपड़े, जबकि सर्दियों में गर्म और लेयरिंग कपड़े पहनाएं।

### फैशन टिप्स

#### लेयरिंग

लेयरिंग बच्चों को स्टाइलिश बनाने का एक अच्छा तरीका है। टी-शर्ट्स के ऊपर जैकेट्स, स्वेटर और शर्ट्स पहनाएं।



उजले और चमकीले रंग बच्चों पर अच्छे लगते हैं।

#### एसेसरीज

बच्चों के लुक को पूरा करने के लिए हैट्स, कैप्स, स्कार्फ्स, बेल्ट्स और सनग्लासेस जैसी एसेसरीज का उपयोग करें।

#### कलरफुल कपड़े

बच्चों के कपड़ों में रंगों का संयोजन महत्वपूर्ण होता है।

#### प्रिंट्स-पैटर्न्स

फ्लोरल प्रिंट्स, कार्टून कैरेक्टर्स और जियोमेट्रिक पैटर्न्स बच्चों के कपड़ों में बहुत अच्छे लगते हैं।

#### फुटवियर

स्टाइलिश और आरामदायक फुटवियर चुनें। स्नीकर, सैंडल और बूट्स जैसे विकल्पों का चयन करें, जो फैशनेबल भी हो और आरामदायक भी।

# प्लेन साड़ी पर स्टाइलिश लुक के लिए बेस्ट हैं ये 4 फ्रिल डिजाइन वाले ब्लाउज

साधारण या प्लेन साड़ी को आकर्षक और हैवी लुक देने के लिए फ्रिल डिजाइन वाले ब्लाउज बेहतरीन विकल्प हैं। इसमें लेयर्ड फ्रिल, एल्बो लेंथ रफल, शोल्डर ड्रॉप और बटरफ्लाई स्टाइल स्लीव्स काफी ट्रेंड में हैं। यह स्टाइलिश स्लीव्स डिजाइन्स साधारण साड़ी को भी किसी भी फंक्शन के लिए मॉडर्न तथा रॉयल लुक प्रदान करते हैं।



हर महिला को साड़ी पहनना काफी पसंद होता है। ऐसे में महिलाओं के वॉर्डरोब तरह-तरह की साड़ी देखने को मिल जाएगी। बार-बार साड़ी का पहनने का मन हर किसी का हो ही जाता है। कई बार होता कि प्लेन दिखने वाली साड़ी को बिल्कुल भी पहनते, क्योंकि यह हमारा कहीं लुक खराब न कर दें। हालांकि, आप फ्रिल डिजाइन ब्लाउज को वियर करेंगे, तो आपका साड़ी का लुक एकदम गजब का लगेगा। अक्सर ब्लाउज में लगी फ्रिल स्लीव्स आपके बाजुओं को ग्रेसफुल शेप देंगी, बल्कि साड़ी को भी हैवी लुक प्रदान करेंगी।

## लेयर्ड या मल्टी-टियर फ्रिल स्लीव्स

सिंपल-सी-सिंपल साड़ी में जान डाल देगी ये लेयर्ड या मल्टी-टियर फ्रिल स्लीव्स वाले ब्लाउज ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज उन महिलाओं के लिए बेहद खास है, जो हैवी स्लीव्स पसंद करती हैं। इन डिजाइन में आस्तीन पर 2 से 3 लेयर्स में फ्रिल लगाई जाती हैं, जो इसे बेहद आकर्षक बनाती है।

## एल्बो लेंथ रफल फ्रिल आस्तीन

इन दिनों कोहनी तक की लंबाई वाली स्लीव्स ब्लाउज काफी ट्रेंड में है। यह ब्लाउज आपको एकदम एलिगेंट और सोबर लुक प्रदान करेगा। इसमें ब्लाउज की स्लीव कोहनी तक सिंपल होती है और उसके निचले किनारे पर 2 से 3 इंच चौड़ी फ्रिल लगाई जाती है। इस तरह का ब्लाउज आपको मॉर्डन लुक देगा।

## शोल्डर ड्रॉप फ्रिल स्लीव्स

किसी भी पार्टी या फंक्शन में सिंपल साड़ी लुक में तड़का लगाना है, तो यह स्टाइलिश ब्लाउज को पेयर कर सकते हैं। शोल्डर ड्रॉप फ्रिल स्लीव्स वाला ब्लाउज आपके लिए बेस्ट हो सकता है। शोल्डर ड्रॉप फ्रिल स्लीव्स का डिजाइन कंधों से शुरु होता है। इसमें फ्रिल कंधे से होकर सीने की तरफ आती है, जिससे ब्लाउज का डिजाइन और भी खूबसूरत बन जाता है।

## बटरफ्लाई स्टाइल फ्रिल आस्तीन


अगर आप एकदम स्टाइलिश लुक पाना चाहते हैं, तो ट्रेंडी बटरफ्लाई स्टाइल फ्रिल आस्तीन वाले ब्लाउज को पहन सकते हैं। इसे पहनकर आप सिंपल साड़ी में भी रॉयल लुक पा सकते हैं। ऐसे स्लीव्स ब्लाउज बहुत ही प्यार लुक देते है, इसमें आप एकदम बटरफ्लाई जैसी नजर आएंगी। प्लेन साड़ी के लिए इस तरह के ब्लाउज काफी सुंदर लुक देते हैं।

# त्योहार पर ट्रेंडी मांग टीका...खूबसूरती में लगेंगे चार चांद




मांग टीका भारतीय आभूषणों का एक खास और पारंपरिक हिस्सा है, जो अक्सर शादी या खास अवसरों पर पहना जाता है। आजकल के ट्रेंड में कई सुंदर और विंटेज डिजाइन वाले मांग टीके मिल रहे हैं। ऐसे में इस बार आप भी तीज-त्योहारों पर ये नए और बेहद क्लासी डिजाइंस ट्राई कर सकती हैं।

## चांदबाली मांग टीका




यह डिजाइन बड़े गोल या अर्द्धचंद्राकार पिस पर आधारित होता है, जिसमें जटिल पैटर्न और कभी-कभी मोती या रत्नों की लटकन होती है। यह बहुत ही शानदार और शाही लुक देता है।

## कुंदन मांग टीका




कुंदन डिजाइन में अनकट रत्नों को सोने या चांदी में सेट किया जाता है, जिससे एक रिच और भव्य लुक मिलता है। यह पारंपरिक, लेकिन हमेशा के लिए फैशनेबल होता है। इस बार आप इसे ट्राई करें।

## पोल्की मांग टीका




पोल्की डिजाइन में अनकट डायमंड्स का उपयोग किया जाता है, जो जटिल पैटर्न में सेट होते हैं, जिससे एक पुरानी और ग्लैमरस अपील मिलती है। ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों पर फब्ती है।

## मल्टी-लेयर्ड मांग टीका



इनमें कई लेयर्स की चेन या स्ट्रैंड्स होती हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की सजावट जैसे मोती, रत्न या बीड्स होते हैं। ये एक लेयर्ड और सोफिस्टिकेटेड लुक प्रदान करते हैं और आपकी खूबसूरती बढ़ाएंगे।

## मिनिमलिस्टिक मांग टीका



जो महिलाएं सादगी पसंद करती हैं, उनके लिए स्लीक लाइन्स और छोटे, नाजुक रत्न या बीड्स वाले डिज़ाइन बहुत ट्रेंडी हैं। ये एक आकर्षक और परिष्कृत लुक देते हैं।

## विंटेज या एंटिक मांग टीका

जो डिजाइन विंटेज या एंटिक स्टाइल को दोहराते हैं, वे जटिल उकेरे हुए पैटर्न और पुराने जमाने का चार्म लाते हैं। ये पारंपरिक अवसरों के लिए एकदम सही होते हैं। इस तरह के एंटिक मांग टीका को शादी-ब्याह में भी पहना जाता है।

## कस्टमाइज्ड या पर्सनलाइज्ड मांग टीका

कुछ डिजाइन व्यक्तिगत मोनोग्राम, नाम या विशिष्ट मोटिफ्स के साथ कस्टमाइज किए जाते हैं, जो उन्हें विशेष और अनूठा बनाते हैं। इस बार त्योहारों से रिलेटेड कस्टमाइज मांग टीका बना सकती हैं।

## साउथ इंडियन मांग टीका

साउथ इंडियन स्टाइल में आमतौर पर बड़े और जटिल डिजाइन होते हैं, जो पारंपरिक मंदिर आभूषण पैटर्न से सजे होते हैं और भारी-भरकम लुक प्रदान करते हैं। इन डिजाइन को विभिन्न सामग्रियों में बनाया जा सकता है, जैसे सोना और चांदी से लेकर आधुनिक मिश्रित धातुओं तक। चाहे आप कुछ भव्य ढूंढ़ रही हों या सरल, हर मौके और पसंद के लिए एक मांग टीका डिजाइन उपलब्ध है।

# पेट्रोल की कीमत 390 रुपए के पार, गधा लेकर पाकिस्तान की असेंबली में घुस गए इमरान खान की पार्टी के नेता

इस्लामाबाद



सिंध में इमरान खान की पार्टी %पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेताओं ने पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। वे सिंध असेंबली तक गधे-गाड़ी से पहुंचे ताकि आम लोगों पर महंगे ईंधन के बढ़ते बोझ को उजागर कर सकें। डॉन अखबार के मुताबिक, पीटीआई के सज्जाद अली ने इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई की। वे गधे-गाड़ी पर सवार थे और उनके हाथ में एक प्लेकार्ड था जिसमें पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी की आलोचना की गई थी। उनके साथ क्क्षद्ध के अन्य नेता भी शामिल हुए, जिन्होंने प्लेकार्ड उठाए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। विधायक प्रांतीय विधानसभा के पास के इलाकों से मुख्य प्रवेश द्वार तक गधे-गाड़ियों पर सवार होकर आए।

इस विरोध प्रदर्शन के ज़रिए उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत पेट्रोल की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को वापस ले। डॉन की एक रिपोर्ट में दिखाए गए वीडियो में सज्जाद अली ने कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्रियों और विधायकों को भी इसी तरह विधानसभा आना चाहिए। उन्होंने ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को लोगों पर गिराया गया पेट्रोल बम बताया। विरोध-प्रदर्शन के दौरान अली ने कहा कि इस प्रदर्शन का मकसद ईंधन की बढ़ती कीमतों की वजह से आम नागरिकों को हो रही परेशानियों की ओर ध्यान दिलाना था। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि पेट्रोल इतना महंगा हो गया है कि वे अपनी गाड़ियों से असेंबली तक भी नहीं आ सकते। उन्होंने तर्क दिया कि लोग सरकारी नीतियों का असर झेल रहे हैं।

यह विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बीच हुआ। रिपोर्ट में बताया गया है कि मध्य पूर्व में फिर से शुरू हुए तनाव ने तेल की मुख्य सप्लाई लाइनों को बाधित कर दिया है, जिससे पिछले दो महीनों में ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं। गुरुवार को हुई ताज़ा बढ़ोतरी के बाद, पेट्रोल की कीमत 390.79 प्रति लीटर हो गई, जबकि हाई-स्पीड डीज़ल की कीमत 424.92 प्रति लीटर रही। रिपोर्ट के अनुसार, इन कीमतों में पेट्रोल पर 114 प्रति लीटर और डीज़ल पर 100 प्रति लीटर के सरकारी टैक्स और ड्यूटी शामिल थे। इस बढ़ोतरी की वजह से अन्य जगहों से भी आलोचना हो रही है।

## रूस ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति को लेकर ब्रिटेन को दी चेतावनी

**मास्को, (स्पुतनिक/वार्ता)।** रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने मास्को में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैने ढोलकिया को तलब किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 18 सितंबर को रूस में मास्को में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैने ढोलकिया को रूसी विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। मंत्रालय ने कहा कि उसने लंदन द्वारा कीव को यूएवी और दूसरे हथियारों की आपूर्ति बढ़ाने के मामले में वहां के राजनयिक प्रतिनिधि के सामने विरोध दर्ज कराया है। कीव को लंबी दूरी के हथियारों की आपूर्ति करके, लंदन खुद को कीव के अत्याचारों में साझीदार बना रहा है। बयान में कहा गया, यूके को उन अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की सूची सौंपी गई है जिनका वह कीव का समर्थन करके उल्लंघन कर रहा है। लंदन की नीति को देखते हुए, मास्को आत्म-रक्षा के अपने अधिकार के तहत जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। साथ ही, हालात बिगड़ने पर इसकी पूरी ज़िम्मेदारी लंदन की होगी।बयान में कहा गया कि यूके को तनाव बढ़ाने वाले अपने रवैये को छोड़ना होगा और अपनी गतिविधियों को संबंधित अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप करना होगा।

# ग्रीनलैंड पर अमेरिका-डेनमार्क के बीच हुआ समझौता

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिका और डेनमार्क ने ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर एक समझौते की घोषणा की है जिससे उस राजनयिक विवाद का समाधान हो गया है जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से इस इलाके पर ज़बरदस्ती कब्ज़ा करने की धमकी के बाद उत्पन्न हुआ था। यह जानकारी शनिवार को बीबीसी की रिपोर्ट से प्राप्त हुई। श्री ट्रंप ने कहा कि इस समझौते से अमेरिका को सुरक्षा और अन्य सभी ज़रूरतों पर स्थायी नियंत्रण मिल जाएगा। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन ने कहा कि यह समझौता आर्कटिक और उत्तरी अटलांटिक इलाके में सुरक्षा को मज़बूत करता है लेकिन उन्होंने समझौते की उन खास बातों का ज़िक्र नहीं किया जिनका ज़िक्र श्री ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में किया था।

यह समझौता श्री ट्रंप द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को लेकर ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने की महीनों से दी जा रही धमकियों के बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने रक्षा उद्देश्यों के लिए इसकी रणनीतिक स्थिति और इसके खनिज संपदा का हवाला दिया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि इस समझौते से अमेरिका पर कोई खर्च नहीं आएगा और इससे अमेरिका को ग्रीनलैंड की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उसकी रक्षा करने के लिए ज़रूरी कदम उठाने की क्षमता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसमें एक नियम शामिल है कि अमेरिका के किसी भी दुश्मन की ग्रीनलैंड में सैन्य मौजूदगी नहीं होगी और न ही अमेरिका के स्पष्ट लिखित मंज़ूरी के बिना ग्रीनलैंड में संवेदनशील निवेश कर सकता है।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने पुष्टि की कि अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता आर्कटिक और उत्तरी अटलांटिक इलाके में हमारी साझा सुरक्षा को मज़बूत करता है और साथ ही किंगडम की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा ग्रीनलैंड के लोगों के आत्म-निर्णय के अधिकार को भी मान्यता देता है।

उन्होंने आगे कहा कि इस समझौते को अभी भी सांसदों की मंज़ूरी की ज़रूरत है और इसे लागू होने के लिए ज़रूरी संसदीय प्रक्रियाओं से गुज़रना होगा।

ग्रीनलैंड सरकार के चेयरमैन जेन्स-फ्रेडरिक निल्सन ने समझौते की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि यह खुशी की बात है कि हम एक ऐसे समझौते पर पहुंचने वाले हैं जो ग्रीनलैंड, डेनमार्क और अमेरिका की सुरक्षा को पक्का और मज़बूत करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे ऐतिहासिक समझौता और अमेरिका एवं अमेरिकी लोगों के लिए बड़ी जीत करार दिया। उन्होंने एक बयान में कहा, यह समझौता ग्रीनलैंड में हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का स्थायी और पूर्ण समाधान करता है।

इस समझौते का कोई भी टेक्स्ट जारी नहीं किया गया है। BBC ने डेनिश दूतावास और व्हाइट हाउस से संपर्क किया है। हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग के एक अज्ञात अधिकारी ने बिना कोई खास जानकारी दिए इस समझौते की रूपरेखा बताई। सहमति वाली शर्तों में एक यह भी है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र देश बन जाता है, तब भी यह समझौता खत्म नहीं होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि इस समझौते के तहत, अमेरिका के पास ग्रीनलैंड या डेनमार्क की मंज़ूरी के बिना अतिरिक्त सैन्य संरचना बनाने का एकतरफ़ा अधिकार है। अधिकारी ने बताया कि इसमें स्थायी पहुंच, बेस बनाने और ऊपर से उड़ान भरने के अधिकार शामिल हैं।

यह गैर-नाटो देशों को ग्रीनलैंड में बेस बनाने से भी रोकता है, और विरोधी देशों को ग्रीनलैंड में ऐसे निवेश करने से रोकता है जिनसे अमेरिका को खतरा हो सकता है। अधिकारी ने खास तौर पर रूस और चीन का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह उन्हें संवेदनशील क्षेत्रों में सैनिक तैनात करने या निवेश करने से रोकता है।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने फिलिस्तीनी अधिकारियों को अमेरिकी वीजा न मिलने पर जताया दुख

**संयुक्त राष्ट्र, (वार्ता)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने फिलिस्तीनी अधिकारियों को अमेरिका के वीजा ने देने के फैसले पर दुख व्यक्त किया है।



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने फिलस्तीनी अधिकारियों को अमेरिकी वीजा देने से इनकार किए जाने पर खेद व्यक्त किया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि इससे फिलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा के मुख्यालय न्यूयॉर्क में होने वाली उच्चस्तरीय बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो पायेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। श्री गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, महासचिव अमेरिका की उस घोषणा पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं, जिसके तहत प्रतिबंधों का विस्तार करते हुए फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) के सदस्यों और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अधिकारियों को संयुक्त राष्ट्र की बैठकों में भाग लेने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया है।

## ईरान में हिजाब कानून को खुली चुनौती, महिलाओं ने बिना स्कार्फ पहने दौड़ में लिया हिस्सा

तेहरान

ईरान में कानून के तहत हिजाब पहनना अनिवार्य है। लेकिन हाल ही में ईरान की राजधानी तेहरान से एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसमें महिलाएं बिना हिजाब या स्कार्फ पहने ही 10 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लेती नजर आईं। ईरान से सामने आए इस वीडियो ने लोगों का ध्यान खींचा है। शुक्रवार को वेलायत पार्क में हुई तेहरान 10व दौड़ में कई महिलाओं को बिना सिर ढके दौड़ते देखा गया। तेहरान में आयोजकों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग दौड़ का आयोजन किया था, जिसमें महिलाओं की दौड़ में 10 किलोमीटर के कोर्स के दो चक्कर शामिल थे। हालांकि, बिना हिजाब के दौड़ने वाली महिलाओं के कुछ वीडियो सरकार के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी शेयर किए गए। इसने लोगों का ध्यान खींचा क्योंकि ईरानी कानून के तहत सार्वजनिक जगहों पर बिना हिजाब के दिखना मना है।ईरानी महिलाओं की इस दौड़ ने लोगों का ध्यान इसलिए भी खींचा, क्योंकि इससे



पहले किश द्वीप पर महिलाओं की सड़क दौड़ का आयोजन किया गया था, तब अधिकारियों ने उन प्रतिभागियों पर कार्रवाई की थी, जिन्होंने बिना सिर पर स्कार्फ पहने दौड़ में हिस्सा लिया था। 2022 में महिला, जीवन, स्वतंत्रता विरोध प्रदर्शनों के बाद से कई बार ऐसा देखा गया है कि ईरानी महिलाएं सार्वजनिक जगहों पर बिना सिर पर स्कार्फ पहने दिखती हैं। ये विरोध प्रदर्शन मोरालिटी पुलिस की हिरासत में महसा जीना अमीनी की मौत के बाद शुरू हुए थे। हालांकि ईरान की सड़कों और कुछ सार्वजनिक जगहों पर बिना सिर ढके दिखना आम हो गया है, फिर भी अनिवार्य हिजाब ईरानी कानून का हिस्सा बना हुआ है। इसे अलग-अलग तरीकों से लागू किया जाता है। ईरान में सरकारी दफ्तरों और कई आधिकारिक जगहों पर महिलाओं के लिए अंदर जाने के लिए सिर पर स्कार्फ पहनना अभी भी जरूरी है।

## यूके से पढ़ाई कर लौटे युवक ने पड़ोसी के बेटे को किया किडनैप, बंधक बनाकर की बेरहमी से हत्या



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु अर्बन जिले में एक 13 वर्षीय लड़के के अपहरण और हत्या के आरोप में यूके रिटर्न एमटेक ग्रेजुएट को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने हाल ही में एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में नौकरी शुरू की थी। उसने बुधवार रात अपने पुराने पड़ोसी के बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी भास्कर रेड्डी ने लड़के के पिता से 1 करोड़ रुपये की फिरौती ऐंठने की योजना बनाई थी, जो एक रियल एस्टेट कारोबारी हैं। इसका मकसद अपने परिवार पर चढ़े 3 करोड़ रुपये के कर्ज को चुकाना था। इस हत्या में उसका एक साथी एडुकोंडालु भी शामिल था, वह फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रेड्डी और 8वीं कक्षा का छात्र एम प्रज्वल का परिवार येलहंका में पड़ोसी थे, जिसके बाद प्रज्वल का परिवार उसी इलाके की दूसरी गली में रहने चला गया था। बुधवार को भास्कर ने प्रज्वल को उसके घर के पास से अपनी एसयूवी में यह कहकर बैठा लिया कि वे पटाखे खरीदने जा रहे हैं। उसने बच्चे को कार चलाना सिखाने का भी लालच दिया था। पुलिस के मुताबिक, भास्कर और एडुकोंडालु प्रज्वल को एक सुनसान जगह ले गए। वहां उन्होंने उसे बंधक बनाकर एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसे वे फिरौती मांगने के लिए उसके परिवार को भेजने वाले थे। इसके बाद उन्होंने लड़के के सिर पर लकड़ी के लट्ठे से वार किया, जिससे वह बेहोश हो गया। फिर आरोपी प्रज्वल को एक अन्य सुनसान जगह पर ले गए। दोनों एक कंपाउंड वॉल पर खड़े हो गए और नीचे पड़े बच्चे पर खोखली ईंटें बरसाकर बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि एडुकोंडालु एक प्राइवेट स्कूल बस का क्लीनर है और पैसों के लालच में इस अपराध में शामिल हुआ था। हत्या के बाद एडुकोंडालु वहां से भाग गया।

एडुकोंडालु के जाने के बाद भास्कर ने प्रज्वल के शव को ठिकाने लगाने के लिए आंध्र प्रदेश के नेल्लोर ले जाने का फैसला किया। उसने शव को वहां पड़े एक फटे और पुराने गद्दे में लपेटा और अपनी एसयूवी की डिक्की में रख दिया। हालांकि, शव को ले जाते समय रेड्डी का प्लान फेल हो गया। पुलिस के अनुसार, वह नशे में धुत था और उसने अपनी एसयूवी एक बिजली के खंभे से टकरा दी। इसके बावजूद वह गाड़ी चलाता रहा और चिक्काजला के पास एक अपार्टमेंट के बाहर खड़ी दो अन्य कारों से जा टकराया। टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी और स्थानीय लोग बाहर आए और रेड्डी को पकड़ लिया। उन लोगों को शक हुआ कि वह नशे में है। जब उन्होंने गाड़ी की तलाशी ली तो डिक्की से बच्चे का शव बरामद हुआ।

# वे गिनते जाएं, हम नौकरियां देते जाएंगे, योगी ने किया 6 महीने में 1 लाख से ज्यादा सरकारी भर्तियों का एलान

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग रोजगार नहीं दे पाए, वे आज सवाल खड़े कर रहे हैं। वे गिनते जाएं, हम नौकरियां देते जाएंगे। अगले छह महीने में एक लाख से कम नहीं, बल्कि एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली युवा जब उत्तर प्रदेश की ताकत बनेंगे तो प्रदेश देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था के रूप में खुद को स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लोकभवन सभागार में मिशन रोजगार के तहत आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से आयुष, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम समेत विभिन्न विभागीय पदों पर चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री योगी ने नवचयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उनके परिश्रम का प्रतिफल मिला है और अब वे उत्तर प्रदेश सरकार के अलग-अलग विभागों का हिस्सा बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक प्रदेश के साढ़े नौ लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दी गई है। नियुक्तियों का क्रम आगे भी जारी रहेगा। शनिवार को भी करीब एक हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अगले छह महीने में एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का



लक्ष्य है। जो लोग यह काम नहीं कर पाए, वे आज प्रश्न खड़े कर रहे हैं। वे गिनते जाएं, हम देते जाएंगे। एक लाख से कम युवाओं को नौकरी देने पर नहीं, उससे ज्यादा पर ही चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री योगी ने आगामी नियुक्तियों का ब्योरा देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में 36 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाने हैं। उनकी परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और फिजिकल व मेडिकल की प्रक्रिया चल रही है। होमगार्ड में भी 41 से 42 हजार नियुक्तियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से अगले छह महीने में आने वाले परिणामों के माध्यम से 25 से 30 हजार नए युवाओं को अवसर मिलेगा। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग से करीब 20 से 25 हजार नौजवानों को अवसर मिलने वाला है। कुछ के परिणाम आने शुरू हो गए हैं और कुछ की परीक्षाएं चल रही हैं। अगले तीन से चार महीने में इनके परिणाम भी सामने आ जाएंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से भी अलग-अलग विभागों में 15 से 16 हजार युवाओं को अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने भर्ती प्रक्रिया समयबद्ध, पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से पूरी करने के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्षों एवं सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भर्ती बोर्ड और आयोग शासन की राजनीति का शिकार नहीं होते और परीक्षाएं पारदर्शी व शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न होती हैं तो उसके परिणाम ऐसे ही देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले आयोग और भर्ती बोर्डों में तत्कालीन सरकारों ने अपने भाई-भतीजों को बैठाकर पूरी प्रक्रिया को बदनाम कर रखा था। एक भी भर्ती ईमानदारीपूर्वक नहीं होती थी। युवा पलायन करता था और प्रदेश के बाहर उसके सामने पहचान का संकट खड़ा था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग का चेयरमैन ऐसे व्यक्ति को बनाया गया था, जो स्वयं उस पद के लिए योग्य नहीं था। इसके बाद वहां जो स्थिति बनी, उसके खिलाफ न्यायालय को कहना पड़ा और प्रदेश के युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ा।

मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में ऐसी भर्तियां भी हुईं, जिनमें आवेदन नहीं करने वालों को नियुक्ति पत्र मिल गया और आवेदन करने वाले देखते रह गए। विज्ञापन जारी होते ही वसूली के लिए अलग-अलग गिरोह और सिंडिकेट सक्रिय हो जाते थे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**



## वहीदा रहमान निभाएंगी महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई का किरदार

दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान फिल्मकार अनुभव सिन्हा और सुधीर मिश्रा की आगामी फिल्म में महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई की भूमिका निभाएंगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी महात्मा गांधी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सौरभ शुक्ला भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म महात्मा गांधी के जीवन के कम चर्चित 21 दिनों की कहानी पर आधारित है। सुधीर मिश्रा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण अनुभव सिन्हा और नरेंद्र हिरावत ए बनारस मीडियावर्क्स के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म को एनएच स्टूडियोज प्रस्तुत कर रहा है। वहीदा रहमान की मौजूदगी से फिल्म में भावनात्मक गहराई जुड़ने की उम्मीद है। सुधीर मिश्रा ने कहा कि वहीदा रहमान का इस परियोजना का हिस्सा बनना उनके लिए बेहद खास और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि प्यासा, साहिब बीबी और गुलाम, कागज के फूल और गाइड जैसी फिल्मों से उनका गहरा जुड़ाव रहा है और उन्हें यकीन नहीं होता कि ऐसी ऐतिहासिक फिल्मों की अभिनेत्री अब उनके निर्देशन वाली फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। अनुभव सिन्हा ने कहा कि वहीदा रहमान के साथ फिल्म और खास तौर पर इस परियोजना पर चर्चा करना उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने खुशी जताई कि सुधीर मिश्रा और फिल्म की पटकथा वहीदा रहमान को फिर से सेट पर लाने में सफल रहे।



### सामंथा की माँ इंति बंगारम का सोनी मैक्स पर वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 26 सितंबर को होगा

सामंथा रुथ प्रभु की एक्शन-कॉमेडी फिल्म माँ इंति बंगारम का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 26 सितंबर को रात आठ बजे सोनी मैक्स पर होगा।फिल्म में सामंथा स्वर्णा की भूमिका में नजर आएंगी, जो परिवार की जिम्मेदारियों और उम्मीदों के बीच बहू के रूप में अपनी जिंदगी संभालती है। कहानी उस समय दिलचस्प मोड़ लेती है, जब उनके भीतर छिपा एक्शन से भरपूर अंदाज सामने आता है। माँ इंति बंगारम में एक्शन, कॉमेडी और पारिवारिक भावनाओं का मेल देखने को मिलेगा। फिल्म पारिवारिक जीवन में अक्सर अनदेखी रह जाने वाली ताकत को रेखांकित करती है और रूढ़िवादी धारणाओं को भी मनोरंजक अंदाज में चुनौती देती है।

## रिचा चड्ढा की पहली नॉन-फिक्शन सीरीज मुसाफिरी का ट्रेलर रिलीज

अभिनेत्री रिचा चड्ढा ने अपनी पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ मुसाफिरी का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। यह रिचा का यूट्यूब पर भी पहला कदम है। आठ एपिसोड की इस सीरीज़ को रिचा ने होस्ट करने के साथ-साथ लिखा और प्रोड्यूस भी किया है।मुसाफिरी नए यूट्यूब चैनल फुल स्टॉप पर 25 सितंबर से प्रसारित होगी। इसके बाद हर शुक्रवार एक नया एपिसोड जारी किया जाएगा। इस चैनल को रिचा चड्ढा और अली फज़ल ने लॉन्च किया है।




मुसाफिरी रिचा और अली फज़ल के प्रोडक्शन हाउस बटटंस स्टूडियोज़ की दूसरी प्रस्तुति है। इससे पहले प्रोडक्शन हाउस की फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स को सनडांस में कई सम्मान मिले थे और रिचा को इंडी स्पिरिट्स अवार्ड्स में जॉन कैसावेट्स प्राइज़ से सम्मानित किया गया था।

मुसाफिरी का विचार रिचा के मां बनने के बाद अपने आसपास की दुनिया को नए नजरिए से देखने की जिज्ञासा से आया। इतिहास में ऑनर्स की पढ़ाई कर चुकी रिचा कला, इतिहास, संस्कृति और लोगों के जीवन को करीब से जानने में रुचि रखती हैं।

सीरीज़ के पहले सीज़न में रिचा मुंबई के अनसुने इतिहास, कम चर्चित जगहों, दिलचस्प लोगों और अनकही कहानियों की तलाश करती नजर आएंगी। आठ एपिसोड में वह स्थानीय लोगों, कलाकारों, इतिहासकारों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बातचीत करेंगी।

रिचा ने कहा कि मां बनने के बाद दुनिया को देखने का उनका नजरिया बदला और उनके भीतर चीजों को नए सिरे से जानने की जिज्ञासा पैदा हुई। उन्होंने सवाल किया कि जिस शहर में वह इतने वर्षों से रह रही हैं, क्या वह वास्तव में मुंबई को जानती हैं और इस शहर ने उन्हें जो कुछ दिया है, उसके प्रति उनकी क्या जिम्मेदारी है। मुसाफिरी के जरिए रिचा अपने ही शहर को एक जिज्ञासु यात्री की नजर से जानने की कोशिश करेंगी। सीरीज़ का पहला सीज़न पूरी तरह मुंबई को समर्पित है।



### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आर. माधवन को बनाया ब्रांड एंबेसडर

उजीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अभिनेता एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित आर. माधवन को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करते हुए नया अभियान नथिंग स्मॉल अबाउट अस शुरू किया है।बैंक के अनुसार, अभियान का उद्देश्य स्मॉल शब्द से जुड़ी उस धारणा को बदलना है, जिसके कारण बैंक की सेवाओं और पहुंच को सीमित समझा जा सकता है। आर. माधवन ने कहा कि उजीवन से जुड़ने से पहले उन्होंने बैंक और उसकी यात्रा के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि बैंक के बारे में जानने के बाद उन्हें इसके साथ जुड़ने का विश्वास मिला और उनके बारे में कुछ भी छोटा नहीं है। अभियान का प्रसार टेलीविजन, प्रिंट, डिजिटल, ओटीटी, कनेक्टेड टीवी, आउटडोर, सोशल मीडिया और बैंक की शाखाओं के माध्यम से किया जाएगा।

### छपारा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अंधे हत्याकांड का 72 घंटे में खुलासा

# हत्या के तीन आरोपी एवं गौवंश वध के 7 आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में जिले में अपराधों की रोकथाम एवं शीघ्र निराकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना छपारा पुलिस को अंधे हत्याकांड का खुलासा करने में बड़ी सफलता मिली है। दिनांक 12/09/2026 को थाना छपारा में प्रार्थिया राजकुमारी इनवाती ने अपने पति वीरनलाल इनवाती उम्र 45 वर्ष के दिनांक 11/09/2026 को सुबह 06ः00 बजे घर से बस्ती तरफ घूमने जाने का कहकर निकलने और वापस न आने की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर अपराध क्र. 437/26 धारा 140(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान दिनांक 14/09/2026 को ग्राम जूनापानी बंजर में भागीराम उइके के खेत की मेड़ के किनारे झोड़ी (नाला) के पास मृतक बीरनलाल इनवाती का शव मच्छरदानी में बंधा हुआ एवं सागौन के सूखे पत्तों से ढका हुआ मिला। पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कार्यवाही के बाद डॉक्टर द्वारा मृत्यु गला घोटने एवं सिर में आई चोटों के कारण होना बताया गया, जिस पर प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया।

मृतक के परिजनों द्वारा संदेह व्यक्त करने पर संदेही दसराम उइके से सख्ती से पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि दिनांक 11/09/2026 को



बड़गा त्योहार के दिन उसने अपने साथी घनश्याम उइके, रमेश मर्सकोले व मृतक बीरनलाल के साथ मिलकर रमेश मर्सकोले के खेत में एक गौवंश को काटकर उसका मांस गांव में बेचा था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कुछ दिन पूर्व आरोपी दसराम उइके ने मृतक को उसकी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिससे उसके मन में मृतक के प्रति आक्रोश था। घटना वाले दिन जब मृतक मांस लेकर अकेला खेत की मेड़ से घर जा रहा था, तो आरोपी ने पीछे से जाकर उसे धक्का देकर गिरा दिया, हाथापाई के दौरान जमीन पर पटक कर हाथों से गला दबाकर हत्या कर दी।

बाद में आरोपी ने अपने साथी रमेश मर्सकोले एवं घनश्याम उइके को बुलाकर शव को भागीराम उइके के खेत के कुएं में फेंक दिया। दो दिन बाद शव तैरने पर तीनों आरोपियों ने पुनः शव को निकालकर मच्छरदानी में बांधकर झोड़ी किनारे फेंक कर पत्तों से ढक दिया था। आरोपी की निशानदेही पर गौवंश के अवशेष (चमड़ी, पूंछ के बाल, खुर आदि) जप्त कर पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया। उक्त कृत्य पर थाना छपारा में पृथक से अपराध क्र. 447/2026 धारा 4,9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधि. एवं 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस टीम द्वारा हत्या एवं साक्ष्य छुपाने के मामले में 3 आरोपी एवं गौवंश वध के मामले में कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। शेष 2 आरोपियों की तलाश जारी है।

### हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी

1. दसराम उइके उर्फ गब्बू पिता बाबूलाल उइके उम्र 40 साल निवासी जामुनपानी बंजर 2. घनश्याम उइके पिता मनका उइके उम्र 57 साल निवासी जामुनपानी बंजर

3. रमेश मर्सकोले उर्फ रम्मू पिता बाजारी मर्सकोले उम्र 70 साल निवासी जूनापानी रैयत बंजर

गौवंश वध के मामले में गिरफ्तार आरोपी

4. असरु उइके पिता मकनसी उइके उम्र 28 साल

5. धनीराम धुर्वे पिता रतिराम धुर्वे उम्र 50 साल

6. कमलसिंग परते पिता रिक्खीराम परते उम्र 50 साल 7. राकेश उइके पिता रोशनलाल उइके उम्र 26 साल (सभी निवासी थाना छपारा क्षेत्र)


### सराहनीय भूमिका

एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी, थाना प्रभारी छपारा निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उनि मुकेश डेहरिया, उनि सुक्कूलाल उइके, उनि भुजवल सिंह प्रजापति, सउनि सुखदास मर्सकोले, प्र.आर. विनोद बघेल, प्र.आर. दशरू प्रसाद बघेल, प्र.आर. विनोद धुर्वे, प्र.आर. शैलेन्द्र कवरेती, आर. दादूराम कुमरे, आर. गजानंद वर्मा, आर. विनय सेंगर, आर. सूरज गिरारे, आर. रवि बहेटवार, सैनिक झामसिंह ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

# हत्या के आरोप से आयुष सीत्कारे दोषमुक्त

### अधिवक्ता निर्मल यादव एवं अमित राजा यादव की प्रभावी पैरवी

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** विशेष प्रकरण क्रमांक एससीएटीआर 178/2021 में अभियुक्त आयुष सीत्कारे के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 एवं 120-बी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(आर), 3(1)(एस) तथा आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 25 के अंतर्गत अभियोग का विचारण किया गया।



अधिवक्ता निर्मल यादव



अधिवक्ता अमित राजा यादव

उक्त प्रकरण में अभियुक्त आयुष सीत्कारे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल यादव एवं अधिवक्ता अमित राजा यादव ने बचाव पक्ष की पैरवी की। सुनवाई के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों, गवाहों के कथनों तथा अन्य अभिलेखों का विधि के अनुरूप परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण किया गया। बचाव पक्ष की ओर से प्रकरण से जुड़े तथ्यात्मक एवं विधिक पहलुओं को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए तर्क रखे गए।

प्रकरण की सुनवाई पूर्ण होने के उपरांत माननीय विशेष न्यायाधीशगालिब रसूल, सिवनी द्वारा पारित निर्णय में अभियुक्त आयुष सीत्कारे को अभियोजन द्वारा लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त किया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक अभियुक्त को निष्पक्ष विचारण तथा विधि के अनुसार अपना पक्ष रखने का अधिकार है। अधिवक्ता का दायित्व न्यायालय के समक्ष उपलब्ध तथ्यों, साक्ष्यों एवं विधिक आधारों को प्रस्तुत करना है।

# डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान को मिला मेडिकल कॉलेज का संबल

### दीप प्रज्वलन से रक्तदान तक सक्रिय सहभागिता, 108 यूनिट रक्त संग्रह में टेक्निकल-पैरामेडिकल स्टाफ की अहम भूमिका

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** सेवा संकल्प अभियान में सिवनी मेडिकल कॉलेज ने सक्रिय सहभागिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई।

डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज के टेक्निकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सूर्या के साथ समन्वय करते हुए रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्त संग्रह की तकनीकी प्रक्रिया में मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने अपनी सेवाएं देते हुए शिविर के




सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया। अभियान के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। सेवा संकल्प अभियान से जुड़ी अन्य गतिविधियों में भी मेडिकल कॉलेज की सक्रिय सहभागिता रही।

रक्तदान शिविर में मेडिकल कॉलेज से संजय ठाकुर, आर.टी. साहू सहित अन्य तकनीकी कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दीं। मेडिकल कॉलेज के स्टाफ द्वारा शिविर में आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया गया।

**आगे भी गतिविधियों में रहेगा पूरा सहयोग**

डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आगे आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में भी मेडिकल कॉलेज की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें मेडिकल कॉलेज अपनी सहभागिता एवं आवश्यक सहयोग निरंतर प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत होने वाली आगामी गतिविधियों में मेडिकल कॉलेज की सहभागिता बनी रहेगी और संस्थान की ओर से आवश्यक सहयोग निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा।

# स्कूल जा रहे 7 वर्षीय मासूम को सरिया से भरे ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के पलारी तिगड्डा में सिवनी-मंडला मार्ग पर आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। स्कूल जा रहे 7 वर्षीय मासूम अनुज पिता सोनू चौरसिया को सरिया से भरे ओपन ट्राला ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ओपन ट्राला ट्रक में सरिया भरी हुई थी और जो मंडला की ओर जा रहा था। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके



पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई और आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा भेजा है। वहीं ट्राला को जब्त कर लिया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश के साथ ही पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# विधायक गौरव पारधी की उपस्थिति में कटंगी-लालबर्रा मार्ग का राजस्व विभाग ने किया चिन्हांकन



**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित कटंगी-लालबर्रा मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शीघ्र ही इस महत्वपूर्ण मार्ग का भूमि पूजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके पूर्व शनिवार को राजस्व विभाग द्वारा मार्ग का चिन्हांकन किया गया। इस दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने मौके पर पहुंचकर चिन्हांकन कार्य का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ मार्ग निर्माण से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

कटंगी नगर में प्रत्येक शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगने के कारण इस क्षेत्र में यातायात का अत्यधिक दबाव बना रहता है। बाजार के दिन लोगों एवं वाहनों की अधिक आवाजाही के चलते कई बार आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और यातायात का गतिरोध देखने को मिलता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर चर्चा कर आवश्यक व्यवस्थाओं और संभावित समाधान पर विचार-विमर्श किया।कटंगी-लालबर्रा मार्ग लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांगों में शामिल रहा है।

इस मार्ग के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों, ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था तथा स्थानीय विकास को भी नई गति मिलेगी। भूमि पूजन से पूर्व सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा किया जा रहा है, ताकि निर्माण कार्य व्यवस्थित और समयबद्ध रूप से प्रारंभ हो सके। इस दौरान नगर परिषद के सीएमओ, इंजीनियर, राजस्व विभाग के तहसीलदार एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## सर्व गुजराती समाज के अध्यक्ष चुने गए वैभव भाई कश्यप

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** सर्व गुजराती समाज की बैठक 18 सितंबर को शाम 6 बजे गुजराती समाजवाड़ी में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। सभी की सहमति से वैभव रतनलाल कश्यप को सर्व गुजराती समाज का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के सदस्यों ने वैभव भाई कश्यप को बधाई दी। सदस्यों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज को आगे बढ़ाने और समाज से जुड़े कार्यों को बेहतर तरीके से करने में मदद मिलेगी। वैभव भाई कश्यप ने भी सभी सदस्यों का आभार जताते हुए समाज के सभी लोगों के सहयोग से काम करने की बात कही। नई कार्यकारिणी में चुन्नीलाल देवराम भाई पटेल और श्रीमती मीना शिशिर भाई चावड़ा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रकाश ईश्वर भाई पटेल को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

# महकेपार अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिले विधायक गौरव सिंह पारधी, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** ग्राम महकेपार में तीन दिन पूर्व हुए भीषण अग्निकांड में लाखों रुपये की गृहस्थी और दुकान का सामान जलकर राख हो गया था। हादसे में परिवार के चार सदस्य झुलस गए थे, जिनमें दो बच्चियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए भंडारा रेफर किया गया था। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने महेकेपार पहुंचकर अग्निकांड से प्रभावित परिवार के परिजनों से मुलाकात की और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने परिवार के सदस्यों से घटना की जानकारी लेते हुए उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

विधायक श्री पारधी ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए मौके से ही राजस्व विभाग के पटवारी को निर्देशित किया कि अग्निकांड से हुए नुकसान का पंचनामा जल्द से जल्द तैयार कर शासन की नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए। विधायक ने आग की चपेट में आकर घायल हुए परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। विशेष रूप से उपचाररत दोनों बच्चियों की स्थिति को लेकर जानकारी लेते हुए उनके बेहतर उपचार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**तीन दिन पूर्व हुआ था भीषण अग्निकांड...**उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व नारायण कोटेकार के मकान में सुबह करीब 7 बजे अचानक आग लग गई थी। मकान में प्लास्टिक एवं बर्तनों की दुकान संचालित होने के कारण आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया था। ग्रामीणों ने मशक्कत कर घर में फंसे परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला था। इसके बाद फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मकान, दुकान, अनाज, राशन सामग्री, कपड़े, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित पूरी गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित परिवार के अनुसार हादसे में 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

# सरदार पटेल कॉलेज के बीएएमएस की 100 सीटों पर लगा ब्रेक

### सरदार पटेल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को 2026-27 में प्रवेश की अनुमति नहीं




**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के आयुर्वेद शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। सरदार पटेल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है। कॉलेज में बीएएमएस की कुल 100 सीटें हैं। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग की ओर से जारी सूची में कॉलेज का नाम उन संस्थानों में शामिल किया गया है, जिन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। आदेश में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग अधिनियम, 2020 की धारा 28 और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई का उल्लेख किया गया है। इसका सीधा असर कॉलेज की 100 बीएएमएस सीटों पर पड़ेगा। आयोग ने कॉलेज को अनुमति से वंचित श्रेणी में रखा है। सूची में कॉलेज की निर्धारित 100 सीटों का भी उल्लेख किया गया है। ऐसे में 2026-27 सत्र में यहां बीएएमएस में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों और प्रवेश की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

**39 शिक्षकों के शिक्षक कोड हुए थे निलंबित...**गौरतलब है कि इससे पहले राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग ने सरदार पटेल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय से जुड़े 39 शिक्षकों के शिक्षक कोड एक वर्ष के लिए निलंबित किए थे। इस कार्रवाई के बाद कॉलेज में कथित 'कागजी शिक्षक', यानी दस्तावेजों में दर्ज लेकिन वास्तविक रूप से संस्थान में मौजूद नहीं रहने वाले शिक्षकों को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। अब 2026-27 सत्र के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन के सामने संबंधित कमियों को दूर कर नियामक अनुमति हासिल करने की चुनौती है। विद्यार्थियों और अभिभावकों की नजर अब आयोग की आगामी प्रक्रिया पर रहेगी।

# किरनापुर थाना कांड और कई सवाल?

### थाने में बलवे पर पुलिस के रडार में शराब ठेकेदार से लेकर सफेद पोश नेता...!

### पुलिस अधीक्षक को हटाने का प्लान...?

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** किरनापुर थाना कांड के बाद पुलिस की कार्यवाई जैसे जैसे आगे बढ़ रही है वैसे वैसे कई नए-नए चौंकने वाले खुलासे सामने आते जा रहें हैं। इन सब के बीच एक सवाल जो सबके जहन में उठ रहा है कि थाना कांड के पिछे युवाओं को किसी ने उकसाया था?..क्या यह भीड़ सुनियोजित तरिके से जमाई गई थीं या फिर बाहर से उपद्रवियों को बुलाया गया था? या फिर गर्भवती महिला से कथित थाना में मारपीट के मामले में आक्रोशित जनता ने वाकई में यह कदम उठाया हैं.? या फिर ऐसा तो नहीं कि एसपी आदित्य मिश्रा की बदनामी कर उनका बालाघाट से ट्रांसफर की साजिश रची गई हो..? क्योंकि इन सवालों के बीच अब शराब ठेकेदार से लेकर सफेद पोश नेता के की तस्वीरें भी साफ होते दिखाई दे रहें है.? जानकारी अनुसार, किरनापुर थाने में दर्ज चोरी के प्रकरण में कथित आरोपी कैलाश चौधरी और उसकी पत्नी सावित्री के साथ पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने के आरोप से जुड़ा है।

थाने में की पुलिस पिटाई के विरोध में 15 सितंबर को किरनापुर में समाज ने आंदोलन किया था। जिसमें तकरीबन 5 हजार से ज्यादा लोग, आंदोलन में शामिल हुए थे। सामाजिक आंदोलन के दौरान, किरनापुर थाने में हुई पत्थरबाजी, तोडफोड़ और पुलिसकर्मियों पर हमले और फिर पुलिस ने आंसु गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया गया, इस दौरान कई पुलिसकर्मियो को चोटें आने के साथ ही थाने के भवन को भी नुकसान पहुंचा था। अब शराब से लेकर कुछ सरपंच व सफेद पोश नेताओं का एंगल सामने आया हैं। पुलिस ने दावा हैं कि थाने में उपद्रवी लोगों को मुफ्त में शराब बांटी गई और रूपए भी दिए गए।



### नेता क्यों डर रहे पुलिस की कार्यवाई से...

आईपीएस आदित्य मिश्रा जब से बालाघाट जिले में एसपी की कमान संभाले हैं तभी से उन्होंने नक्सली सफाया, डबलमनी कांड खुलासा, चांवल घोटाला, आदिवासी भूमि घोटाला से लेकर कई बड़े-बड़े मामलों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे डालने का काम किया हैं। क्या यहीं कार्यवाई सफेद पोश नेतागणों को खल रहीं है? समाचारों में भी आपने गत दिनों पढ़ा था, कि कुछ नेतागण भोपाल में ढेरा जमाए हुए थे और एसपी आदित्य मिश्रा को बालाघाट से हटाने के लिए जोर-आजमाइश कर रहें थे लेकिन पुलिसीय कार्यवाई आज भी जारी हैं।

### हटा न सके तो बदनामी की साजिश..?

थाने में महिला से मारपीट के मामले में तत्काल ही एसपी आदित्य मिश्रा के द्वारा उपनिरीक्षक दामेन्द्र तुरकर, प्रधान आरक्षक आशीष बघेल, आरक्षक कपिल राजपूत और महिला आरक्षक मेघा टेकाम को निलंबित कर डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर के नेतृत्व में चार सदस्यीय एसआईटी गठित कर जांच भी कराई जा रही हैं। सूत्रों की माने तो कुछ सफेद पोश नेताओं ने इस मामले को दुसरा रंग जमाते हुए प्लान रचा। मरार माली समाज के जिलाध्यक्ष रमेश पंचे ने बताया समाज का प्रदर्शन शांतिपूर्ण था। लेकिन उन्हें भी नहीं पता था कि पुलिस थाना में उपद्रव की साजिश रची गई हैं। सूत्र बताते हैं कि एसपी आदित्य मिश्रा को भोपाल से हटा न सके तो उन्होनें किरनापुर थाने के मामले में समाज की रैली में कुछ उपद्रवी युवाओं को बहार से बुलवाकर रैली में शामिल किया और शराब पिलाई गई यहीं नहीं उपद्रवी को तो पैसा तक दिया गया जिसके बाद रैली जैसे ही थाना के सामने से गुजर रहीं थीं तो उपद्रवियों ने पुलिस पर पत्थराव शुरू कर दिया गया। सूत्रों की माने तो इस थाना कांड से एसपी आदित्य मिश्रा को बदनामी कर बालाघाट से हटाने की योजना के तहत घटना को अंजाम दिया गया हैं।

### क्या सफेद पोश के गिरेबान तक पहुंचेगी पुलिस...

पुलिस ने इस मामले में सीसीटीव्ही और अन्य माध्यमों से करीब 24 उपद्रवियों की पहचान की। जिसमें 7 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया हैं। वहीं इसी के आधार पर शराब कारोबार से जुड़े लोगों से भी पुछताछ कर रहीं हैं वहीं सूत्रों से यह भी खबर सामने आ रहीं हैं कि कुछ सरपंचों के द्वारा भी उपद्रव करने को लेकर अहम भूमिका निभाई गई हैं। लेकिन सवाल तो यह हैं कि आखिर क्या पुलिस शराब पिलाने वाले से लेकर उपद्रव कराने वाले सफेद पोश नेतागण के गिरेबान तक पहुंच पाएंगी? पुलिस का कहना है कि मामले में 200 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी की संभावना है और यह कार्रवाई अलग-अलग चरणों में की जा सकती है।

एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि किरनापुर थाने में हुए घटनाक्रम की जांच में पुलिस को पता चला है कि शराब और पैसे दिए हैं। आंदोलन शुरू होने से पहले और बाद में शराब बांटी गई हैं। जिसमें कुछ शराब कारोबारियों से पूछताछ जारी है। इस घटना के पीछे कौन है, इसका पता लगाया जा रहा हैं।

# फर्जी सिम जारी कर बेचने वालों का किया भंडाफोड़, 3 आरोपी गिरफ्तार





कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संदिग्ध सिम विक्रयकर्ता एजेन्टो / धारको के विरुद्ध ऑपरेशन फास्ट 2.0 के तहत कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशानुसारए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया व उनकी टीम द्वारा ऑपरेशन के तहत आधारकार्ड एवं फिंगर प्रिंट का उपयोग कर फर्जी सिम निकलवाकर दुरुपयोग करने वाले सिम विक्रयकर्ताद्ध एजेंटों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । प्रार्थी ओम कोल पिता लल्ली कोल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम डिठवारा द्वारा थाना उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया कि उसने अपने आधार कार्ड से केवल मोबाइल नंबर 7694096818 की सिम प्राप्त की है। वर्ष 2024 में सागर बर्मन निवासी सहसपुरा ने एयरटेल पेमेंट बैंक खाता खुलवाने के नाम पर उसके आधार कार्ड की प्रति एवं फिंगरप्रिंट लेकर उसके नाम से बिना जानकारी के मोबाइल नंबर 9584374439 की सिम दिनांक 29/04/2024 को जारी करवा ली, जिसका बाद में ठगी में दुरुपयोग किया गया। आवेदन के अवलोकन पर आरोपी सागर बर्मन के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएसद्ध, 66(सी) आईटी एक्ट एवं दूरसंचार अधिनियम 2023 की धारा 42(3)(ई), 42(6) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेचना प्रारंभ कर फरियादी एवं संदिग्ध मोबाइल धारकों को धारा 179 बीएनएसएस के तहत नोटिस तामील कर पूछताछ एवं कथन लेख किए गए। मुख्यालय से प्राप्त दस्तावेजों एवं कैफ रिपोर्ट का अवलोकन कर संदिग्ध मोबाइल नंबरों एवं पीओएस एजेंट सागर बर्मन द्वारा जारी सिम कार्डों की जांच की गई। विवेचना के दौरान आरोपी सागर बर्मन को ग्राम सहसपुरा से दस्तयाब कर पूछताछ की गई, जिसने अपने साथी राहुल कुशवाहा के साथ मिलकर डिण्डोरी निवासी रामजी साहू के कहने पर लोगों के नाम से बिना जानकारी के सिम जारी कर अन्य व्यक्ति को बेचने संबंधी जानकारी दी। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उसके घर से पीओएस मशीन जप्त की गई। आरोपी सागर बर्मन पिता विकास बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी सहजपुरा थाना कुठला एवं उसके साथी राहुल कुशवाहा पिता रामशरण कुशवाहा उम्र 27 वर्ष निवासी भैंसवाही थाना विजयराघवगढ़ को विधिवत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन एवं अन्य सामग्री को जप्त किया गया तथा मामले के अन्य आरोपी रामजी साहू पिता दशरथ लाल साहू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मेहन्दवानी थाना मेहन्दवानी जिला डिण्डरो को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर घटना में संलिप्त होना स्वीकार किया है जिससे घटना में प्रयुक्त मोबाइल, पीओएस मशीन तथा सिम कार्ड जप्त किये गये है । थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, केशव मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा, राहुल मिश्रा, सुनील पाण्डेय, आरक्षक अजय यादव, विवेक शुक्ला, बुद्धू कुमार मनोज राजपूत की भूमिका सराहनीय रही है ।

# जरूरतमंदों की जान बचाने किया 60 यूनिट रक्त का महादान

## जागरुकता के संदेश के साथ संत निरंकारी मिशन कटनी सिटी ब्रांच ने लगाया रक्तदान शिविर

कटनी (स्वतंत्रमत)



मानव एकता दिवस बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक एवं इसी कड़ी में कटनी जागरुकता के संदेश के साथ संत निरंकारी मिशन (सिटी ब्रांच) कटनी ने रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने नई बस्ती स्थित कटनी सिटी ब्रांच में शनिवार 19 सितंबर को प्रात 9 से 12 तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित की पहल पर हुआ। इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल की चिकित्सक टीम द्वारा 60 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, सिटी ब्रांच के मुखी सुनील मेघानी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान मानव सेवा की सबसे बड़ी साधना है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी की जान बचाने में सहायक हो सकता है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को इस महान कार्य में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी होता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी सिद्ध होता है। इस अवसर अतिथियों में आदरणीय नोतनदास केवलानी महापुरुष, माधवनगर मंडल संयोजक राजकुमार हेमनानी, शंकर बाशानी, सिटी ब्रांच मुखी सुनील मेघानी, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, समाज सेवी प्रेम बत्रा, केडीसी डायरेक्टर डा. पारस जैन मंचासीन रहे एवं इस अवसर पर पार्षद जयनारायण निषाद, अशोक लालवानी, राजकुमार नानकानी, संजय खूबचंदानी, मनीष कलवानी, टेकचंद साहनी, रवि माटानी, विजय माखीजा एवं बड़ी संख्या में नागरिक एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही। रक्तदान शिविर ने न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की बल्कि समाज में रक्तदान को लेकर सकारात्मक संदेश भी दिया। यह आयोजन संत निरंकारी मिशन की सेवा, करुणा और मानवता के प्रति समर्पण की परंपरा को दर्शाता है तथा लोगों को इस महान कार्य में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करता है।

# दबोचे गए जंगली सूअर के शिकारी

## मांस और औजारों के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार, वन विभाग ने भेजा जेल



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमुनिया के जंगलों में एक वन्य प्राणी जंगली सूअर का शिकार करने वाले चार आरोपियों को वन विभाग की टीम ने धरदबोचा। पकड़े गए शिकारियों के पास से भारी मात्रा में जंगली सूअर का मांस, शिकार में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और लोहे के फंदे बरामद किए गए हैं। वन विभाग ने चारों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा वन मंडल को शुक्रवार को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई थी कि जमुनिया गांव के समीप स्थित जंगल में कुछ लोग वन्य प्राणी का शिकार कर उसका मांस बांटने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही रेंजर सचिन नामदेव के नेतृत्व में वन विभाग की एक विशेष टीम का गठन किया गया और बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी गई। मौके पर दबिश के दौरान वन टीम ने चार संदिग्धों को रंगे हाथों दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से ताजा कटा हुआ जंगली सूअर का मांस और शिकार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री जब्त की गई। रेंजर सचिन नामदेव ने बताया कि गिरतार किए गए आरोपी बहोरीबंद क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों की पहचान शक्ति कोल निवासी बहोरीबंद, गुलाब कोल निवासी बहोरीबंद, मनीष कोल निवासी बहोरीबंद, राजेंद्र कोल निवासी बहोरीबंद के रूप में हुई हैं। वन विभाग की टीम ने आरोपियों के कब्जे से कटिंग और शिकार के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 2 बका, 1 कुल्हाड़ी वन्य प्राणियों को फंसाने वाले क्लच वायर के 2 फंदे, 1 किलोग्राम जीआई तार, जंगली सूअर का ताजा मांस जब्त किया गया है। वन विभाग ने चारों आरोपियों के खिलाफवन्यजीव संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। विभागीय कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपियों को कटनी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)







शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 19 सितंबर को प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की संरचना, उद्देश्यों, गतिविधियों एवं समाज सेवा के प्रति उनके दायित्वों से अवगत कराना तथा स्वयंसेविकाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न पहलुओं से विस्तारपूर्वक परिचित कराया। डॉ. शोभाराम मेहरा ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है, इसकी स्थापना कब और किस उद्देश्य से की गई तथा इसका ध्येय वाक्य क्या है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनएसएस के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों, शिविरों, स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों, सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से सक्रिय रूप से जुड़कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को केवल सामाजिक सेवा से नहीं जोड़ता, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास भी करता है। उन्होंने छात्राओं से राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. शिल्पी सिंह द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ. रीना मिश्रा ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रतिमा सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ तथा बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यशाला का आयोजन छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली एवं सामाजिक सरोकारों की जानकारी प्राप्त हुई तथा उन्हें समाजहित में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरणा मिली।

# बच्चों को वितरित की परीक्षा सामग्री



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस पर शहर के मध्य स्थित गुलाबचंद शासकीय स्कूल में बच्चों को आवश्यक परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा न केवल ज्ञान प्रदान करती हैए बल्कि बच्चों को जीवन में आगे बढ़न, आत्मनिर्भर बनने और अपनी कार्यकुशलता विकसित करने का मार्ग भी दिखाती है। इसी उद्देश्य से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी परीक्षा की तैयारियों में सहयोग देने के लिए जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाजसेविकाओं ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को आवश्यक परीक्षा सामग्री वितरित की। इन दिनों बच्चे क्वार्टरली परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आहना की ओर से विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को एग्जाम बोर्ड, कॉपियां, पेन, पेंसिल, स्केल, रबर, कटर सहित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। परीक्षा सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर बच्चों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। आहना की समाजसेविकाओं ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता और समाज में सकारात्मक बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम है। शिक्षा के माध्यम से बच्चों को ज्ञान के साथ-साथ ऐसे आवश्यक कौशल प्राप्त होते हैं, जो भविष्य में उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता करते हैं।

# शहर भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गणेश उत्सव के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी कमल मौर्य द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने गणेश प्रतिमाओं की स्थापना वाले प्रमुख स्थलों एवं आयोजन क्षेत्रों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# निर्माणाधीन फॉरेस्टर ग्राउंड का सचिव संजीव सिंह ने किया निरीक्षण

## हॉकी एस्ट्रो टर्फका लिया जायजा, अंतरजिला हॉकी टूर्नामेंट आयोजित कराने के दिए निर्देश





कटनी (स्वतंत्रमत)

राज्य शासन के युवा एवं खेल कल्याण विभाग के सचिव एवं कटनी जिले के सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी संजीव सिंह ने फॉरेस्टर ग्राउंड परिसर में खेल सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु निर्माणाधीन अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुड़वारा विधायक संदीप जायसवालए कलेक्टर आशीष तिवारी एवं नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सचिव सिंह ने फॉरेस्टर ग्राउंड में विकसित की जा रही खेल सुविधाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से हॉकी के लिए नवनिर्मित एस्ट्रो टर्फ का जायजा लिया और इसकी व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फॉरेस्टर ग्राउंड में नवनिर्मित एस्ट्रो टर्फ में आस-पास के जिलों की अंतरजिला हॉकी टूर्नामेंट आयोजित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फॉरेस्टर ग्राउंड के निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना से सचिव श्री सिंह को अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेस्टर ग्राउंड में स्पेक्टेटर्स गैलरी, पवेलियन, बाउंड्रीवाल, सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं इंडोर हॉल का निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। वर्तमान में इंडोर हॉल में फिनिशिंग एवं फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेस्टर ग्राउंड में स्पेक्टेटर्स गैलरी, क्रिकेट पवेलियन भवन, बाउंड्रीवाल, सड़क, नाली का निर्माण एवं क्रिकेट स्टेडियम का कार्य पूर्ण हो चुका है। इन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति लागत 4.21 करोड रुपए है। इसके अतिरिक्त क्रिकेट के लिए स्पेक्टेटर्स गैलरी का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति लागत 1.5 करोड रुपए है। सचिव सिंह ने पूर्ण कार्यों के बाद भवनों को खेल विभाग के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

**इंडोर हॉल का निर्माण प्रगति पर**-वहीं इंडोर हॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसकी प्रशासकीय स्वीकृति लागत 5 करोड़ रुपए है। वर्तमान में इंडोर हॉल का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा फिनिशिंग एवं फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है। फॉरेस्टर ग्राउंड के निर्माण एवं विकास से संबंधित उक्त कार्य मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन, जबलपुर डिवीजन-1 की कार्यकारी एजेंसी द्वारा कराए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति, वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्ययोजना से सचिव सिंह को अवगत कराया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सुनीता यादव, सहायक यंत्री उदय कोरी, उपयंत्री अजीत सिंह सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# एक सवाल से खुली सुरभि की प्रतिभा की कहानी

## छठवीं की छात्रा से हुआ आत्मीय संवाद, पढ़ाई के प्रति लगन की कलेक्टर ने की सराहना



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अस्पताल के महिला वार्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर आशीष तिवारी की नजर जब एक स्कूली छात्रा पर पड़ी, तो निरीक्षण के बीच कुछ पल के लिए बातचीत का सिलसिला पढ़ाई और सपनों की ओर मुड़ गया। सामने बैठी थी छठवीं कक्षा की छात्रा सुरभि, जिसने अपने शानदार परीक्षा परिणाम से कलेक्टर को प्रभावित कर दिया। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को कलेक्टर आशीष तिवारी कैमोर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए वे महिला वार्ड में पहुंचे। यहां उनकी नजर छठवीं कक्षा में पढ़ने वाली सुरभि पर पड़ी। कलेक्टर ने औपचारिकता से अलग सहज अंदाज में उससे बातचीत शुरू की और उसके बारे में जानकारी ली। सुरभि ने बताया कि वह अपनी मामी के साथ अस्पताल आई है। उसकी मामी के यहां हाल ही में बेटी का जन्म हुआ है। बातचीत के दौरान कलेक्टर ने बच्ची की पढ़ाई के बारे में पूछा और फिर सहजता से सवाल किया- पांचवीं कक्षा में कितने नंबर आए? सुरभि ने बिना झिझक जवाब दिया- 600 में से 599 अंक। एक अंक छोड़कर पूरे 600 में 599 अंक! सुरभि का यह जवाब सुनते ही कलेक्टर तिवारी के चेहरे पर प्रसन्नता की मुस्कान आ गई। उन्होंने उसकी मेहनत और शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन की सराहना की तथा उसे आगे भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर और सुरभि के बीच बातचीत यहीं नहीं रुकी। उन्होंने छात्रा से कुछ सामान्य प्रश्न भी पूछे। सुरभि ने बिना संकोच और पूरी तत्परता के कलेक्टर के सवालों के जवाब दिए। उसकी बात करने का आत्मविश्वास और पढ़ाई के प्रति गंभीरता देखकर कलेक्टर ने उसकी प्रशंसा की। अस्पताल के माहौल में हुई यह छोटी-सी बातचीत सुरभि के लिए खास बन गई।

# नागोया में भारतीय तिरंगे की आन-बान शान बने मनु भाकर और पवन शेरावत

नागोया (वार्ता)

शनिवार को जापान में एशियन गेम्स 2026 की आधिकारिक शुरुआत के साथ, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर और कबड्डी स्टार पवन सहरावत ने नागोया सिटी मिज़ुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में भारतीय दल का नेतृत्व किया। ओपनिंग सेरेमनी में पूरे महाद्वीप के एथलीट एशियन गेम्स के 20वें संस्करण की औपचारिक शुरुआत के लिए एक साथ आए। पवन सहरावत को दो बार के एशियन गेम्स शॉट पुट चैंपियन तेजिंदरपाल सिंह तूर की जगह आखिरी समय में चुना गया था, जिन्हें शुरू में भाकर के साथ भारत का ध्वजवाहक नामित किया गया था। हालांकि, लॉजिस्टिकल दिक्कतों के कारण तेजिंदरपाल सिंह तूर को हटना पड़ा। इसके बाद भारतीय पुरुष कबड्डी टीम के साथ एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट पवन सहरावत को यह सम्मान सौंपा गया। वहीं, मनु भाकर पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत की बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक थीं, जिन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज़ मेडल जीते थे। भारतीय दल मुख्य रूप से नेवी ब्लू रंग के कपड़ों में था। महिलाओं ने पैटर्न वाले सिल्वर-ग्रे बॉर्डर वाली साड़ियाँ पहनी थीं, जबकि पुरुषों ने मैचिंग नेवी ब्लू जैकेट और ट्राउज़र पहने थे। जब भारतीय खिलाड़ी स्टेडियम में दाखिल हुए,




तो वे एक वॉलंटियर के पीछे चल रहे थे जो राष्ट्रीय ध्वज और भारत के नाम वाला दिल के आकार का प्लेकार्ड लिए हुए था। ओपनिंग सेरेमनी को हार्मोनिक हार्ट बीट कॉन्सेप्ट पर आधारित किया गया था। इसमें स्टेज को दिल के आकार में बनाया गया था, ताकि पूरे एशिया के एथलीट्स की एकजुटता की भावना को दिखाया जा सके। जापानी फिल्ममेकर और नागोया के रहने वाले युकिहिको सुत्सुमी इस सेरेमनी के चीफ क्रिएटिव डायरेक्टर थे। ओपनिंग सेरेमनी में ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया की 45 नेशनल ओलंपिक कमेटियों के एथलीट्स ने हिस्सा लिया। इस कॉम्पिटिशन के दौरान 43 खेलों में 11,000 से ज़्यादा एथलीट्स के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

### परेड में सबसे ज़बरदस्त स्वागत मेज़बान जापान का हुआ

परेड में सबसे ज़बरदस्त स्वागत मेज़बान जापान का हुआ जब उनके एथलीट्स स्टेडियम में आए, तो लोगों ने ज़ोरदार चीयर्स के साथ उनका स्वागत किया।

मुख्य सेरेमनी से पहले एक वार्म-अप प्रोग्राम हुआ, जिसमें जापानी बॉय बैंड आईएनआई और शिगो डिस्ट्रिक्ट बो-नो-टे प्रिजर्वेशन सोसाइटी ने हिस्सा लिया। इस शाम एशियन गेम्स टॉर्च रिले का समापन भी हुआ। यह रिले 22 अगस्त को नागोया कैसल से शुरू हुई थी और लगभग 1,000 टॉर्च-बेयरर्स के साथ आइची प्रिफेक्चर की सभी 40 नगरपालिकाओं और नागोया के 16 वार्डों से गुज़री। नागोया में सभी लपटों को एक साथ लाने से पहले, यह रिले टोक्यो और हिरोशिमा से जुड़ी फ्लेम-लाइटिंग सेरेमनी से गुज़री ये दोनों शहर पहले एशियन गेम्स की मेज़बानी कर चुके थे।

### जापान तीसरी बार एशियन गेम्स की मेज़बानी कर रहा

जापान तीसरी बार एशियन गेम्स की मेज़बानी कर रहा है; इससे पहले 1994 में हिरोशिमा में गेम्स हुए थे। टोक्यो ने 1958 में देश के पहले एडिशन की मेज़बानी की थी। ये खेल 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलेंगे, जिसमें 45 देशों और ओसीए रिफ्यूजी टीम के लगभग 11,000 एथलीट 43 खेलों में 469 गोल्ड मेडल के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत 2023 में हांगझोऊ में किए गए अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने की कोशिश करेगा, जहाँ देश ने 28 गोल्ड मेडल सहित रिकॉर्ड 106 पदक जीते थे और ओवरऑल स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहा था।



## नागोया में मांडविया ने विश्व एक्वाटिक्स के अध्यक्ष हुसैन अल मुसल्लम के मुलाकात की

**नागोया, (जापान)(वार्ता)।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने यहां 20वें एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 के दौरान ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) के डायरेक्टर जनरल और विश्व एक्वाटिक्स के अध्यक्ष हुसैन अल-मुसल्लम से मुलाकात कर जलीय स्पर्धाओं को लेकर चर्चा की। डॉ. मांडविया ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैंने 20वें एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) के दौरान, मैंने ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) के महानिदेशक और वर्ल्ड एक्वाटिक्स के अध्यक्ष कैप्टन हुसैन अल-मुसल्लम के साथ बैठक की। उन्होंने कहा, हमने भारत के नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन और उनसे जुड़े एशियाई फेडरेशन के बीच सहयोग को मज़बूत करने पर चर्चा की। साथ ही, हमने भारत में एक्वाटिक स्पोर्ट्स (पानी से जुड़े खेलों) को और विकसित करने के तरीकों पर भी बात की, जिसमें जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ाने और युवा प्रतिभाओं को निखारने पर खास ध्यान दिया गया। ओसीए ने विभिन्न एशियाई-स्तरीय चैंपियनशिप की मेजबानी करने की भारत की इच्छा का स्वागत किया। यह पूरे महाद्वीप में खेल सहयोग और विकास को मजबूत करने के हमारे साझा संकल्प को दर्शाता है।

### मुख्य चयनकर्ता अगरकर अपना कार्यकाल नहीं बढ़ाना चाहते



**मुंबई, (वार्ता)।** भारतीय पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता के रूप में अजीत आगरकर अपना कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। उनका मौजूदा कार्यकाल 4 अक्तूबर को समाप्त हो रहा है। क्रिकइंफो के अनुसार, पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस सप्ताह अपने निर्णय के बारे में बीसीसीआई को सूचित कर दिया था।

## बंगलादेश के खिलाफ परफेक्ट 10 के लिए उतरेगा भारत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में एशियन गेम्स 2026 सेमीफाइनल में बंगलादेश का सामना करेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा। एशियन गेम्स महिला क्रिकेट की मौजूदा चैंपियन भारत ने शुक्रवार को क्वार्टर-फाइनल में मेजबान जापान को आठ विकेट से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इस आसान जीत में भारत के लिए श्री चरणी और शेफाली वर्मा ने अहम भूमिका निभाई। मौजूदा टूर्नामेंट में बंगलादेशी महिला क्रिकेट टीम की अभी तक असली परीक्षा नहीं हुई है। चीन के खिलाफ उनका क्वार्टर-फाइनल मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जिसके बाद आईसीसी रैंकिंग में बेहतर स्थिति की वजह से वे सेमीफाइनल में पहुंच गईं। आइची-नागोया 2026 में सेमीफाइनल के मुकाबले हांगझोऊ 2023 के शीर्ष चार मैचों जैसे ही हैं। तीन साल पहले भारत ने बंगलादेश को आठ विकेट से हराया था और फिर श्रीलंका को हराकर एशियन गेम्स क्रिकेट चैंपियन बना था। वहीं, श्रीलंका ने शीर्ष चार में पाकिस्तान को हराया था। टी 20 क्रिकेट में भारत का बांग्लादेश के खिलाफ लगातार नौ मैच जीतने का सिलसिला चल रहा है। ऐसे में यह सिलसिला हांगझोऊ 2023 में सेमीफाइनल जीत के साथ शुरू हुआ था। मैच के दौरान स्मृति मंधाना पर भी सबकी नज़रें होंगी। भारतीय सलामी बल्लेबाज को महिला टी 20 क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी के तौर पर सूजी बेट्स से आगे निकलने के लिए सिर्फ नौ रनों की जरूरत है।






## भारतीय हॉकी टीमों की नजर गोल्ड और ओलंपिक क्वालिफिकेशन पर

**आइची-नागोया (जापान)(वार्ता)।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 20वें एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। दोनों टीमें एक स्पष्ट लक्ष्य के साथ जापान पहुंची हैं - गोल्ड मेडल के लिए चुनौती देना और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालिफिकेशन हासिल करना। हॉकी प्रतियोगिता काकामिगहारा में खेली जाएगी, जिसमें भारतीय पुरुष टीम 20 सितंबर को इंडोनेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि महिला टीम भी उसी दिन उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरेगी। पुरुष टीम को इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, बंगलादेश और श्रीलंका के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि महिला टीम उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, थाईलैंड, जापान और सिंगापुर के साथ पूल बी में है।

## एशियाई खेलों में भारतीय महिला बैडमिंटन टीम कजाकिस्तान से

### पुरुष दल बंगलादेश के खिलाफ करेगा शुरुआत

**नागोया (जापान) (वार्ता)।** एशियाई खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा में भारतीय महिला टीम का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा, जबकि पुरुष टीम राउंड ऑफ 16 में बंगलादेश का सामना करेगी। इसके बाद दोनों टीमें क्वार्टरफाइनल में मेजबान जापान से भिड़ सकती हैं। नॉकआउट प्रारूप में खेले जाने वाली यह टीम स्पर्धा रविवार से शुरू होंगी, जिसमें भारतीय महिला टीम सबसे पहले कजाकिस्तान के खिलाफ कोर्ट पर उतरेगी। पांच मैचों की इस सीरीज से तय होगा कि क्या वे जापान के खिलाफ क्वार्टरफाइनल (अंतिम-8) में जगह बना पाती हैं या नहीं; जापान को राउंड ऑफ 16 में सीधे प्रवेश (बाय) मिला है। जापान के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में कई बड़े मुक़ाबले देखने को मिल सकते हैं। पीवी सिंधु का मुक़ाबला अकाने यामागुची से हो सकता है, जबकि उन्नति हुड्डा का सामना टोमोका मियाज़ाकी से हो सकता है। डबल्स में, ट्रीसा जॉली और गायत्री



गोपीचंद की जोड़ी को जापान की शीर्ष जोड़ियों - जैसे युकी फुकुशिमा-मायु मात्सुमोतो और की नाकानिशी-सुजू इवाना - से कड़ी चुनौती मिल सकती है। टॉप सीड चीन महिला ड्रॉ के दूसरे हाफ़ में है, जिसका मतलब है कि भारत का उनसे मुक़ाबला फ़ाइनल से पहले नहीं हो सकता। दक्षिण कोरिया संभावित सेमीफाइनल प्रतिद्वंद्वी हो सकता है भारत को विश्व चैंपियन एन से-यंग और महिला डबल्स जोड़ी बेक हा-ना और ली सो-ही जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों में अब तक सिर्फ़ एक टीम पदक जीता है - 2014 इंचियोन खेलों में कांस्य पद। उस टीम में साइना नेहवाल, सिंधु और अश्विनी पोनप्पा-सिक्की रेड्डी की जोड़ी शामिल थी। उन्होंने थाईलैंड को 3-2 से हराया था, लेकिन सेमीफ़ाइनल में दक्षिण कोरिया से 1-3 से हार गई थीं। भारतीय पुरुष टीम सोमवार को बंगलादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछली बार सिल्वर मेडल जीतने वाली यह टीम क्वार्टरफाइनल में जापान से भिड़ सकती है, जिससे लक्ष्य सेन और कोडाई नारोओका के बीच सिंगल्स मुक़ाबला हो सकता है। आयुष शेट्टी का सामना युशी तनाका से भी हो सकता है। युगल में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का मुकाबला जापान की जोड़ी हिरोकी ओकामुर और ताकुरो होकी से हो सकता है, जो टीम के कॉम्बिनेशन पर निर्भर करेगा। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला चीन या दक्षिण कोरिया से हो सकता है, क्योंकि ये चारों टीमें पुरुषों के ड्रॉ के एक ही हिस्से में हैं। दूसरे हिस्से में इंडोनेशिया, मलेशिया, हांगकांग और चीनी ताइपे हैं, जिसमें इंडोनेशिया टॉप सीड है।

हांगझोऊ में पुरुषों की टीम इवेंट में भारत ने रजत जीता था, जहां फाइनल में उसे चीन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में भारत का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी यादगार रहा। सात्विक और चिराग ने भारत के लिए एशियाई खेलों का पहला बैडमिंटन स्वर्ण पदक जीता, जबकि एचएस प्रणय ने पुरुष एकल में कांस्य पदक हासिल किया। आइची-नागोया 2026 में 20 सदस्यों वाली भारतीय बैडमिंटन टीम सात अलग-अलग स्पर्धाओं में हिस्सा लेगी।

## एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा अब जबलपुर में भी

**जबलपुर।** देश में इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए विख्यात एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड कोटा अब मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण शहर जबलपुर में भी ऑफलाइन क्लासरूम कोचिंग की सेवाएं देगा। इसकी घोषणा शनिवार को आयोजित समारोह में की गई। घोषणा के साथ ही एडमिशन शुरू हो गए, एलन एडमिशन स्कॉलरशिप टेस्ट (ए-सेट) और टेलेंटेक्स के माध्यम से एडमिशन पर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त की जा सकती है।




साथ ही इन प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से स्कॉलरशिप के साथ टैलेंट को सर्च करके करोड़ो रुपए के कैश प्राइज भी दिए जाएँगे। समारोह में एलन कोटा प्रसीडेंट एंड सीएओ सीआर चौधरी, प्रसीडेंट विनोद कुमावत और वाइस प्रसीडेंट एंड जोनल हेड डॉ. विपिन योगी के साथ जबलपुर के गणमान्य अतिथियों ने पोस्टर का विमोचन किया। प्रसीडेंट एंड सीएओ सीआर चौधरी ने कहा कि एलन का उद्देश्य हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिए अनवरत प्रयास किए जा रहे हैं। प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने कहा कि कोटा में चार दशकों के अध्ययन से ऐसा अकेडमिक सिस्टम तैयार किया है जो कि देश को सबसे अधिक डॉक्टर्स व इंजीनियर्स दे रहा है। वाइस प्रसीडेंट एंड जोनल हेड डॉ. विपिन योगी ने कहा कि जबलपुर में नैपियर टाउन में स्टडी सेंटर शुरू किया गया है। यहां कक्षा जेईई-मेन, एडवांस्ड, नीट यूजी के साथ कक्षा 6 से 10 तक के स्टूडेंट्स को बोर्ड और विभिन्न ओलम्पियाड्स की तैयारी करवाई जाएगी।

स्टेट हेड कमल शर्मा ने बताया कि बच्चों को रेगुलर बेसिस पर कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट और एलन ऐप के माध्यम से होम वर्क, ऑनलाइन डाउट और टेस्ट पेपर डिस्कशन और एनालिसिस भी करवाया जाएगा। जबलपुर के सेंटर हेड राकेश सिंह ने कहा कि हम कोटा जैसी एकेडमिक देने के लिए संकल्पित है और आने वाले समय में जबलपुर में ही पढ़कर बेहतरीन कॉलेजेस में डॉक्टर्स और इंजीनियर्स बनाने का कार्य होगा।

## मुद्रीकरण कार्यक्रम के तहत 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों की बिक्री की सिफारिश

**नयी दिल्ली (वार्ता)** राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) ने केंद्र सरकार के सम्पत्ति-मुद्रीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 5000 करोड़ रुपये के चिह्नित भवन और भूखंड़ों को बेचने के प्रस्ताव की अनुशंसा की है।

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और अन्य सरकारी एजेंसियों की अप्रयुक्त या कम उपयोग की जाने वाली भूमि और भवन परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण का काम करने वाले केंद्र सरकार के उपक्रम एनएलएमसी के



निदेशक मंडल की राजधानी में शुक्रवार को हुई 21वीं बैठक में परिसम्पत्ति मुद्रीकरण कार्यक्रम, वित्तीय प्रदर्शन और प्रमुख संस्थागत पहलों की समीक्षा की गयी। इसी बैठक में इन चिह्नित परिसम्पत्तियों को बाजार में ले जाने के इन प्रस्तावों की अनुशंसा की है। वित्त मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैठक का एक प्रमुख बिंदु 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों से संबंधित मुद्रीकरण प्रस्तावों पर विचार और अनुशंसा करना था। इन प्रस्तावों में मुद्रीकरण के लिए चिन्हित अधिशेष भूमि और भवन संपत्तियां शामिल हैं और ये सरकार के अल्प उपयोग और अधिशेष संपत्तियों के मूल्य को सामने लाने के उद्देश्य को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अहीसा ने विहान-1 सेमीकंडक्टर चिप का किया अनावरण

### अगले साल तक बाजार में प्रस्तुत करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली (वार्ता )।** घरेलू फैब्लेस सेमीकंडक्टर कंपनी अहीसा डिजिटल इनोवेशन्स ने देश में विकसित एवं डिज़ाइन किए ब्रॉडबैंड नेटवर्किंग चिप विहान -ढ्ढ का अनावरण किया है और अगले साल तक इसे व्यावसायिक रूप से प्रस्तुत करने की उसकी योजना है। अहीसा डिजिटल इनोवेशन्स के डायरेक्टर एवं चीफ ग्रोथ ऑफिसर साकेत सिंह ने कहा ,विहान-1 के साथ हमारे पास भारत में डिज़ाइन किया गया, भारतीय टीम द्वारा बनाया गया और भारत के नेटवर्क्स के लिए तैयार सिलिकॉन है। अब हमारा ध्यान इस चिप को देश के ब्रॉडबैंड और टेलीकॉम उपकरण निर्माताओं तक पहुँचाने पर है। कंपनी की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नयी दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2026 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित में इस चिप का अनावरण किया गया। विहान-ढ्ढ को देश में डिज़ाइन किया गया पहला चिप बताते हुए कंपनी ने कहा है कि इसे ब्रॉडबैंड और फाइबर नेटवर्क्स के लिए बनाया गया है। यह घरों और दफ्तरों में इस्तेमाल होने वाले इंटरनेट उपकरणों के मुख्य कार्यों को एक ही भारतीय डिज़ाइन किए गए चिप पर लाता है। इसे ओपन-स्टैंडर्ड आरआईसी-पांच आर्किटेक्चर पर बनाया गया है और सी-डैक द्वारा विकसित वेगा प्रोसेसर से संचालित है।

## अमेरिकी कानून से भारतीय सामानों पर लग सकता है 100 प्रतिशत टैरिफ

### फैसले लेना हुआ मुश्किल : एक्सपोर्टर्स

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पारित एक नए कानून ने भारत के निर्यातकों और व्यापार जगत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट के कारण दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय व्यापारिक रिश्तों पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। इस नए कानून के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को भारत से आने वाले सामानों पर 100 फीसदी तक टैरिफलगाने का अधिकार मिल गया है। भारतीय निर्यातकों का कहना है कि यदि यह टैरिफ लागू किया गया, तो अमेरिका को होने वाला भारत का निर्यात पूरी तरह ठप हो सकता है।

**क्या है नया अमेरिकी कानून?**-18 सितंबर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सख्त कानून पर हस्ताक्षर किए हैं. यह कानून मुख्य रूप से रूस और ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ उन देशों को निशाना बनाता है जो मॉस्को से कच्चे तेल और गैस की बड़ी खरीदारी कर रहे हैं। कानून के प्रावधानों के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप को उन शीर्ष पांच देशों पर 100 प्रतिशत तक का दंडात्मक शुल्क लगाने का अधिकार है, जिन्होंने कानून लागू होने से पिछले 12 महीनों में सबसे अधिक मात्रा में रूसी क्रूड ऑयल या नेचुरल गैस खरीदी है. भारत इस सूची में शामिल है, जिसके चलते भारतीय मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स में हड़कंप मच गया है। यह कानून हस्ताक्षर होने के 30 दिनों के भीतर प्रभावी हो जाएगा।



**निर्यातकों में भारी डर, व्यापार ठप होने की आशंका**-फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा, हम इस कदम से बेहद चिंतित हैं. अगर अमेरिका ने इतना भारी आयात शुल्क लगा दिया, तो हमारा वहां होने वाला निर्यात पूरी तरह रुक जाएगा। कोई भी अमेरिकी आयातक या खरीदार इतनी ऊंची दरों पर शुल्क का भुगतान नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि भारत के इंजीनियरिंग और ऑटो कंपोनेंट सेक्टर का अमेरिका में बहुत बड़ा बाजार है। वाशिंगटन को कोई भी अंतिम फैसला लेने से पहले इन जमीनी हकीकतों और दोनों देशों के पुराने व्यापारिक रिश्तों पर विचार करना चाहिए। इसी तरह, मुंबई के प्रमुख निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के सीएमडी शरद सराफ का मानना है कि टैरिफ से भी ज्यादा खतरनाक मौजूदा अनिश्चितता का माहौल है।

उन्होंने कहा, सटीक असर तभी पता चलेगा जब अमेरिका टैरिफ की दरें, प्रभावित होने वाले प्रॉडक्ट्स की लिस्ट और इसे लागू करने का शेड्यूल जारी करेगा। इस अनिश्चितता के कारण हम आगे के व्यापारिक फैसले नहीं ले पा रहे हैं। हमें यह भी देखना होगा कि चीन जैसे हमारे प्रतिस्पर्धी देशों पर कितना शुल्क लगाया जाता है। सराफ ने यह भी संकेत दिया कि नवंबर में होने वाले अमेरिकी मिडटर्म चुनावों से ठीक पहले ट्रंप प्रशासन का यह कदम भारत जैसे देशों पर दबाव बनाने की रणनीति हो सकता है।

**इन प्रमुख सेक्टरों पर पड़ेगा सबसे बुरा असर**- चमड़ा और फुटवियर उद्योग: फरीदा ग्रुप के चेयरमैन रफीक अहमद ने बताया कि उनके कुल निर्यात का 65 प्रतिशत हिस्सा अकेले अमेरिका जाता है. ड्यूटी में किसी भी तरह की बढ़ोतरी इस पूरे सेक्टर की कमर तोड़ देगी। इंजीनियरिंग और लोहा-स्टील: इंजीनियरिंग सामान और ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियों का अमेरिकी बाजार पर बड़ा दारोमदार है।

कपड़ा और रेडीमेड गारमेंट्स: भारत से जाने वाले कॉटन और रेडीमेड कपड़ों की कीमतों में भारी उछाल आएगा, जिससे वे अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। फार्मास्युटिकल और रत्न-आभूषण: ड्रग फॉर्मूलेशन, बायोलॉजिकल्स, कीमती रत्न और सोने के आभूषणों के निर्यात पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल सकता है।

# विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित है सरकार : डॉ. यादव

## 7400 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कूटी की सौगात

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों को पुरस्कृत करना परिवार , समाज और सरकार का दायित्व है। विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। आर्थिक कठिनाइयों अथवा संसाधनों की कमी के कारण किसी भी प्रतिभावान विद्यार्थी की प्रगति नहीं रुकनी चाहिए। मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही स्कूटी केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा और परिश्रम के पुरस्कार के साथ आत्मविश्वास और उज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के सुभाष स्कूल में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा-12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 12 वीं में प्रथम प्रयास में ही 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर आना जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा शनिवार को समारोहपूर्वक प्रदेश के 7400 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूटी योजना उन विद्यार्थियों के परिश्रम और प्रतिभा का सम्मान है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में अध्ययन कर के बीच अपने परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबें, गणवेश और साइकिलें भी उपलब्ध करा रही है, ताकि आर्थिक परिस्थितियां उनकी पढ़ाई में बाधा न बनें। आज प्रदेश के बच्चे पढ़-लिखकर पारंपरिक व्यवसायों और खेती-किसानी में भी नई संभावनाएं तलाश रहे हैं। कई विद्यार्थी एग्रीकल्चर स्टार्ट-अप शुरू कर परिवार की आय बढ़ाने का सपना देख रहे हैं। आधुनिक तकनीक और नवाचार से कृषि को लाभ का बेहतर माध्यम बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और भविष्य के प्रति उनकी स्पष्ट सोच की सराहना करते हुए कहा , हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि किसान और सामान्य परिवारों से आने वाले विद्यार्थी भी आज चार्टेड एकांटेंट, चिकित्सक, अधिवक्ता, कृषि वैज्ञानिक और उद्यमी बनने के सपने देख रहे हैं। विद्यार्थियों की यह सोच नए और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की पहचान है। देश और प्रदेश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने के साथ उन्हें साकार करने के लिए परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### बेटियों को स्कूटी मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों को शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर मिलने से केवल उनका जीवन नहीं बदलता, बल्कि पूरे परिवार और समाज का वातावरण सकारात्मक बनता है। मेधावी बेटियों को स्कूटी मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने की राह अधिक सुगम होगी। राज्य सरकार विद्यार्थियों को न्यूनतम आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर और समर्थ बनाना चाहती है।

### शिक्षा के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के लिए बजट में वृद्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के लिए बजट में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। आजादी के बाद 1956 में मध्यप्रदेश की स्थापना हुई। राज्य का कुल बजट 55 साल में केवल 22 हजार करोड़ रुपए था और वर्ष 2002-03 तक स्कूल शिक्षा विभाग का बजट मात्र 2600 करोड़ रुपए था। हमारी सरकार ने वर्ष 2025-26 में कुल 4 लाख 38 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया , इसमें स्कूल शिक्षा के लिए 38 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है। यह वृद्धि बताती है कि राज्य सरकार शिक्षा, विद्यार्थियों और प्रदेश के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर काम कर रही है।

# किसानों को सिंचाई के लिए दिन में मिलेगी 10 घंटे बिजली

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ पशुपालन को प्रोत्साहित किया जाएगा। किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराकर आधुनिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों द्वारा उत्पादित धान की शासकीय स्तर पर खरीदी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को सतना कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। किसानों और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना बेल्ट में भी सिंचाई के लिए नर्मदा का पानी लाया जाएगा। नहरों से सिंचाई का रकबा बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से मंदाकिनी नदी में भी पानी पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना क्षेत्र में हल्दी का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। क्षेत्र की कृषि क्षमता को देखते हुए मसाला फसलों की खेती को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे किसानों को विविध फसलों के माध्यम से अतिरिक्त आय के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना के ग्राम सोहावल के किसान श्री शांतिनारायण पांडे से संवाद किया। किसान श्री पांडे ने मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना और उसके संचालन के संबंध में बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य किसानों से भी कृषि के साथ पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम झरी मझगांव के प्रगतिशील कृषक श्री अनिल उपाध्याय से भी संवाद किया। सतना में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र, मझगवां के वैज्ञानिकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी, सहकारिता सहित विभिन्न योजनाओं तकनीकी गतिविधियों की जानकारी दी गई।

# श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 24 अक्टूबर को श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित हैं। जो आवेदक मप्र के वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, महिलाओं के मामले में 2 वर्ष की छूट जो आयकर दाता नहीं है जो तीर्थ यात्रा के लिए जाना चाहते हैं। वे आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय नगर पालिका/नगर परिषद/जनपद कार्यालय में श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा हेतु 23 सितम्बर तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जमा कर सकते हैं। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तीर्थ यात्रियों से आग्रह करते हुए कहा मौसम के अनुरूप वस्त्रए व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तीर्थ यात्रियों से आग्रह करते हुए कहा मौसम के अनुरूप वस्त्रए व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री यथा चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यक दवाईयां, दाढी बनाने का सामान आदि साथ में रखा जाए।

# मध्यप्रदेश में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं : शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने भोपाल के युवाओं को रीवा जिले के भ्रमण के लिए किया रवाना

भोपाल (स्वतंत्र मत)



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने माँ तुझे सलाम योजना के तहत रीवा जिले के भ्रमण पर आए भोपाल संभाग के युवाओं के दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह दल रीवा जिले में महामृत्युंजय मंदिर, संग्रहालय, व्हाइट टाइगर सफारी, पुरवा प्रपात तथा बसामन मामा गौ-अभयारण्य का भ्रमण करेगा। कार्यक्रम का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश और विन्ध्य में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। रीवा संभाग में प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर वन और जलप्रपात तथा मैहर, चित्रकूट और अमरकंटक जैसे धार्मिक स्थल सभी को आकर्षित करते हैं। मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी, पन्ना नेशनल पार्क, संजय टाइगर रिजर्व, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, संजय दुबरी अभयारण्य अच्छे पर्यटन स्थल हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा को चारों ओर से हाईवे की कनेक्टिविटी है। यहाँ रेलमार्ग तथा पाँच प्रमुख शहरों के लिए एटीआर 72 की हवाई सेवा उपलब्ध है। कई लोग वीकेंड में हवाई जहाज से रीवा आते हैं और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करते हैं। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर प्लांट है जिसकी बिजली से दिल्ली की मेट्रो चलती है। बसामन मामा गौ-अभयारण्य में 9 हजार से अधिक गौ माता को आश्रय देने के साथ प्राकृतिक खेती का माडल भी विकसित किया गया है। गौपालन और प्राकृतिक खेती से ही हमारी भावी पीढ़ी स्वस्थ रहेगी। युवा पीढ़ी स्वस्थ रहेगी तभी विकास के कार्यों का लाभ उठा सकेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को पूर्ण विकसित करने और विश्वगुरू बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सपनों के भारत विकास का लाभ आज की जेन जी पीढ़ी यानी युवाओं को ही मिलेगा।

कार्यक्रम में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि भोपाल संभाग से आए युवाओं के दल ने सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ और भोपाल के युवा शामिल हैं। इन्हें दो दिवस तक जिले में भ्रमण कराया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, राजगोपाल मिश्रचारी, अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा युवा उपस्थित रहे।

# विशाल हिन्दू गौ सेवा रक्षा समिति द्वारा जेल में गौ माता की महाआरती





दमोह (स्वतंत्र मत)

विशाल हिन्दू गौ सेवा रक्षा समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में शनिवार को जिला जेल दमोह में गौ माता की महाआरती एवं जेल में विराजमान हनुमान जी की महाआरती का आयोजन किया गया। जेल परिसर में जय गौ माता, जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने स्वयं गौ माता की आरती कर सभी बंदी भाइयों को प्रसाद वितरित किया। वर्षों बाद गौ माता के दर्शन पाकर बंदी भाई भावुक हो गए।

अपने वक्तव्य में मीडिया से चर्चा करते हुए जेल अधीक्षक ने कहा कि जेल परिसर में जो गौशाला लंबे समय से बंद पड़ी है उसे आने वाले भविष्य में शासन के सहयोग से पुनः चालू करवाया जाएगा। गौशाला शुरू होने पर बंदी भाइयों से ही गौ माता की सेवा कार्य करवाया जाएगा जिससे उनमें सकारात्मक सुधार आएगा। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा कि जेल में जो भूतपूर्व में गौशाला थी जो अभी जर्जर अवस्था में बंद पड़ी है, उसमें सुधार करके सांसद एवं विधायक के सहयोग से नई गौशाला बनवाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। शैलेन्द्र अवस्थी और उनकी समिति का यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। अंत में समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र अवस्थी ने जिला जेल प्रशासन, एवं समस्त समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गौ सेवा ही हमारा परम धर्म है और हमारा प्रयास है कि हर जगह गौ माता का सम्मान हो। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश यादव नितिन यादव, जित्तू ठाकुर, गौरव चौरहा, प्रमोद यादव, शेरा जैन, सूरज यादव, हर्ष सोनी, राजा प्रजापति, परशु राठौर, सुनील खरे पथरिया, राजा, अमित यादव राजपूत, जितेन्द्र अवस्थी, राज महाकाल राकेश राजपूत गोविंद यादव सहित गौ भक्त उपस्थित रहे।

## गैस पाइप लाइन फटने से बड़ा हादसा, एक की मौत, 3 झुलसे

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह-जबलपुर मार्ग स्थित होटल रॉयल दमयंती में एक कार्यक्रम के दौरान गैस पाईप लाइन फटने से आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोग झुलस गए जिसमें से एक की मौत हो गई और दो लोगों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में बाहर से कैटरिंग के लिए बुलाई गई थी कैटरिंग सर्विस जो दमोह रॉयल दमयंती होटल में कैटरिंग करने आए हुए थे। सुरक्षा के किसी प्रकार के इंतजाम नहीं किए गए थे।

## 8 अक्टूबर को जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 8 अक्टूबर को जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित हैं। जो आवेदक मप्र के वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, महिलाओं के मामले में 2 वर्ष की छूट जो आयकर दाता नहीं है जो तीर्थ यात्रा के लिए जाना चाहते हैं।

# चरित्र शंका में पत्नी और तीन बच्चों की हत्या

हटा (स्वतंत्र मत)

## वारदात के बाद कुल्हाड़ी लेकर घर के बाहर बैठा रहा आरोपी पांच माह पहले पत्नी ने पति के खिलाफ दर्ज कराई थी मारपीट की रिपोर्ट

मगरोन थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव के वार्ड नंबर 15 में शनिवार सुबह एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या से सनसनी फैल गई। पति ने पत्नी और तीन बच्चों की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी घर में ही रहा और सुबह होने पर पड़ोस में रहने वाले अपने चाचा को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद की गई है।

मृतकों की पहचान खेमाबाई पटेल 30 उसकी सात वर्षीय बेटी उर्मिला, चार वर्षीय बेटे उमेश और एक वर्षीय बेटे राजा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पत्नी के चरित्र पर शंका को हत्या की वजह बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार पति.पत्नी के बीच करीब एक साल से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी और बच्चे सो गए। पुलिस के मुताबिकए तड़के करीब 4:30 बजे आरोपी ने सोते समय पत्नी और तीनों बच्चों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी कुछ समय तक घर में ही रहा। सुबह उजाला होने के बाद डायल-112 को सूचना दी गई। करीब छह बजे पुलिस को घटना की जानकारी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी घर के बाहर कुल्हाड़ी लेकर बैठा मिला।

### पांच माह पहले भी दर्ज हुई थी रिपोर्ट

मृतका के पिता बाबूलाल पटेल निवासी करैया भदौली ने बताया कि बेटी की शादी करीब नौ साल पहले हुई थी। पति शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। करीब पांच माह पहले भी हंसिया से हमला करने पर बेटी ने मगरोन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय पहुंचने के बाद राजीनामा हो गया था। उन्होंने बताया कि बेटी करीब आठ दिन पहले ही मायके से ससुराल आई थी। दो दिन पहले उसने फोन पर पति द्वारा शराब के नशे में मारपीट करने की जानकारी दी थी।

इसके बाद परिजन शुक्रवार को कबीरपुर पहुंचे और दामाद को समझाइश देकर लौट गए थे। घटना की सूचना पर एसडीओपी प्रिया सिंधी और थाना प्रभारी वंदना गौर सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। दमोह एसपी आनंद कलादगी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। सागर से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हत्या के कारणों और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# जन विश्वास अभियान से आमजन की समस्याओं के निराकरण को मिल रही गति : विधायक

दमोह (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत हटा में आयोजित शिविर के प्रारंभ में हटा विधायक उमादेवी खटीक एवं कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉल पर उपलब्ध जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली तथा हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हितग्राहियों को संबंधित योजनाओं की पात्रता, प्रक्रिया एवं लाभ के बारे में अवगत कराया। जनविश्वास शिविर में विधायक हटा उमादेवी खटीक ने एक टीबी मरीज को फूड बास्केट वितरित किया। इससे उपचार के साथ मरीज को पोषण संबंधी सहयोग भी मिलेगा साथ ही कमजोर नजर वाले स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित दो बच्चों को मंच से निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। चश्मा मिलने पर बच्चे के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में व्यक्त की गई अपेक्षाएं और भविष्यवाणी आज साकार होती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास और भारत को विश्व स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा गांव.गांव में विकास को गति देने, पात्र हितग्राहियों को उनका हक दिलाने तथा किसानों सहित आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए शिविर आयोजित कर व्यक्तिगत रूप से सुनवाई की जा रही है।जनविश्वास अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की व्यक्तिगत समस्याओं और लंबित कार्यों की जानकारी लेकर उनके निराकरण की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने कहा शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी लगन एवं तत्परता से कार्य किया जा रहा है। विधायक श्री खटीक ने कहा हटा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक विधायक के रूप में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने तथा जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन के जनकल्याण से जुड़े कार्यों का निराकरण करना तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है।

# तहसीलदार वाले बाबा का उर्स 25 और 26 को

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** हर साल की तरह इस साल भी सिविल वार्ड 1 पुराना तालाब के समीप दरगाह शरीफ हजरत किब्ला ख्वाजा अलहाज काजी शाह अलीमुद्दीन मंजूरूल हक कादरी चिश्ती निजामी नियाजी रहमतुल्लाह अलैह। हजरत तहसीलदार बाबा का 14 रबीउस्सानी 1448 हिजरी व मुताबिक 25 एवं 26 सितम्बर को 97वां उर्स मुबारक मनाया जा रहा है। दरगाह शरीफ व खानक़ाह नियाजिया के सज्जादा नशीन हज़रत किब्ला ख्वाजा सैयद आमिर अली नियाज़ी साहब ने उर्स के संबंध में बताया के 25 सितंबर को मीलाद शरीफ नात ख्वानी व तकरीर और 26 सितम्बर को बाद नमाज फजिर कुरआन ख्वानी और दोपहर 1:20 बजे विसाल की फ़ातिहा व शाम 4:30 बजे संदली चादर गश्त करते हुए बाद नमाज मगरिब 7 बजे हजरत तहसीलदार बाबा की मजारे अकदस पर चदर पोशी की जायेगी। बाद नमाज इशा महफिले समा कव्वाली और 27 सितम्बर को सुबह 5 बजे उर्स का समापन होगा। कुल शरीफ की फातिहा रात 3:20 बजे होगी। सभी से अपील है उर्स में आएं और उर्स को कामयाब बनाएं।



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलोनी जबलपुर में ऑफिस हॉल क्रमांक-02 श्री कृपाल ज्ञानानी पिता स्व. श्री हासानंद ज्ञानानी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27.12.2022 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त ऑफिस हॉल श्री कृपाल ज्ञानानी पिता स्व. श्री हासानंद ज्ञानानी के पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.04.2026 के माध्यम से श्रीमती सुमन चौरसिया पति श्री राजू चौरसिया को विक्रय किया है। अतः श्रीमती सुमन चौरसिया पति श्री राजू चौरसिया द्वारा उक्त ऑफिस हॉल उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण ऑफिस हॉल बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**



## स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं में नहीं बरती जाए कोताही

### निगमायुक्त ने किया ताबड़तोड़ निरीक्षण, दिए निर्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने खेरमाई, हनुमानताल, संजय गांधी वार्ड तथा अब्दुल हमीद वार्ड के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, कॉलोनियों, स्कूल परिसरों एवं संजीवनी क्लिनिक परिसर का सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि जनस्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उत्कृष्ट विद्यार्थियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र

### निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोसलपुर मे आयोजित मेरे सपनों का भारत के तहत चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरिया ने उत्कृष्ट प्रतिभा, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं प्रेरक प्रस्तुति पर छात्र-छात्राओं को उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान किऐ गये। यह प्रमाण-पत्र स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हस्ताक्षरित है। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह राजपूत, संस्था प्रमुख राजबहादुर सोनकर, धीरेंद्र भदोरिया, हेमचंद असाटी आदि उपस्थित रहे।





# सागर में जहरीली शराब से मौतों पर उठी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग

## मप्र हाईकोर्ट में दायर हुई जनहित याचिका

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सागर जिले के बंडा और शाहगढ़ तहसील क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों और कई लोगों के बीमार पड़ने के मामले में उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। दमोह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सिंह ने इस संबंध में मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इस मामले की सुनवाई 22 सितंबर को संभावित है। याचिका में मप्र शासन, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, आबकारी विभाग के प्रमुख सचिव, पुलिस महानिदेशक, आबकारी आयुक्त, कलेक्टर सागर, पुलिस अधीक्षक सागर, जिला आबकारी अधिकारी सागर और थाना प्रभारी बंडा को अनावेदक बनाया गया है। याचिका में अंतरिम राहत के तौर पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सागर को तत्काल जिले से स्थानांतरित करने के निर्देश की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि घटना की निष्पक्ष जांच के लिए जांच प्रक्रिया को संभावित प्रशासनिक प्रभाव से मुक्त रखना आवश्यक है।



### सक्रिय था मिलावटी शराब को नेटवर्क

याचिका में दावा किया गया है कि बंडा और शाहगढ़ क्षेत्र में मिलावटी शराब का नेटवर्क सक्रिय था। आरोप है कि सागर गोल्ड और बाम्बे व्हिस्की के नाम से शराब बेची जा रही थी। इसके सेवन से कई गांवों में लोग बीमार पड़े और मौतें भी हुईं। याचिकाकर्ता ने घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र तथ्य-अन्वेषण समिति गठित करने की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि घटना से पहले संदिग्ध शराब के स्टाक को कथित रूप से क्लीन चिट दी गई थी। साथ ही पूर्व में प्राप्त शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने का भी दावा किया गया है। याचिकाकर्ता ने संबंधित अधिकारियों की भूमिका की गहन जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की मांग की है।

### छिंदवाड़ा कफ सीरप कांड, दवा विक्रेता को मिली जमानत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** छिंदवाड़ा कफ सीरप कांड के मामले में मप्र हाईकोर्ट ने थोक दवा विक्रेता राजेश सोनी को जमानत का लाभ दिया है। न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ ने जमानत आवेदन पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है। मामले में आरोपी बनाए गए डॉ. एसएस ठाकुर की ओर से सुनवाई के दौरान जमानत आवेदन वापस लेने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए एकलपीठ ने आवेदन निरस्त कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद कफ सीरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन के मालिक रंगनाथन गोविंदन, केमिस्ट, तीन डॉक्टर सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। मामले में पूर्व में आरोपी बनाए गए ज्योति सोनी और सौरभ को भी जमानत मिल चुकी है। मामले में आरोपी बनाए गए डॉ. एसएस ठाकुर की ओर से जमानत के लिए आवेदन दायर किया गया था। सुनवाई के बाद उनकी ओर से आवेदन वापस लेने का आग्रह किया गया। एकलपीठ ने आग्रह स्वीकार करते हुए जमानत आवेदन निरस्त कर दिया।

# सरकार के खिलाफ होगा प्रदर्शन, 23 सितंबर को मनाया जाएगा नो यूपीआई डे

## यूपीआई पेमेंट पर शुल्क का जमकर हुआ विरोध




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

केंद्र सरकार के 2000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई भुगतान पर कथित शुल्क लगाने के फैसले का विरोध तेज हो गया है। शहर के घंटा घर में नागरिक उपभोक्ता मंच के पीजी नाजपांडे की अगुवाई में व्यापारियों और आम लोगों ने इस फैसले का खुलकर विरोध किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस शुल्क से आम आदमी और छोटे व्यापारियों पर सीधा आर्थिक बोझ पड़ेगा। इससे डिजिटल इंडिया के सपने को भी झटका लगेगा। इस विरोध के तहत 23 सितंबर को जबलपुर में नो यूपीआई डे मनाने का ऐलान किया गया है। इस दिन सभी लोग मालवीय चौक पर जमा होकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। वे लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए पर्चे भी बांटेंगे। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि सरकार इस फैसले को तुरंत वापस ले।

### पेट्रोल पंप संचालकों ने किया विरोध

आंदोलनकारियों का दावा है कि यह गुस्सा सिर्फ जबलपुर तक सीमित नहीं है। यह पूरे मप्र और देशभर में फैल रहा है। इंदौर में विरोध शुरू हो चुका है। वहीं, भोपाल में पेट्रोल पंप चलाने वालों ने 2000 रुपए से ज्यादा का ऑनलाइन भुगतान लेना बंद कर दिया है। उन्होंने नकद लेनदेन शुरू करने का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने यह शुल्क वापस नहीं लिया तो यह आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने कहा कि जनता में नाराजगी है और इसका असर केंद्र सरकार पर पड़ेगा।

### भ्रामक थी जीसीएफ कर्मचारियों को विक्रय किए गए गुलाब जामुन में कीड़े पाए जाने की खबर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीसीएफ के कर्मचारियों को कैन्टीन द्वारा विक्रय किये गये गुलाब जामुन के डिब्बों में चींटी एवं कॉकरोच जैसे कीड़े पाए जाने संबंधी समाचार दिनांक 30 अगस्त को प्रकाशित किया गया था। उक्त समाचार के संबंध मे निर्माणी प्रशासन द्वारा गंभीर आपत्ति जताए जाने के बाद कथित आरोपों का सत्यापन एवं पुष्टि कराई गई, जिसमें यह पाया गया कि उक्त खबर कतिपय कर्मचारियों द्वारा अफवाह के तौर पर फैलाई गई थी। जीसीएफ प्रशासन अपने कर्मचारियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रकार जीसीएफ कैन्टीन के विरूद्ध कथित समाचार की पुष्टि ना हो पाने के कारण उक्त समाचार के प्रकाशन पर हमे खेद है। हांलाकि समाचार का प्रकाशन किसी भी तरह से किसी व्यक्ति अथवा संस्था के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की नीयत से नहीं किया गया था।

### कृति लोकार्पण एवं अलंकरण समारोह आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सृजन, संस्कृति और संगीत को समर्पित संस्था अंतराष्ट्रीय मंथनश्री का वार्षिकोत्सव, कृति लोकार्पण एवं अलंकरण समारोह 20 सितम्बर को शाम 4 बजे से कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में होगा। मंथनश्री के अध्यक्ष संतोष नेमा संतोष महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि समारोह में पितृ नमन तथा वरिष्ठ साहित्यकार अमरेन्द्र नारायण की तीन कृतियों का लोकार्पण किया जाएगा। समारोह श्रीमद् जगतगुरु स्वामी डॉ. बाल गोविन्दाचार्य महाराज, परामबा धाम की उपस्थिति में होगा।

### हजारों कर्मचारी नियमित नियुक्ति और पदोन्नति से वंचित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की बैठक में महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने कहा कि संविदा आधार पर नियुक्त अनुकंपा आश्रितों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने और कर्मचारियों की पदोन्नति में बाधा बन रही सीपीसीटी परीक्षा पास के आदेश को निरस्त कर सभी को छूट देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने काफी समय पहले घोषणा की थी।

# भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई राधा अष्टमी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लघु काशी क्षेत्र गढ़ा स्थित युगल सरकार के



प्रसिद्ध पचमठा मंदिर में राधा अष्टमी के अवसर पर राधारानी का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। उत्सव का शुभारंभ प्रातः 4 बजे शुभ मुहूर्त में शहनाई वादन एवं दुलदुल घोड़ी गायन से हुआ। प्रातः 5.30 बजे विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति में राधारानी के प्राकट्य उत्सव पर विशेष पूजन एवं महाआरती की गई। इसके बाद प्रातः 9 बजे से युवा कलाकारों द्वारा बधाई गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। दधी-कंडों के दौरान मंदिर परिसर राधारानी के जयघोष से गूंज उठा। रात्रि 8 बजे से नृत्य गुरु मोती शिवहरे के निर्देशन में भव्य रासलीला का आयोजन प्रारंभ हुआ। रासलीला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन में ट्रस्ट के महंत कामता प्रसाद, डॉ. पवन स्थापक, अभिषेक शर्मा, पं रविशंकर गर्ग, डॉ. भूपेंद्र उपाध्याय, डॉ. आशीष मिश्रा, चंद्रशेखर शर्मा, अतुल मनोध्याय, मुकेश मिश्रा एवं नरेश मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

उपनगरीय क्षेत्र कृष्णा सिटी में शुक्ला परिवार द्वारा पिता स्व जगदीश प्रसाद शुक्ला की पावन स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। अजय प्रभा शुक्ला के निज निवास, दुर्गा माता मंदिर के पीछे आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा व्यास प संतोष शास्त्री के मुखारबिंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराया जा रहा है। इस आयोजन की प्रेरणास्त्रोत परिवार की पूज्य माता भागवती देवी शुक्ला हैं। ब्रह्मलीन पूज्य पिता जगदीश प्रसाद शुक्ला की पावन स्मृति को चिरस्थायी बनाने तथा परिवार एवं समाज में धर्म, संस्कार, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में शिव-राधा शुक्ला, अनिल मनीषा शुक्ला, अनुराग गरिमा शुक्ला, आयुष अंशिका शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# शहर से हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने तैयार की गई रणनीति

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



वायुसेवा संघर्ष समिति की बैठक में जबलपुर की हवाई कनेक्टिविटी को सुचारू, नियमित एवं विस्तारित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जबलपुर से इंदौर, पुणे, चेन्नई, अहमदाबाद, पटना, कोच्चि, गोवा सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए सीधी हवाई सेवाएं शुरू करने की आवश्यकता पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि जबलपुर महाकौशल क्षेत्र का प्रमुख व्यापारिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, पर्यटन एवं प्रशासनिक केंद्र है और बेहतर हवाई संपर्क क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। वायुसेवा संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि पुणे, इंदौर, पटना, चेन्नई, अहमदाबाद के लिए सीधी उड़ानों की मांग को प्राथमिकता के साथ संबंधित एयरलाइंस एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समक्ष रखा जाएगा। जबलपुर से वर्तमान में संचालित उड़ानों की नियमितता एवं स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस से संवाद किया जाएगा। इसी कड़ी में उन्होंने इंडिगो एयरलाइंस के उच्च सेल्स प्रबंधन से दूरभाष पर बात कर उन्हें इंदौर की बंद की गई फ्लाइट को पुनः आरंभ करने पर चर्चा की। इस दौरान वायुसेवा संघर्ष समिति के मनु शरत तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, आई के खन्ना, अभिषेक जैन, आदित्य जैन आदि उपस्थित रहे।

# स्कूटी पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खिल उठी मुस्कान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज पं. लज्जा शंकर झा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में जिले के 151 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की गई। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी सुना। सांसद आशीष दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना केवल स्कूटी प्रदान करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थियों में योग्यता और क्षमता होती है, लेकिन संसाधनों के अभाव में वे पीछे रह जाते हैं। सरकार ऐसे विद्यार्थियों को अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल आदि उपस्थित रहे।

### उचित समाधान के साथ निपटाओं जनता की समस्याएं: कलेक्टर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार लंबित शिकायतों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का नियमानुसार और संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निराकरण विभागीय स्तर पर संभव नहीं है उनमें पत्राचार किया जाए।

# शहरवासियों ने देखा 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष श्री संजय यादव के नेतृत्व में आज राहुल गांधी जी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का जबलपुर जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं प्रमुख स्थानों पर लाइव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बेलखेड़ा ब्लॉक चुंगी नाका, पाटन सामुदायिक भवन, कटंगी टीन शेड सामुदायिक भवन, मझौली गांधी भवन, शाहपुरा कॉलेज, बरगी गंगा पुलिस चौकी क्षेत्र, बरेला थाना के सामने, पनागर मुख्य बाजार, महाराजपुर कांग्रेस कार्यालय, गोसलपुर कांग्रेस कार्यालय, कुंडम मुख्य बाजार तथा सिहोरा कांग्रेस कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने एकत्रित होकर लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, वीरेंद्र चौबे, रूपेंद्र पटेल, राजेश पटेल, विवेक यादव, अजीत परिहार, सतेंद्र चौबे आदि उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को व्यापक रूप से सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के विभिन्न स्थानों पर लाइव प्रसारण के माध्यम से कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने कार्यक्रम से जुड़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# हिरन नदी में हो रहा था अवैध रूप से रेत का खनन माइनिंग विभाग की दबिश से मची भगदड़

## अवैध रेत खनन के काम पर लगी बोट को नष्ट कर पकड़ा रेत से भरा ट्रैक्टर

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



हिरन नदी के हरगढ़ घाट पर शुक्रवार को प्रशासन ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए रेत से भरा ट्रैक्टर पकड़ा। घाट पर रेत निकालने के लिए इस्तेमाल की जा रही बोट को नष्ट कराया गया। बोट से निकाली गई रेत को भी प्रशासनिक अमले ने नदी में बहाकर नष्ट किया। पकड़े गए ट्रैक्टर को खितौला थाने में खड़ा कराया गया। माइनिंग विभाग ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन का प्रकरण दर्ज किया है। सिहोरा एसडीएम ज्योति परस्ते के नेतृत्व में तहसीलदार सुमित कुमार गुप्ता, आरआई और पटवारी की टीम ने हरगढ़ हिरन नदी घाट पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ा गया। घाट पर रेत निकालने के लिए उपयोग की जा रही बोट को नष्ट कराया गया और मौके पर मिली रेत को नदी में बहा दिया गया।

### बारिश के बाद बहकर आई रेत पर नजर

बारिश के बाद पानी के साथ बहकर आई रेत को कथित तौर पर रेत माफिया बोट लगाकर निकाल रहे हैं। हिरन नदी के घाटों में लगातार रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन ट्रैक्टर, हाईवा और डंपरों से किए जाने की शिकायतें हैं। इससे अंचल की जीवनदायनी हिरन नदी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों को कहना है कि हरगढ़ में कार्यवाही के बावजूद गोसलपुर, मझगवां और मझौली क्षेत्र में कथित तौर पर रैंप बनाकर बड़े पैमाने पर हिरन नदी से रेत निकाली जा रही है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.